दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 04 | जयपुर | बुधवार, 06 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष पंचमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## विदेश मंत्री जयशंकर बोले- बॉर्डर से पीछे हटीं भारत-चीन सेनाएं

### जल्द मिलेंगे दोनों देशों के विदेश मंत्री और एनएसए; 21 अक्टूबर को समझौता हुआ था



बढ़ता राजस्थान

**कैनबरा ( एजेंसी )।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को बताया कि चीन के साथ डिसइंगेजमेंट चैप्टर अब खत्म हो गया है। दोनों देशों की सेनाएं LAC से लगे देपसांग और डेमचोक के विवादित क्षेत्र से अपनी वापसी का काम पूरा कर चुकी हैं। अब मामला काफी आगे बढ़ चुका है। जयशंकर कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पैनी वोंग के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।

जयशंकर ने कहा- डिसइंगेजमेंट पूरा होने के बाद अब दोनों देशों का फोकस डी-एस्केलेशन पर होगा। इसके लिए विदेश मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की जल्द ही बैठक होगी। जयशंकर ने किसी तारीख का जिक्र नहीं किया।

सैनिकों की संख्या कम करना चुनौती प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, 'एक बार जब सैनिकों के सीमा से पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी तो हमारे पास अन्य चुनौतियां होंगी। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों में दोनों ओर सैनिकों की संख्या कम करना भी शामिल है।

जयशंकर बोले- ब्रिक्स की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बातचीत हुई है। इसमें दोनों देशों ने अपने विदेश मंत्री और NSA के बीच बैठक को लेकर सहमति दी है। पीएम मोदी ने तब कहा था कि दोनों देशों के संबंध हमारे लोगों, वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए जरूरी हैं।

2020 में बिगड़ने शुरू हुए थे रिश्ते भारत, चीन के साथ 3 हजार 440 किमी लंबा बॉर्डर साझा करता है। दोनों देशों के बीच 2020 में सीमा पर तनाव शुरू हुआ। इस दौरान पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारत-चीन के सैनिकों के बीच बीते एक दशक की गंभीर झड़प हुई थी। इसमें 20 भारतीय जवान शहीद हुए थे। चीन के भी कई सैनिक मारे गए थे।

## बिहार कोकिला के नाम से मशहूर शारदा सिन्हा का निधन

### छठ गीतों से मशहूर हुईं, पर्व के पहले दिन दिल्ली एम्स में ली अंतिम सांस



बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** दिल्ली एम्स में भर्ती लोक गायिका शारदा सिन्हा का मंगलवार को निधन हो गया। सोमवार शाम से उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। तबीयत बिगड़ने के बाद 26 अक्टूबर को उन्हें एम्स में भर्ती किया गया था। वो आईसीयू में थी। 3 नवंबर को हालत में थोड़ा सुधार होने पर वार्ड में शिफ्ट किया गया। लेकिन 4 नंवबर की शाम को उनका ऑक्सीजन लेवल काफी गिर गया था, जिसके बाद से वो वेंटिलेटर पर थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान सिन्हा से आज फोन पर बात की थी। उन्होंने शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। वही, आज केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए दिल्ली एम्स पहुंचे थे। यहां उन्होंने बिहार कोकिला के परिजनों एवं डॉक्टरों से मुलाकात की थी। इससे पहले कल शाम केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बिहार कोकिला से मिलने दिल्ली एम्स पहुंचे थे। शारदा सिन्हा को 3 नवंबर को ही प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट किया गया था। उनका ऑक्सीजन लेवल कम हो रहा था, जिसके कारण उन्हें फिर से 4 नवंबर को आईसीयू में शिफ्ट किया गया। पिछले 11 दिनों से वे दिल्ली एम्स में भर्ती थी। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें मेडिकल आंकोलॉजी वार्ड में भर्ती कराया गया था। उन्हें काफी समय से खाने-पीने में दिक्कत हो रही थी, जिसके लिए उनका इलाज भी चल रहा था। 26 अक्टूबर की सुबह उनकी तबीयत काफी ज्यादा खराब हो गई थी।

## गुजरात के आणंद में बुलेट ट्रेन ट्रैक का पुल गिरा

### 2 मजदूरों की मौत, एक गंभीर घायल; एक की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



बढ़ता राजस्थान

**आणंद ( एजेंसी )।** गुजरात के आणंद में बुलेट ट्रेन के लिए बनाए जा रहे ट्रैक का निर्माणाधीन पुल गिर गया है। पुल के मलबे में कई लोगों के दबे होने की जानकारी मिली है। आणंद जिले के पुलिस अधीक्षक जी. जी. जसानी ने बताया कि वासद के पास बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट चल रहा था, जिसमें लोहे की जाली गिरने से तीन से चार मजदूरों के दबने की सूचना मिली थी। 2 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर को बचा लिया गया है। अभी एक मजदूर के फंसे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

बुलेट ट्रेन के 12 पुलों का निर्माण पूरा हो चुका मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारे के लिए गुजरात में कुल 20 नदी पुल में से 12 का निर्माण पूरा हो गया है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ह्॥स्क्रष्टरु) ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुजरात के नवसारी जिले में खरेरा नदी पर 120 मीटर लंबा पुल हाल ही में पूरा हुआ है। इसके साथ ही 12 पुल का निर्माण पूरा कर लिया गया है। 508 किलोमीटर लंबा है ट्रैक मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारा कुल 508 किलोमीटर लंबा है। इस प्रोजेक्ट में गुजरात का 352 किलोमीटर और महाराष्ट्र का 156 किलोमीटर हिस्सा शामिल है। इसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, अहमदाबाद, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद और साबरमती जैसे कुल 12 स्टेशन बनाने की योजना है।

## जल जीवन मिशन के कामों के लिए 658 करोड़ स्वीकृत

### सीएम भजनलाल ने कहा-पिछली सरकार ने इस योजना को गंभीरता से नहीं लिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए सरकार ने 658.12 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। इस राशि से 23 जिलों के 46 पंचायत समितियों के 507 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत काम होंगे। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस कदम से जल जीवन मिशन के कार्यों को गति मिलेगी। वहीं इन जिलों के 1.12 लाख घरों में घरेलू जल कनेक्शन भी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। लेकिन पिछली सरकार ने इस योजना को गंभीरता से नहीं लिया। जिसकी वजह से निर्धारित समय से काम पूरे नहीं हो सके। लेकिन अब राज्य सरकार हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। योजना को गति देने के लिए 658.12 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

#### प्रदेश के इन जिलों के लिए राशि स्वीकृत

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बताया कि प्रदेश के अजमेर, बालोतरा, बारां, भरतपुर, चित्तौडगढ़, डीग, धौलपुर, गंगापुरसिटी, हनुमानगढ, जैसलमेर, झालावाड़, जोधपुर, करौली, केकड़ी, पाली, सवाईमाधोपुर, सिरोही, श्रीगंगानगर और उदयपुर जिले की 33 पंचायत समितियों के 413 गांवों के लिए 520.28 करोड़ रूपए से 137



कार्यादेश जारी किए जाएंगे। इन स्वीकृतियों से ना केवल जल जीवन मिशन के कार्यों को गति मिलेगी। बल्कि इन जिलों के गांवों में रहने वाले व्यक्तियों को योजना के तहत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। जो कि हर घर जल के सपने को साकार करेगा।

#### चुनावों के बाद इन जिलों में होंगे काम

जलदाय मंत्री ने बताया कि प्रदेश के अलवर, डूंगरपुर, झुंझुनु और सलूंबर में अभी आदर्श आचार संहिता लगी हुई हैं। ऐसे में इन जिलों में अभी कार्यादेश जारी नहीं होंगे। चुनाव के बाद इन जिलों में भी योजना के तहत कार्यादेश जारी किए जाएंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना के तहत 46.31 लाख (48 प्रतिशत) घरों में घरेलू जल कनेक्शन दिया जा चुका हैं।

## सरस अब घी की होम डिलीवरी करेगा

### 15 लीटर के 5 टिन का ऑर्डर पर मिलेगी सुविधा; शादी समारोह को देखते हुए लिया निर्णय

जयपुर। जयपुर जिला दुग्ध सहकारी संघ लि. (जयपुर डेयरी) अब जयपुर शहर में लोगों को सरस घी की होम डिलीवरी करेगा। शादी समारोह के त्योहार को देखते हुए जयपुर डेयरी प्रबंधन ने इसका पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसका अच्छा रिस्पॉन्स मिलने के बाद डेयरी प्रबंधन शादियों के लिए दूसरे दुग्ध उत्पाद (दूध, दही, पनीर, आइसक्रीम समेत अन्य उत्पाद) की भी डिलीवरी शुरू करने की तैयारी है।

जयपुर डेयरी एमडी मनीष फौजदार ने बताया- लोग शादी के सीजन में बड़ी मात्रा में घी लेने के लिए जयपुर डेयरी के प्लांट आते हैं। ऐसे में लोगों की सुविधा के लिए हमने उनको घर पर घी पहुंचाने का निर्णय किया है। ये सुविधा 6 नवंबर यानी बुधवार से शुरू हो जाएगी।

## भारत में खास किस्म का है जातिगत भेदभाव, आरक्षण में 50% की बाधा हटाकर ही रहेंगे : राहुल

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि वह तेलंगाना में जाति आधारित जनगणना सुनिश्चित करने के साथ ही देश में जाति आधारित जनगणना के लिए राज्य को एक मॉडल के रूप में पेश करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। राज्य सरकार द्वारा छह नवंबर से शुरू किए जाने वाले जाति सर्वेक्षण से पहले यहां तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जाति आधारित जनगणना भेदभाव की सीमा और प्रकृति का आकलन करने के लिए शुरू की जाने वाली पहली प्रक्रिया है।

उन्होंने कहा, ''इसलिए, मैं यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं कि न केवल तेलंगाना में जाति आधारित जनगणना हो, बल्कि तेलंगाना देश में जाति आधारित जनगणना के लिए एक मॉडल बन जाए।'' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भारत में ''एक अलग ही तरह'' का जातिगत भेदभाव है और ये संभवत: विश्व में सबसे खराब है।

उन्होंने कहा, ''देश में 50 प्रतिशत आरक्षण की कृत्रिम बाधा को खत्म किया जाएगा।'' लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें आश्चर्य है कि प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से यह क्यों नहीं कहा कि वह भारत में भेदभाव के विचार को चुनौती देना चाहते हैं। राहुल गांधी ने पूछा, ''प्रधानमंत्री यह पूछने से क्यों डरते हैं कि कॉरपोरेट, न्यायपालिका, मीडिया में कितने दलित, ओबीसी, आदिवासी हैं।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि संसद में उन्होंने पार्टी की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराने का वादा किया है।

राहुल गांधी ने हैदराबाद के बोवेनपल्ली में गांधी विचारधारा केंद्र में जाति जनगणना पर बुद्धिजीवियों और बीसी (पिछड़े वर्ग) समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जातिगत भेदभाव असमानता को कायम रखता है।

## सलमान को लॉरेंस के नाम से धमकी देने वाला गिरफ्तार

### पुलिस ने कर्नाटक से पकड़ा; कहा था- जिंदा रहना है तो बिश्नोई मंदिर जाकर माफी मांगो

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** सलमान खान को मंगलवार सुबह फिर लॉरेंस के नाम से धमकी मिली। मुंबई कंट्रोल रूम में आए मैसेज में कहा गया कि अगर सलमान खान काले हिरण का शिकार करने पर बिश्नोई समाज की मंदिर जाकर माफी नहीं मांगते या 5 करोड़ रुपए नहीं चुकाते तो उनकी जान जा सकती है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने कर्नाटक से गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम विक्रम है। मामले की जांच के लिए पुलिस आरोपी को मुंबई लाएगी।

दरअसल, मुंबई पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल रूम के पास सोमवार रात (4 अक्टूबर) को एक मैसेज आया था। आधी रात को एक अधिकारी की नजर उस मैसेज पर गई। मैसेज में लिखा गया था, अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहता है तो उसे हमारे मंदिर जाकर माफी मांगनी पड़ेगी या 5 करोड़ रुपए देने होंगे। हमारी गैंग आज भी एक्टिव है। सलमान को अक्टूबर में दो बार धमकी मिली थी 25 अक्टूबर: एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान के ऑफिस में एक मैसेज किया गया था, जिसमें 2 करोड़ रुपए की मांग भी की गई थी। कहा गया था कि अगर सलमान और जीशान पैसे नहीं देते तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा।

## 900 करोड़ का घोटाला, पूर्व मंत्री समेत 22 पर एफआईआर

### ईमेल आईडी से सामने आए अधिकारियों के नाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जल जीवन मिशन (जेजेएम) में हुए घोटाले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो( एसीबी) ने पूर्व मंत्री महेश जोशी समेत 22 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसमें जेजेएम के वित्तीय सलाहकार, चीफ इंजीनियर, एडिशनल चीफ इंजीनियर, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के नाम शामिल है।

इस पूरे मामले में एसीबी को ईमेल आईडी से बड़ी लीड मिली। एक-एक आईडी की जांच करने पर सभी अधिकारियों के नामों का खुलासा हुआ। जो फर्जी सर्टिफिकेट पर टेंडर देकर भ्रष्टाचार कर रहे थे। एसीबी के अनुसार बहरोड़ में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मायाराम सैनी से हुई पूछताछ से सामने आया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी ) में जेजेएम के काम में भ्रष्टाचार हुआ है। महेश मित्तल और पदमचंद जैन ने फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर राजस्थान में विभिन्न स्थानों पर टेंडर लिए। टेंडर लेने में भी भारी भ्रष्टाचार किया गया।



#### फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों से टेंडर हासिल किया

एसीबी की जांच में यह भी पुष्टि हुई है कि महेश मित्तल और पदमचंद जैन ने इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर टेंडर लिए। अधिकारियों ने इसे अनदेखा किया। अयोग्य फर्मो को टेंडर देकर लगातार भुगतान करते रहे। जांच पूरी होने पर 18 जनवरी को 2024 को एसीबी ने एफआईआर दर्ज की थी। इसकी जांच एडिशनल एसपी एसीबी विशनाराम को दी गई थी। जांच के दौरान पुष्टि हुई कि भ्रष्टाचार और फर्जी बनाए गए सर्टिफिकेट से टेंडर लिए गए। इनमें मुकेश पाठक और पदमचंद जैन के साथ अधिकारी भी शामिल रहे।

## कश्मीर के बांदीपोरा में एनकाउंटर, एक आतंकी ढेर

### केटसुन के जंगलों में एक और आतंकी के छिपे होने की खबर; सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** कश्मीर के बांदीपोरा के केटसुन फॉरेस्ट एरिया में मंगलवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षाबलों को बांदीपोरा के चूंटपाथरी फॉरेस्ट में आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी। जिसके बाद इलाके की घेराबंदी की गई और तलाशी अभियान शुरू किया गया।

सर्चिंग के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आतंकी मारा गया। हालांकि इलाके में एक और आतंकी के छिपे होने की आशंका है। एनकाउंटर अभी जारी है।

इससे पहले 2 नवंबर को भी श्रीनगर के खानयार में मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी मारा गया था। इस एनकाउंटर में चार जवान घायल हुए थे। पिछले 5 दिन में चौथा एनकाउंटर नवंबर महीने की शुरुआत में ही सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच श्रीनगर, बांदीपोरा और अनंतनाग में 3 एनकाउंटर हो चुके हैं।

इनमें 4 जवान घायल हुए थे और 3 आतंकी मारे गए थे। 2 नवंबर को मारे गए आतंकियों में से एक की पहचान जाहिद राशिद के रूप में हुई। वहीं दूसरा अरबाज अहमद मीर था। दोनों को पाकिस्तान से ट्रेनिंग मिली थी। बांदीपोरा में चौथा एनकाउंटर



चल रहा है। आतंकियों का मददगार भी पकड़ा गया इस बीच, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 22आरआर और 92 बटालियन के साथ मिलकर आतंकवादियों के एक सहयोगी को भी गिरफ्तार किया। इसकी पहचान आशिक हुसैन वानी के रूप में हुई है, जो जम्मू-कश्मीर के सोपोर में तुजार शरीफ का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्तौल, सात जिंदा राउंड और एक मैगजीन बरामद की है।

## वोटिंग से 8 दिन पहले झारखंड में सीबीआई का बड़ा एक्शन, 16 जगह डाली रेड

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** झारखंड में चुनाव से पहले सीबीआई की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। अवैध पत्थर खनन पर एक बड़ी कार्रवाई में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तीन राज्यों में 16 स्थानों पर छापेमारी की और 50 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी, एक किलोग्राम सोना, एक किलोग्राम चांदी और कई संपत्ति जब्त की है। अधिकारियों के अनुसार, जांच एजेंसी वर्तमान में 16 स्थानों पर छापेमारी कर रही है, जिसमें झारखंड में 14, पटना में एक और कोलकाता में एक जगह शामिल है। हालिया बरामदगी झारखंड के प्रसिद्ध निम्बू पहाड़ क्षेत्र से मूल्यवान पत्थरों की कथित अवैध निकासी के संबंध में सीबीआई जांच का हिस्सा थी।

आरोप है कि इन पत्थरों का बिना अनुमति के खनन किया गया और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेचा गया। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर अवैध खनन मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद छापेमारी की गयी।


सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया रामाज रिसॉर्ट का अवलोकन, हेरिटेज शैली की तारीफ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मंगलवार को टोंक स्थित रामाज् रिसोर्ट पर डिप्टी सीएम का पुष्प गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया । रामाज् रिसोर्ट के नये रिसोर्ट का अवलोकन किया गया । डिप्टी सीएम अपनी टीम के साथ डिनर किया । रिसोर्ट ऑनर मोहित टेलर ने बताया कि डिप्टी सीएम ने खाने की खूब तारीफ़ की और काफ़ी प्रशंसा की आपके यहाँ की मेहमान नवाजी और फ़ूड टेस्ट सभी लोगो को लुभाता है ।

**हेरिटेज शैली को सराहा**

डॉ. बैरवा ने रिसोर्ट में हेरिटेज शैली को बरकरार रखने के प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि यह रिसोर्ट विदेशी सैलानियों और पर्यटकों के लिए एक मिसाल साबित होगा।






## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से मेरिल के एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग सेंटर का किया उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारत की प्रमुख ग्लोबल मेडटेक कंपनी मेरिल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के तहत मेरिल के अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्रभाई पटेल भी मौजूद रहे।

मेरिल मेडिकल उपकरणों का प्रमुख निर्माता और निर्यातक है। कंपनी ने मेक इन इंडिया के तहत उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण बनाकर देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत किया है। इसके द्वारा भारत की विदेशों पर निर्भरता कम करने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान दिया जा रहा है।

2024 के वाइब्रेंट गुजरात समिट में मेरिल ने गुजरात सरकार के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसमें मेडिकल उपकरण क्षेत्र में 910 करोड़ रुपये का नया निवेश करने का वादा किया गया। अब तक, मेरिल ने 1,400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जो भारत के मेडिकल टेक्नोलाजी क्षेत्र को विकसित करने में योगदान दे रहा है। नए निवेश से 5,000 नौकरियां पैदा होंगी और महत्वपूर्ण मेडिकल उपकरणों के आयात में कमी आएगी।

पीएलआई योजना के तहत, मेरिल के चार समूह की कंपनियां जो स्ट्रक्चरल हार्ट, वेस्कुलर इंटरवेंशंस, ऑर्थोपेडिक्स, और एंडो सर्जरी में काम करती हैं, उन्हें शामिल किया गया है, जिससे आवश्यक उपकरणों का घरेलू उत्पादन हो सकेगा। विवेक शाह, सीईओ, मेरिल ने कहा हम भारत की आत्मनिर्भर स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि को साकार करने के लिए पीएलआई योजना के तहत मान्यता प्राप्त होने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह नया केंद्र हमारे नवाचार और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिससे हम 150 से अधिक देशों में उन्नत स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं। भारत और विदेश में स्थित 12 मेरिल अकादमियों के माध्यम से, हम शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं, जिससे दुनियाभर के स्वास्थ्य पेशेवरों को सशक्त बना सकें।

# केयर ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल नौ नवम्बर से

- देशभर के प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञ, संस्थान और हजारों प्रतिभागी ले रहे एक साथ भाग
- इवेंट में बॉलीवुड अभिनेत्री मुग्धा गोडसे और बॉलीवुड गायक रविंद्र उपाध्याय होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस प्राईवेट लिमिटेड (जेएचडब्लू) की एक विशेष पहल के अंतर्गत केयर ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल (जीएचडब्लूएफ) का आयोजन नौ और दस नवंबर को जयपुर के प्रसिद्ध बीएम बिड़ला ऑडिटोरियम में होने जा रहा है। इस फेस्टिवल में देशभर के प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञ,संस्थान और हजारों प्रतिभागी एक साथ भाग ले रहे हैं। जेएचडब्लू के संस्थापक और सीईओ हिम्मत सिंह ने बताया कि यह सिर्फ एक हेल्थ इवेंट नहीं बल्कि भारत का सबसे बड़ा हेल्थ फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल में भारत के पन्द्रह शीर्ष अस्पताल, प्रमुख डॉक्टर्स की उपस्थिति और सभी प्रतिभागियों के लिए पन्द्रह हजार रुपये के फ्री मेडिकल टेस्ट शामिल हैं। इस हेल्थ फेस्टिवल का उद्देश्य है कि हेल्थकेयर को और अधिक सुलभ और रोचक बनाना। फेस्टिवल में होम्योपैथी, डेंटल केयर, आयुर्वेद और फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञ शामिल होंगे। जो प्रतिभागियों को स्वास्थ्य और वेलनेस का समग्र दृष्टिकोण देंगे। इस इवेंट को और फायदेमंद बनाने के लिए हर प्रतिभागी को एक फ्री हेल्थ बुकलेट भी दी जाएगी। जिससे उन्हें पूरे साल फ्री और डिस्काउंटेड ओपीडी सेवाओं का लाभ मिलेगा। जेएचडब्लू के सह-संस्थापक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार फेस्टिवल में दस टॉक शो और पैनल डिस्कशन रखे गए हैं। जिनमें देशभर के प्रमुख विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह एक अनोखा मंच है जहाँ लोग प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों से मिल सकेंगे और स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानेंगे। इस साल फेस्टिवल में एक लाख से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। इसके अलावा दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की भी कोशिश होगी। पहला सबसे अधिक बीमा सलाहकारों को एक छत के नीचे लाने, जिसमें लगभग दो हजार सलाहकार हिस्सा लेंगे। दूसरा सबसे अधिक वरिष्ठ नागरिकों का एक जगह पर एकत्रित होना। जिसमें डेढ हजार वरिष्ठ नागरिक हिस्सा लेंगे। इस इवेंट में बॉलीवुड तड़का लगाने के लिए अभिनेत्री मुग्धा गोडसे और राजस्थान से बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक रवींद्र उपाध्याय जैसे मशहूर कलाकार भी शामिल होंगे। रवींद्र उपाध्याय दस नवंबर को गाला नाइट में परफॉर्म भी देंगे, जहाँ टॉप डॉक्टरों और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस फेस्टिवल का उद्घाटन राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री करेंगे और समापन समारोह की अध्यक्षता राजस्थान के उप मुख्यमंत्री द्वारा की जाएगी।

## संगीत के सुकून के साथ हेल्थ और वेलनेस के मंत्र देगा एसके वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट

### 21-22 दिसंबर को एंटरटेनमेंट पैराडाइज के पीकॉक कोर्ट में होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुरवासी हेल्थ और वेलनेस के मंत्रों से रूबरू होने के लिए तैयार रहें। जल्द ही अपने तरह के खास चौथे एसके वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट-2024 का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति युवा संस्था द्वारा एसके फाइनेंस के सहयोग से 21-22 दिसंबर को जयपुर एंटरटेनमेंट पैराडाइज के पीकॉक कोर्ट में फेस्टिवल का आयोजन होगा। इसमें एक्सपर्ट्स हेल्थ और वेलनेस के टिप्स देंगे साथ ही एंटरटेनमेंट का डोज भी मिलेगा। विश्व स्तरीय महोत्सव में हेल्थ, कॉरपोरेट और स्पिरिचुअल एक्सपर्ट्स के साथ-साथ सिने जगत के सितारे भी मंच साझा करेंगे। फेस्ट में 25 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। फेस्ट के सह-संस्थापक नरशिंत शर्मा और मुकेश मिश्रा ने बताया कि फेस्टिवल में हेल्थ एंड वेलनेस के अलग अलग आयामों से जुड़े 100 से अधिक एक्सपर्ट विभिन्न सेशंस के जरिए अपनी बात रखेंगे। फेस्टिवल का मंच समाज को एक स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली की ओर अग्रसर करने के लिए प्रेरणा स्त्रोत के रूप में काम करेगा। इस बार ऐसे सत्र और गतिविधियों को भी शामिल किया गया है जो लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक करेगी और मानसिक व शारीरिक रूप से सशक्त भी बनाएंगी। वहीं आयोजन समिति के चेयरमैन अमित अग्रवाल ने कहा कि फेस्ट के जरिए हेल्थ, वेलनेस के टिप्स के साथ-साथ मनोरंजन के माध्यम से आगंतुक अद्वितीय अनुभव हासिल करेंगे।

मुकेश मिश्रा ने बताया कि फेस्ट में कबीर कैफे बैंड की लाइव परफॉर्मेंस आगंतुकों को झूमने पर मजबूर कर देगी। बॉलीवुड सेलिब्रिटीज, मोटिवेशनल स्पीकर्स, हेल्थ एक्सपर्ट्स और लाइफस्टाइल गुरुओं की उपस्थिति इस फेस्ट को खास बनाएगी। वेलनेस, योग, फिटनेस और मेडिटेशन से जुड़े कई सेशंस भी शामिल किए गए हैं। साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस स्टार्टअप सेशन एंड अवॉर्ड्स, एच आर वेलनेस सेशन एंड अवॉर्ड्स, चेस टूर्नामेंट, युद्धम, वर्कशॉप और हेल्थ एंड लाइफस्टाइल एग्जीबिशन, हील विथ म्यूजिक जैसी गतिविधियां कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। इसके अलावा देश-विदेश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की सलाहकार टीम आयोजन को पिछले तीन सीजन के मुकाबले बेहतर और एंटरटेनिंग बनाने में पुरजोर जुटी हुई है।

## नहाय खाय के साथ डाला छठ महापर्व शुरू, आज होगा खरना व्रत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सूर्योपासना का महापर्व डाला छठ मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। बिहार, उत्तराखंड, झारखंड सहित अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं ने मंगलवार सुबह पवित्र नदियों के जल मिले पानी से स्नान किया। छठ मैया से व्रत निर्विघ्न पूरा होने की कामना की। सुबह पांच घरों में जाकर छठ माता के लिए भेंट मांग कर लाए। देने वालों ने भी बिना कुछ पूछे सामान दिया। बुधवार को दूसरे दिन खरना व्रत होगा। व्रती खरना की पूजा करेंगे। छठ करने वाले श्रद्धालु पूरे दिन निर्जला उपवास कर शाम को भगवान भास्कर की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। प्रसाद पाने के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला अनुष्ठान का संकल्प लेंगे। तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। बिहार समाज संगठन का डाला छठ महापर्व किशन बाग शास्त्री नगर में मनाया जाएगा। प्रवक्ता संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस व्रत की तैयारी भाई दूज के पूजा के बाद शंरू हो जाती है। मिट्टी के चूल्हे बनाकर गेहूं धोए गए। पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। गेहू को बच्चे हाथ नहीं लगा दे या कोई जानवर नहीं आ जाए इसका पूरा ध्यान रखा जाता है। यह एक ऐसा व्रत जिसमें अमीर-गरीब का कोई भेदभाव नहीं है। छठ पर्व के चौथे एवं अंतिम दिन सुबह यानि उगते सूर्य को व्रती घाटों या कृत्रिम घाट से उदीयमान सूर्य को दूध तथा जल से अर्घ्य देंगे। इसके साथ ही 36 घंटे से चला आ रहा निर्जला उपवास भी पूर्ण होगा। गलताजी, एनबीसी के पीछे दुर्गा विस्तार कॉलोनी, शास्त्रीनगर किशन बाग, दिल्ली रोड , प्रताप नगर, मालवीय नगर, मुरलीपुरा, गणेश वाटिका, आमेर मावठा, निवारू रोड, कटेवा नगर, रॉयल सिटी माचवा, विश्वकर्मा, झोटवाडा, जवाहर नगर, आदर्श नगर, सिरसी रोड सहित अन्य क्षेत्रों में डाला छठ महापर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।

## कीमैक्स रियल एस्टेट ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के निदेशक के रूप में सीकर रामगढ़ के अमित दाहिया को किया नियुक्त

### कंपनी को मिला 25 वर्ष का रियल एस्टेट में एक्सपीरियंस होल्डर निदेशक

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** दुबई में इस समय दुनिया की सबसे तेज बढ़ती हुई रियल एस्टेट एजेंसी कीमैक्स निदेशक के रूप में राजस्थान सीकर जिले के रामगढ़ तहसील के अमित दाहिया को निदेशक के रूप में कीमैक्स रियल एस्टेट दुबई ने नियुक्त किया।अमित पिछले 25 वर्षों से अधिक रियल एस्टेट में अनुभवी हैं उनके द्वारा कंपनी को वैश्विक दृष्टिकोण और मिशन को मजबूती मिलेगी । कीमैक्स रियल एस्टेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अली सुलेमान ने कहा की अमित दाहिया को बोर्ड में पाकर काफी रोमांचित है उनके व्यापक अनुभव अंतरराष्ट्रीय बाजार में गहरी समझ और विशेषज्ञ कंपनी के लिए सहायक होगी । अमित दाहिया ने कहा कि ऐसा रोमांचक समय में कीमैक्स रियल स्टेट से जुड़कर काफी सम्मानित महसूस कर रहे हैं वैश्विक दृष्टि और व्यापार रणनीति को आगे बढ़ाने ऐसा असाधारण उच्च मूल्य वाले रियल स्टेट निवेश प्रदान करने के लिए टीम के साथ काम करने के लिए बेहद उत्सुक है।निदेशक ने कहा अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय के रूप में अमित दाहिया कीमैक्स रियल एस्टेट के अंतरराष्ट्रीय विस्तार की स्थापना और देखरेख विस्तार जिम्मेदारी होगी। यह सुनिश्चित करते हुए कि कंपनी अपनी वैश्विक उपस्थिति की बढ़ती जरूरत को पूरा करती रहे। कीमैक्स रियल एस्टेट दुबई की रियल एस्टेट बाजार में एक अग्रणी ताकत के रूप में अपनी प्रतिष्ठा मजबूत कर रहा है 2017 में इसकी स्थापना हुई और तब से लेकर आज तक की मैक्स ग्राहक सेवा में उच्चतम मानकों को सुरक्षित करता है उत्कृष्ट के प्रति यह प्रतिबंध कीमैक्स रियल एस्टेट को एक निश्चित नेता के रूप में स्थापित करती है जो लगातार विकसित हो रहे रियल एस्टेट उद्योग में निरंतर विकास और सफलता के लिए तैयार है।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का अपना घर आश्रम जामडोली में एक दिवसीय शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आयुर्वेद दिवस-2024 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा अपना घर आश्रम, जामडोली, जयपुर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से 117 वृद्धावस्था समूह के रोगियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही निशुल्क औषधीय दी गई। रसशास्त्र विभाग से प्रोफेसर संजय अग्रवाल, डॉ. रितेश रामनानी, पीजी छात्रों और कर्मचारियों ने इस शिविर में भाग लिया। अपना घर आश्रम के अध्यक्ष श्री अमिताभ कौशिक ने वृद्धजन के स्वास्थ्य लाभ के लिए इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर की टीम का आभार व्यक्त किया।

## छह साल से फरार चल रहे पांच-पांच हजार रुपये के इनामी दम्पति गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर उत्तर(डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए धोखाधडी के मामले में छह साल से फरार चल रहे पांच-पांच हजार रूपये के इनामी दम्पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम दोनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस और डीएसटी उत्तर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए धोखाधडी के मामले में फरार चल रहे गिर्राज शर्मा (45) और उसकी पत्नी अनीता शर्मा (42) निवासी गोविन्द नगर पूर्व आमेर रोड हाल शिव नगर-फर्स्ट मुरलीपुरा को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में ब्रह्मपुरी थाने में अगस्त-2018 में धोखाधड़ी का मामला आरोपित पति-पत्नी पर दर्ज हुआ था। मामला दर्ज होने का पता चलने पर धोखाधडी कर पति-पत्नी फरार हो गए। काफी तलाश व दबिश देने के बाद भी पुलिस पकड़ में नहीं आए। इस पर पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) की ओर से फरार पति-पत्नी पर पांच-पांच हजार रुपए का इनाम रखा गया। पिछले छह साल से फरारी काट रहे दंपती को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पकडा।

## बच्ची से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास मामले में एक आरोपी बार्पदा गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौ साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास मामले में एक आरोपी को बार्पदा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना इलाके में चार नम्बर को नौ साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास मामले में पुलिस ने मौके पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज और लोगों के बयानों के आधार पर आरोपी की पहचान उसे डिटेन किया। इसके बाद पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूलने पर उसे गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी हरीश सोलंकी ने बताया कि चार नवम्बर को पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली की एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश हुई है। इस पर एक पुलिस टीम बनाई गई। गठित टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटनास्थल के आसपास लोगों से संदिग्ध आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। फुटेज में एक बाइक सवार संदिग्ध दिखाई दिया।

## बस्सी के बाग वाले हनुमान मंदिर में लगा अन्नकूट का भोग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** बनीपार्क कौशल्या दास जी की बगीची स्थित श्री बस्सी के बाग वाले हनुमान मंदिर में मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान को अन्नकूट व सब्जी फल का विशेष श्रृंगार किया और इस अन्नकूट महोत्सव में हजारों लोगों ने प्रसादी पाई। मन्दिर महंत उमेश शर्मा ने बताया कि इससे पहले हनुमानजी का हनुमान जी का दुग्धाभिषेक कर नई पोशाक धारण करवाई कई। मंदिर प्रांगण में दिनभर हनुमान चालीसा के पाठ और भजन किये गए। वहीं मंदिर में सुबह से ही कढ़ी-बाजारा बनाने की तैयारी में लोग जुटे रहे और महाआरती के हजारों श्रदालुओं ने पंगत प्रसादी ली। इस दौरान मन्दिर परिसर हनुमान जी जयकारों से गूंज उठा।

## पुलिस कांस्टेबल दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की पाली-प्रथम टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी कोट सोलंकियान पुलिस थाना खिंवाड़ा जिला पाली के पुलिस कांस्टेबल कानाराम मीणा परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की पाली-प्रथम टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके खेत में भैंस मरी पाई जाने के मामले में कार्रवाई नहीं करने की एवज में पुलिस कांस्टेबल कानाराम मीणा बीस हजार रूपये की रिश्वत की मांग कर रहा है।

जिस पर एसीबी की पाली-प्रथम टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र डूकिया के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस कांस्टेबल कानाराम मीणा को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस कांस्टेबल कानाराम मीणा द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से पांच हजार रुपये की रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।

# खनन विभाग ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए लीज क्षेत्र से बाहर अवैध खनन करने पर 10 गुणा रॉयल्टी लगाकर 38 करोड़ की राशि का किया जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत के आदेश पर रायपुर उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त कार्यवाही के तहत मंगलवार को अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खननकर्त्ता के 10 गुणा पैनेल्टी लगाकर 38 करोड़ की राशि का जुर्माना किया है।

### खनिज विभाग ने की नाप-जोक की कार्यवाही, लगाया जुर्माना

खनिज विभाग द्वारा रायपुर क्षेत्र की चांग तहसील के ग्राम अमरगढ़ में करणी कृपा ग्रेनाइट फर्म द्वारा लीज क्षेत्र से बाहर अवैध खनन करते हुए पाए जाने पर नापचोप किया गया। खनिज विभाग द्वारा गणना करने पर कुल 130110.96 टन अवैध खनन हुआ जिसकी पेनल्टी राशि रॉयल्टी का 10 गुना वसूली योग्य बनता है । इसके अनुसार खनिज विभाग द्वारा 10 गुना रॉयल्टी वसूलकर 37 करोड़ 73 लाख 21 हजार की राशि का जुर्माना लगाया गया । जांच में अवैध खनन क्षेत्र कुल 5571 वर्ग मीटर एवं अवैध अतिक्रमण क्षेत्र 22274 वर्ग मीटर पाया गया ।

### ग्रामीण कर रहे थे बार-बार शिकायत

जिला कलेक्टर को पूर्व में उक्त फर्म के विरुद्ध ग्रामवासियों द्वारा अवैध खनन व अवैध अतिक्रमण किए जाने की शिकायते प्राप्त हुई । शिकायतों की जांच व सत्यापन के लिए जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी रायपुर को संयुक्त दल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच करने व शिकायत सही होने पर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया था।

इसी के तहत उपखंड अधिकारी रायपुर , तहसीलदार, पटवारी हल्का चांग व खनिज एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी ग्राम अमरगढ़ के खसरा नंबर 84 पर मौके पर पहुंचे । जांच दल को मौके पर लीज होल्डर उपस्थित नहीं मिले ।

### मौके पर अनियमितता पाई गई

जांच करने पर माइनिंग लीज रूरू 39/02 का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन नहीं होना पाया गया । खनिज विभाग के अनुसार खसरा नंबर 84 में रूरू 39/02 में क्षेत्रफल 4 हेक्टेयर लीज क्षेत्र स्वीकृत है । मौके पर खनिज विभाग द्वारा उक्त लीज के दो सीमा चिन्ह, व ष्ठ बताए गए जो मौके पर पाए गए । शेष दो सीमा चिन्ह मौके पर न तो पाये गए न हीं खनिज विभाग द्वारा बताए गए । मौके पर राजस्व विभाग व खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से खनन क्षेत्र रूरू39/02 क्षेत्रफल 4 हेक्टेयर का सीमांकन किया गया ।

### लीजधारक सिवायचक भूमि पर कर रहा था अवैध खनन

लीज होल्डर द्वारा लीज क्षेत्र से अधिक क्षेत्र व सिवाय चक भूमि में अवैध खनन करना व मैटेरियल डालकर अतिक्रमण करना पाया गया। और इसी के तहत प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में लगभग 38 करोड़ की राशि का जुर्माना लगाया ।

### सभी अधिकारी मौजूद थे

मौके पर उपखंड अधिकारी गुलाब सिंह, तहसीलदार रायपुर, खनिज अभियंता जगदीश मेहरावत सहित प्रशासन, पुलिस व खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे ।



## रेलवे पेंशनभोगी अब घर बैठे भेज सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे एवं कार्मिक लोकशिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेशनभोगी कल्याण विभाग संयुक्त तत्वाधान में उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में दिंनाक 05.नवम्बर को नेशन वाईड डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट कैम्पेंन 3.0 की शुरूआत की गई। इसके तहत रेलवे पेंशनर्स प्रतिवर्ष दिये जाने वाले जीवन प्रमाण पत्र को अब घर बैठे ही प्रस्तुत कर सकेंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इसके लिए एक एप लॉन्च किया गया है, जिसके द्वारा फेस ऑथेन्टिकेशन टेक्नोलोजी द्वारा पेंशनभोगी के चेहरे का स्केन कर जीवन प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेंगा। मुख्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों का इस तकनीक द्वारा जीवन प्रमाण पत्र बनाया गया। इस सुविधा से दूरस्थ रहने वाले पेंशनभोगी भी बैंक जाये बगैर घर बैठे ही जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर बिना कोई परेशान के अपनी पेंशन का नियमित भुगतान प्राप्त कर सकेंगे। नेशन वाईड डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट कैम्पेंन 3.0 द्वारा 800 शहरों में यह सुविधा दी जायेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के लगभग 50 हजार से अधिक पेंशनभोगी स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया से अपनी पेंशन का भुगतान प्राप्त करते है। यह अभियान उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडलों एवं इसके क्षेत्राधिकार में स्थित बैंको की शाखाओं में भी चलाया जायेगा। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रमुख वित्त सलाहकार सुश्री गीतिक पांडे, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी पी.के. सिंह, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी (सामान्य) सुश्री स्वाति चुलेट, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की उपमहाप्रबन्धक सुश्री कविता गर्ग, पंजाब नेशनल बैंक के एजीएम अशोक कुमार एवं उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी एवं कई सेवानिवृत्त कर्मचारी मोजूद थे।

## राजस्थान ओप्थलमोलोजिकल का तीन दिवसीय 46 वां अधिवेशन 8 से

### देश भर से नेत्र विशेषज्ञ लेंगे भाग

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** राजस्थान ओप्थलमोलोजिकल सोसायटी की ओर से 8 नवम्बर से होटल इन्दर रेजीडेन्सी में राजस्थान ओप्थलमोलोजिकल का तीन दिवसीय 46 वां अधिवेशन रोसकोन-24प्रारम्भ होगा। अधिवेशन के आयोजन सचिव डॉ. एल.एस.झाला ने बताया कि अधिवेशन में राजस्थान के लगभग 400-500 नेत्र सर्जन के अलावा देश के ख्यातनाम करीब 30 नेत्र विषय विशेषज्ञ भाग लेंगे।

इसमें राज्य के सभी नेत्र रेजीडेन्ट डॉक्टर्स भी इसमें मौजूद रह कर पत्रवाचन करेंगे। उन्होंने बताया कि 8 नवम्बर को अलख नयन मंदिर में होने वाली 15 तरह की नेत्र सर्जरी का आयोजन स्थल पर लाइव प्रसारण किया जायेगा। इस प्रसारण में मोतियाबिंद, कालापानी व मोटे चश्में हटानें में काम आने वाली आधुनिक तकनीक से होने वाले सभी ऑपरेशन दिखायें जायेंगे। अधिवेशन में सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. समर बसक बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। राजस्थान ओप्थलमोलोजिकल सोसायटी के सचिव डॉ.कामदार ने बताया कि आंखों की बीमारियों के सन्दर्भ में वैश्विक स्तर पर हो रहे आधुनिक तकनीकों पर चर्चा होगी और विषय विशेषज्ञों द्वारा पत्रवाचन किये जायेंगे। आंखो की बीमारियों रेटिना, कोर्निया,ग्लूकोमा, रिफ्रेक्टिव सर्जरी के विषय विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक तकनीक की जानकारी देंगे।

## पशुगणना में देरी नहीं, निर्धारित अवधि में पूर्ण करने का प्रयास : डॉ. निरंजन चिरानिया

बढ़ता राजस्थान

**चूरू,(नि.स.)।** पशुपालन विभाग की ओर से जिले में 21वीं पशुगणना-2024 के कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं की जा रही है तथा इसे निर्धारित अवधि में ही पूर्ण करने के प्रयास किये जाएंगे। 21 वीं पशुगणना के नोडल अधिकारी डॉ निरंजन चिरानियां ने बताया कि भारत सरकार से अद्यतन एलजी डायरेक्ट्री 2 नवम्बर 2024 को प्राप्त हुई है, जिस पर तुरन्त कार्य शुरू कर दिया गया है। राजस्व ग्राम व वार्ड का मिलान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पर्यवेक्षक एवं प्रगणक की लॉगिन आईडी केन्द्रीय एनडीएलएम टीम के स्तर से मिलान पश्चात् तैयार की जानी है। राजस्व ग्राम एवं वार्ड के मिलान पश्चात् आवश्यक संशोधन की सूचना स्टेट नॉडल राजस्थान को भिजवा दी गई है।

उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित अवधि अनुसार ही सम्पादित हो रहे हैं। अद्यतन एलजी डायरेक्ट्री का मिलान व लॉगिन आईडी बनाने का कार्य भी पशुगणना का ही हिस्सा है। जिला स्तर से पशुगणना के कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के लिए विभाग कृतसंकल्प है।

# शिवजी की पूजा अर्चना एवं महाआरती के बाद चूरमे के प्रसाद का वितरण कर कपासन क्षैत्र में मंशापूर्ण महादेव व्रतधारी भक्तो ने व्रत का उद्यापन किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षैत्र के प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर श्री मंशापूर्ण महादेव व्रतधारी भक्तो द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं महाआरती के बाद चूरमे के प्रसाद का भोग लगाकर व्रत का उद्यापन किया गया। जिसमे मंशापूर्ण महादेव व्रत धारी भक्तों द्वारा मंगलवार कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को विधि-विधान एवं पूर्ण भक्तिभाव के साथ भगवान शिव,माता गौरी,प्रथम पूज्य श्री गणेश,कुमार कार्तिकेय, नंदीश्वर कीर्ति मुख,कुबेर भंडारी, शिव पंचायतन देवों की विधि-विधान से सेवा कर व्रत का उद्यापन किया गया। उल्लेखनीय है कि मंशापूर्ण महादेव व्रत श्रावण शुक्ल चतुर्थी को लिया जाकर व्रत का उद्यापन कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को किया जाता है। यहां नगर कपासन में स्थित प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर अलसुबह से ही मंशापूर्ण महादेव व्रतधारी भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। भक्तो द्वारा शिवजी को दही, दूध, इत्र,जनेऊ, चंदन, अबीर, गुलाल, भस्मी,काले तिल, सुपारी, लौंग, इलायची, पंचमेवा, धतूरा, फूल, माला आदि सामग्री अर्पित कर विधि-विधानपूर्वक शिवजी की पूजा-अर्चना एवं आराधना की गयी। इसके बाद मंशापूर्ण महादेव व्रतधारी भक्तो एवं श्रद्धालुओ द्वारा पूर्ण भक्ति भाव एवं तन्मयता से ओतप्रोत भाव से पूजन कर देसी घी एवं गुड़ से निर्मित चूरमे के प्रसाद का भोग लगाकर वितरण किया गया।





# तम्बाकू निषेध क्षेत्र के साइन बोर्ड लगाकर कार्यालय में करेंगे सभी को जागरूक

### तम्बाकू मुक्त चूरू अभियान के तहत चलाये जा रही है जागरूकता गतिविधि

बढ़ता राजस्थान



**चूरू(सुरेश शर्मा)।** जिले के सभी राजकीय कार्यालयों को तम्बाकू मुक्त बनाने व तम्बाकू निषेध क्षेत्र घोषित करने के लिए चिकित्सा विभाग के तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मुहिम शुरू की गई है। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि टोबेको फ्री युवा कैम्पेन 2.0 के तहत जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के सभी राजकीय कार्यालयों को तंबाकू मुक्त कार्यालय बनाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसके संबंध में समस्त कार्यालयों में कोटपा एक्ट, 2003 की समस्त पालन कर तम्बाकू निषेध क्षेत्र का साइन बोर्ड लगवाए जा रहे हैं। इसके अलावा कार्यालय परिसर में किसी भी प्रकार के तंबाकू पदार्थ का उपयोग किया जाना निषेध किया गया है। सीएमएचओ ने बताया कि तम्बाकू मुक्त कार्यालय बनाने के लिए जिला स्तरीय कार्यालय के साथ उनके अधीनस्थ समस्त कार्यालयों को तंबाकू मुक्त कार्यालय बनाए जाने के भी निर्देश प्रदान किए गए हैं। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अहसान गौरी ने बताया कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी जिले के कार्यालय सहित अधीनस्थ कार्यालयों को तंबाकू मुक्त बनाए जाने के उपरांत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को तंबाकू मुक्त कार्यालय घोषित किए जाने व तम्बाकू निषेध क्षेत्र के साइन बोर्ड का प्रदर्शन का प्रमाण पत्र भेजेंगे। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला सलाहकार डॉ लाड कंवर ने बताया कि इसी क्रम में मंगलवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ टीम द्वारा जिला कलक्टर के निर्देशों के क्रम में जिला स्तरीय कार्यालयों का निरीक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान सभी कार्यालयों में निर्धारित साइन बोर्ड लगाये हुए मिले। टीम की जिला सलाहकार डॉ लाड कंवर ने बताया कि आगे भी निरीक्षण निरंतर किया जाएगा। सभी कार्यालयों को तम्बाकू निषेध क्षेत्र बनाने के लिए जागरूक किया जायेगा।

## पुलिस थाना जवाजा की बड़ी कार्यवाही, 46,600 रूपये के जाली नोट बरामद, एक आरोपी गिरफतार



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** ब्यावर सर्कल के जवाजा थाना अंतर्गत ग्राम देव खेड़ा में एक युवक से 46,600 रुपए बरामद किए हैं। वृत्ताधिकारी वृत्त ब्यावर राजेश कसाना के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना जवाजा महादेव प्रसाद उप निरीक्षक ने टीम सहित कार्यवाही करते हुए जाली नोटों की खेप जब्त की व एक आरोपी को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है। जवाजा के थानाधिकारी महादेव गुर्जर ने बताया कि 04 नवंबर को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के ग्राम देवखेडा का एक व्यक्ति जो ई मित्र चलाता है उसके पास जाली नोट हैं। इस सूचना पर थानाधिकारी जवाजा ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में टीम सहित कार्यवाही की तो सूचना के अनुसार उक्त व्यक्ति के पास जाली नोटों की खेप मिली। इस पर जाली नोटों सहित आरोपी सुरेश नाथ को गिरफ्तार कर नकली नोट जब्त किए। आरोपी सुरेश नाथ से पूछताछ की जा रही है। आरोपी सुरेश नाथ से 100 रूपये के 50 लोट व 200 रूपये के 208 जाली नोट बरामद किये गये। जाली नोट आरोपी तक कैसे पहुंचे जिसके बारे मे गहनता से पुछताछ की जा रही है व आरोपी के सहयोगियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें दबिशे दे रही है।

## सारथल मे भाजपा कार्यकर्ता दीपावली स्नेह मिलन समारोह सपन्न

### कार्यकर्ताओ की एक जुटता का परिणाम प्रतापसिह सिघवी

बढ़ता राजस्थान



**सारथल (नि.स.)।** सारथल कस्बे में सारथल नेशनल हाईव मार्ग हनुमान मंदिर परिषद में भारतीय जनता पार्टी का स्नेह मिलन समारोह मंगलवार को आयोजित हुआ भाजपा नेता राजसिह फौजदार ने बताया कि समारोह में स्थानीय प्रधान नरेश मीणा भाजपा मण्डल तहसील प्रभारी प्रेमचन्द्र लोधा पंचापत समिति सदस्य मांगीलाल मीणा सरपच जनप्रति भाजपा नेता रामबिलास मीणा लतिता लोदा विधायक प्रतापसिहं सिंघवी सहित क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओ ने भाग लिया विधायक प्रतापसिंह सिंघवी का भाजपा कार्यकर्ताओ ने फुलो का हारपहनाकर स्वागत किया विधायक सिघवी ने बताया कि सारथल ।सहित क्षेत्र भाजपा कार्यकर्ताओ का दबदबा का परिणाम है संगठन में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है भाजपा सदस्यता अभियना में सक्रिय भागीदारी कर अधिक से अधिक सदस्य बनाएं कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को आगे बढाए उन्होंने कार्यकर्ताओ को धन्यवाद दिया इस अवसर फ्र कार्यकर्ता व किसानो अफीम पटटो व सारथल से बिलेन्डी सडक की समस्याओ से अवगत कराया शीघ्र कार्य करने का आश्वासन दिया इस दौरान भाजपा पदअधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### जेईई-एडवांस्ड में अब तीन अटेम्ट, लगातार तीन साल दे सकेंगे परीक्षा

# जेईई-एडवांस्ड 2025 की वेबसाइट लांच, आईआईटी कानपुर को मिली जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड 2025 की वेबसाइट मंगलवार को जारी कर दी गई। इस वर्ष यह परीक्षा आईआईटी कानपुर द्वारा करवाई जाएगी। जारी सूचना में सबसे बड़ा अपडेट ये है कि अब एक विद्यार्थी तीन वर्ष में तीन बार जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में शामिल हो सकेगा। अब तक जेईई-एडवांस्ड देने के अवसरों की संख्या अधिकतम दो प्रयास हुआ करती थी। इससे बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स को आईआईटी में प्रवेश के लिए एक और प्रयास करने का अवसर मिलेगा। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि उल्लेखनीय है कि पिछले 14 वर्षों के आंकड़ों के आकलन के आधार पर हर 6 वर्ष बाद रोटेशन में आईआईटी को परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी दी जाती है। वर्ष 2018 में इस परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी आईआईटी कानपुर को ही मिली थी। दिल्ली, बॉम्बे, खडगपुर, कानपुर, मद्रास, रूडकी व गुवाहाटी ने अब तक जेईई-एडवांस्ड परीक्षा आयोजित करवाई है। जेईई-मेन के आधार पर श्रेष्ठ 2.50 लाख विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। इसमें 10 प्रतिशत जरनल-ईडब्ल्यूएस, 27 प्रतिशत ओबीसी-एनसीएल, 15 प्रतिशत एससी, 7.5 प्रतिशत एसटी और 40.5 प्रतिशत ओपन कैटेगिरी की सीट्स होंगी। वर्ष 2025 में हो रही जेईई-एडवांस्ड में वर्ष 2023, 2024 और 2025 में कक्षा 12 की परीक्षा देने वाले विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। वर्ष 2022 या इससे पहले 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले परीक्षा में शामिल होने योग्य नहीं होंगे। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने पूर्व में आईआईटी में जोसा काउंसलिंग के दौरान प्रवेश ले रखा है वे विद्यार्थी जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे, जबकि जेईई-मेन क्वालीफाई कर एनआईटी में प्रवेश ले चुके विद्यार्थी जेईई-एडवांस्ड परीक्षा दे सकेंगे। जेईई-एडवांस्ड परीक्षा 26 मई या 2 जून 2025 को संभावित है।

### परीक्षा में पहली बार आयु सीमा तय की गई

**आयु सीमा तय :** इस वर्ष जेईई-एडवांस्ड परीक्षा के लिए आयु सीमा भी तय की गई है। ऐसे विद्यार्थी जिनका जन्म 1 अक्टूबर 2000 के बाद का है वे ही परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। एससी-एसटी, पीडब्ल्यूडी विद्यार्थियों को इस आयु सीमा में 5 वर्ष की रियायत दी गई है, यानी इस वर्ग के विद्यार्थी 1 अक्टूबर 1995 के बाद जन्म लेने वाले विद्यार्थी परीक्षा के योग्य होंगे।

## सम्पादकीय

# फिर यूसीसी पर चर्चा

जब भी चुनाव आते हैं तब समान नागरिक संहिता का मुद्दा सुर्खियों में आ जाता है। समान नागरिक संहिता यानि यूनिफोर्म सिविल कोड का अर्थ होता है-भारत में रहने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए समान कानून का होना, फिर चाहे उनका धर्म या उनकी जाति कुछ भी क्यों न हो। देश की सर्वोच्च अदालत तो यहां तक कह चुकी है कि अब वक्त आ गया है कि देश में यूसीसी को लागू किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि भारत सरकार यह भी स्पष्ट करे कि देश संविधान से चलेगा अथवा शरिया कानून भी संवैधानिक माना जाता रहेगा पर्सनल लॉ तो सिख, ईसाई, पारसी, जैन आदि समुदायों के भी हैं। आदिवासी कबीलों से उनकी तुलना नहीं की जा सकती क्योंकि मुस्लिम देश की दूसरी बहुसंख्यक आबादी है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की तो झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा संकल्प पत्र जारी करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने का ऐलान कर दिया। इससे एक बार फिर समान नागरिक संहिता पर बहस शुरू हो गई। हालांकि गृहमंत्री अमित शाह ने यह वादा भी किया कि समान नागरिक संहिता से आदिवासी किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होंगे। उनके कानून, उनकी परम्पराएं, उनकी संस्कृति पूर्ववत रहेगी। आदिवासियों को यूसीसी से बाहर रखा जाएगा। पूर्वोत्तर राज्यों के आदिवासी भी पहले से ही यूसीसी का विरोध कर रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके सहयोगी दल यूसीसी को लेकर यह ढिंढोरा पीट रहे हैं कि अगर यह कानून लागू हुआ तो आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। यूसीसी लागू हो जाने से पूरे देश में शादी, तलाक, उत्तराधिकार और गोद लिए जाने जैसे सामाजिक मुद्दे सभी एक समान कानून के तहत आ जाएंगे। इसमें धर्म के आधार पर कोई कोर्ट या अलग व्यवस्था लागू नहीं होगी। दूसरी ओर 21वें विधि आयोग ने साफ तौर पर यह कहा था कि इस समय समान नागरिक संहिता की जरूरत नहीं है। इसके बाद 22वें विधि आयोग का गठन किया गया और कानून मंत्रालय के अनुरोध पर विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता पर लोगों से राय मांगी। यूसीसी के विरोधियों का कहना है कि मोदी सरकार बार-बार इस मुद्दे को चर्चा में लेकर धुव्रीकरण और अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने की राजनीति कर रही है। सवाल यह भी है कि भारत को यूसीसी की जरूरत क्यों है। अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में वर्षों से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे। शादी, तलाक, गोद लेना और जायदाद के बंटवारे में सबके लिए एक जैसा कानून होगा, फिर चाहे वो किसी भी धर्म का क्यों न हो। वर्तमान में हर धर्म के लोग इन मामलों का निपटारा अपने पर्सनल लॉ यानी निजी कानूनों के तहत करते हैं। समान नागरिक संहिता की अवधारणा है कि इससे सभी के लिए कानून में एक समानता से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। देश में हर भारतीय पर एक समान कानून लागू होने से देश की राजनीति में भी सुधार की उम्मीद है। यूसीसी का उद्देश्य महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों सहित संवेदनशील वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

# भारत विरोधी खालिस्तानियों को ट्रूडो सरकार की शह

**निश्चित रूप से जस्टिन ट्रूडो सरकार को वहां सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादियों को भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ट्रूडो सरकार द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देना उसकी राजनयिक और लोकतांत्रिक साख को कमजोर करने वाला कदम ही है। राजनीतिक स्वार्थों के लिये प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थकों का सहारा लेकर भारत की एकता और अखंडता को खण्डित करने पर तूले हैं, वे खालिस्तानी अतिवादियों को बेलगाम करके खूद के लिये भी खतरा मोल ले रहे हैं, वे यह समझने को तैयार नहीं कि खालिस्तान समर्थक भारत के साथ-साथ कनाडा के लिए भी खतरा बन सकते हैं। वे पहले से ही ड्रग्स और हथियारों के साथ मानव तस्करी में लिप्त हैं।**

ललित गर्ग



**बढ़ता राजस्थान।** कनाडा भारत विरोधी गतिविधियों एवं खालिस्तानी अलगाववाद को पोषण एवं पल्लवन देने का बड़ा केन्द्र बनता जा रहा है। खालिस्तानी झंडे लिये प्रदर्शनकारियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हमला बोला, हिन्दुओं के साथ हिंसक झड़प की, जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बन कर भारत विरोधी तत्वों को शह देती रही है। इसके अलावा कनाडा के प्रमुख शहरों, टोरंटों, वैंकूवर और सरे से मंदिरों पर भी हमले खबरें परेशान करने वाली हैं। सभी जगहों पर हमला खालिस्तान समर्थक अतिवादियों ने किया। इन हमलों ने कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, वीडियो में मारपीट के दृश्य भी दिखाई दे रहे हैं। जानबूझकर मन्दिर पर किये इन हमलों की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि कायराना एवं शर्मनाक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन घटनाओं की निन्दा करते हुए ट्रूडो सरकार को चेता कर हिंसा को असहनीय बताया एवं कहा कि ऐसी घटनाएं भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर पायेंगी। निश्चित ही खालिस्तानी पृथकतावादियों को खुली छूट देकर ट्रूडो सरकार दोनों देशों के आपसी संबंधों में कडवाहट घोल रहे हैं। यह विडंबना ही है कि कानून का पालन करने वाले प्रवासी भारतीय सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा दांव पर है। दरअसल, अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार राजनीतिक स्वार्थों के लिये निचले स्तर का खेल खेल रही है। वह अगले साल होने वाले आम चुनाव में फिर सरकार बनाने के लिये ऐसे संकीर्ण, विघटनकारी एवं स्वार्थी राजनीतिक हथकंडों को अपनाकर अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी चला रही है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, भारत-कनाडा संबंधों को बचाने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे भारत-कनाडा संबंधों को सामान्य बनाने के लिये यह अपरिहार्य अनिवार्य शर्त भी है। जस्टिन ट्रूडो को यह समझना होगा कि कनाडा की नागरिकता लिए खालिस्तानी अतिवादी खालिस्तान का कितना ही शोर मचाएं, भारत में उसका कहीं कोई समर्थन नहीं और भारत की एकता पर उसका तनिक भी असर नहीं होने वाला है। गौर करने वाली बात यह है कि ट्रूडो के मुकाबले इस घटना की ज्यादा कड़ी निंदा कनाडा के ओंटारियो सिख ऐंड गुरुद्वारा कौंसिल ने की है। वैसे यह भी ध्यान रखना होगा कि मंदिरों में जिन पर हमला हुआ, वे भी कनाडा के ही नागरिक हैं। जस्टिन ट्रूडो ने जितनी सक्रियता खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के मामले में दिखाई, उतनी इस मामले में भी दिखाते, तो शायद चीजें बदल सकती थीं, जो उनके लिये ज्यादा राजनीतिक लाभकारी होती। यह एक विडंबना ही है कि कुछ दशक पहले तक खालिस्तान के जिस पागलपन ने भारत को काफी परेशान किया था, पंजाब एवं समूचा देश लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा और अब जब भारत से उसका नामो-निशान तक मिट चुका है, तो कनाडा में उसे जोर-शोर से पाला-पोसा जा रहा है। मामला सिर्फ इतना नहीं है, कनाडा अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी दूसरे देश के खिलाफ होने दे रहा है, तो इस पर पूरी विश्व बिरादरी को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। हम सीमा पार आतंकवाद फैलाने के पाकिस्तानी दंश को लंबे अरसे से भोगते रहे हैं और अब कनाडा में जो हो रहा है, वह भी एक तरह से सीमा पार अलगाववाद फैलाना ही है। भारत को कनाडा के साथ अमेरिका के रवैये पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि वह गुरपतवंत सिंह पन्नू को खुले तौर पर संरक्षण दे रहा है। भारत के खिलाफ विदेश की धरती से हो रहे इन षड़यंत्रों एवं साजिशों को गंभीरता से लेना होगा। पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। इस नतीजे पर पहुंचने का एक कारण यह भी है कि कनाडा के साथ अमेरिका की भी नागरिकता लिए खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कुछ दिनों पहले यह धमकी दी थी कि कनाडा के हिंदुओं को दीवाली नहीं मनाने दी जाएगी। इस धमकी के बाद भी यदि खालिस्तानी चरमपंथी हिंदू मंदिर में धावा बोलने आ गए तो इसका यही मतलब निकलता है कि कनाडा सरकार का उन पर लगाम लगाने का कोई इरादा नहीं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और वहां के प्रमुख विपक्षी दल के नेता ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाए जाने की निंदा की, लेकिन इनमें से किसी ने भी खालिस्तान समर्थकों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं समझा, इससे स्पष्ट है कि कनाडा सरकार खालिस्तानियों को खुला समर्थन कर रही है। बहरहाल, यह तय है कि रह-रह कर सामने आ रही यह हिंदू-सिख संबंधों में तल्खी, भारत तथा कनाडा सरकारों के संबंधों में आ रही गिरावट से गहरे तक जुड़ती है। हाल के दिनों में कनाडा सरकार के मंत्रियों ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए भारत सरकार पर अनेक आक्षेप किये हैं। यहां तक कि कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने भारतीय गृह मंत्री पर आरोप लगाये कि उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये हिंसा व खुफिया जानकारी जुटाने के आदेश दिए। जैसा कि स्वाभाविक ही था इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप का भारत सरकार ने भी कड़ा प्रतिवाद किया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नई दिल्ली ने इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताकर नकार दिया है। कनाडा सरकार इसके कोई ठोस प्रमाण न देकर खुद को ही हंसी का पात्र बनाया। खालिस्तान समर्थक अतिवादी तत्वों ने हिंदू मंदिर परिसर में भारतीय उच्चायोग की ओर से आयोजित एक शिविर को भी निशाने पर लिया। इस शिविर में बड़ी संख्या में सिख भी मौजूद थे। साफ है कि खालिस्तान समर्थक कनाडा में रह रहे हिंदुओं के साथ सिखों के लिए भी मुसीबत बन रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने जिस हिंदू मंदिर को निशाना बनाया, उसमें सिख भी आते हैं। इन सभी जगहों पर भारतीय उच्चायोग ने पेंशन पाने वाले भारतीयों को जीवन प्रमाणपत्र बांटने के लिए शिविरों का आयोजन किया था। कनाडा में इस तरह के शिविर लगाने की परंपरा पुरानी है। कनाडा में कई बार मंदिरों की दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे जा चुके हैं। खालिस्तानियों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं होने से उनका दुस्साहस बढ़ रहा है। भारत को इसके लिए तैयार रहना चाहिए कि कनाडा में भारतीय मूल के लोगों और धार्मिक स्थलों को खालिस्तानी अतिवादी तत्वों की ओर से आगे भी निशाना बनाया जा सकता है, क्योंकि वहां कुछ माह बाद आम चुनाव होने हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि इन चुनावों में अपनी राजनीतिक दशा सुधारने के लिए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो एक विघटनकारी खेल खेल रहे हैं। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कोई देश उस अतिवाद को कैसे पलने दे सकता है। ऐसी अपरिपक्व राजनीतिक सोच एवं कार्रवाई से जस्टिन ट्रूडो की सरकार का संकट ही बढ़ेगा और वे और उनके दल का अगले चुनाव में सफाया हो जाने की पूरी आशंका है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। सरकारी कामों में आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे। नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा।

**वृष**
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

**मिथुन**
मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को अभ्यास का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा।

**कर्क**
आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। धार्मिक कामों में धन का खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी।

**सिंह**
अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे। आर्थिक विषय में सावधानी बरतनी आवश्यक है। नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है।

**कन्या**
आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। गलत कामों से दूरी बनाए रखें। किसी भी योजना को सावधानीपूर्वक करें। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है। भागीदारी से लाभ होगा।

**धनु**
आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी। परिजनों से मुलाकात आनंददायी हो सकती है।

**मकर**
आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। वाहन सुख मिलेगा।

**कुंभ**
सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। पेट दर्द से परेशानी हो सकती है। आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

**मीन**
आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। वाणी में उग्रता ना रखें। नौकरी में पदोन्नति भी हो सकती है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



श्रीमती शुचि त्यागी ( आरआर-07 )
( वरिष्ठ आईएएस अधिकारी )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं श्रीमती शुचि त्यागी जोकि भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी हैं। बेहद अनुशासित अधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। जहां भी रहे वहां बहुत बेहतरीन तरीके से कार्य संपादित किया। इनका जन्म उत्तरप्रदेश में 27 नवम्बर सन 1978 को हुआ। बीएस सी साईंस से अपनी पढ़ाई पूर्ण कर सरकारी सेवाओं में आई और आज शासन सचिव, परिवहन विभाग, राजस्थान जयपुर के पद को सुशोभित कर रही हैं। इससे पूर्व ये शासन सचिव, सहकारिता विभाग राजस्थान जयपुर रही। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हैल्थ एश्योरेन्स ऐजेन्सी, राजस्थान जयपुर। आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर। स्टेट मिशन निदेशक, आजिवि?का परियोजनाएँ एवं स्वयं सहायता समूह, जयपुर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हेल्थ एश्योरेन्स एजेन्सी, जयपुर। आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, नि:शक्तजन, राजस्थान, जयपुर। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग, जयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भीलवाड़ा।

जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, धौलपुर। आयुक्त, नगर परिषद भरतपुर।

रजिस्ट्रारए राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जैसलमेर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद भरतपुर। उप शासन सचिव, वित्त कर विभाग राजस्थान जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, अजमेर अपनी सेवाए प्रदान कर आमजन को सरकारी सेवाओं से लाभान्वित करवाया है। इनके पति राहुल प्रकाश भारतीय पुलिस सेवा के जाँबाज अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं जाकि इन दिनों भरतपुर आईजी के रूप में अपनी सेवाए दे रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 6 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ




- ब्रिटिश फौज ने 1763 में मीरकासिम को हराकर पटना पर कब्जा किया।
- मैक्सिको ने 1813 में स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- स्पेन ने 1844 में डोमिनिकन गणराज्य को स्वतंत्र किया।
- अब्राहम लिंकन 1860 में अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति चुने गए।
- गांधी जी ने बैरिस्टर का प्रशिक्षण लेने के लिए 1888 में लंदन के इनर टेंपल में प्रवेश लिया।
- अमेरिका ने 1903 में पनामा के स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान की।
- महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद की नीतियों के खिलाफ 1913 में 'द ग्रेट मार्च' का नेतृत्व किया।
- दक्षिण अफ्रीका में भारतीय खनन मजदूरों की रैली का नेतृत्व करने के लिए 1913 में महात्मा गांधी को गिरफ्तार किया गया।
- अमरीकी आणविक उर्जा आयोग ने 1917 में ऐमविटका द्वीप में सबसे बड़े भूमिगत हाइड्रोजन बम कैनिकन का परीक्षण किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1943 में जापान ने अण्डमान और निकोबार द्वीप समूहों को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को सौंप दिया।
- यूनान में 1949 में गृह युद्ध समाप्त हुआ।
- राष्ट्रीय रक्षा परिषद की 1962 में स्थापना हुई।
- अमेरिका और क्यूबा में 1965 में अमेरिका छोड़ना चाहने वाले क्यूबाइयों के लिए विशेष विमान चलाने पर सहमति बनी।
- नासा के अंतरिक्षयान पॉयनीयर 10 ने 1973 में बृहस्पति ग्रह के चित्र लेना शुरू किया।
- नवाज शरीफ 1990 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने।
- अफ़ग़ानिस्तान के बुरहानुद्दीन रब्बानी गुट द्वारा 1994 में संयुक्त राष्ट्र अफ़ग़ान शांति योजना स्वीकृत।
- अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 1998 में डेट्रॉइन क्षेत्र को 'ऑटोमोबाइल राष्ट्रीय स्मारक क्षेत्र' घोषित किया।
- ऑस्ट्रेलिया ने 1999 में ब्रितानी राजतंत्र को नहीं ठुकराने का फैसला किया.
- ज्योति बसु ने 2000 में लगातार 23 वर्षों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहने के बाद पद छोड़ा।
- स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने 2008 में प्रधान ब्याज दर (जीएलआर) और जमादारों के कटौती की घोषणा की।
- बराक ओबामा 2012 में दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए।
- महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर और वैज्ञानिक प्रो. सीएनआर राव को 2013 में देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की घोषणा की गई।

### 6 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- लोकसभा सदस्य यशवंत सिन्हा का जन्म 1937 में हुआ।


## विशेष आलेख

# विश्व में 11 शास्त्रीय भाषाओं वाला भारत इकलौता देश बना




**भारत में इंजीनियरिंग मेडिकल प्राथमिक व सेकेंडरी शिक्षा भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होने से सभी भाषाओं के विकास का अनुकूल माहौल सराहनीय**

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ के देशों को सर्वविदित है कि भारत अनेक जातियों भाषाओं धर्मों का एक गढ़ है जहां हर समूह अपनी भाषाओं की मिठास और समृद्धि को महकाते हुए अपनी मातृभाषा की धरोहर संजोए हुई है।भारत बहुत भारी तादाद में हर समाज भाषाओं उपभाषाओं,बोलियां में अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त करता है।यह भाषाएं वह बोलियां इतनी मीठी होती है कि हर भाषा को बोलने के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हो जाती है कि काश मैं यह भाषा बोल पाता। तमिल तेलुगू सिंधी संस्कृति बंगाली मराठी असमिया मारवाड़ी पंजाबी गुजराती सहित पूरे भारत में हजारों लाखों म बोलियां है,जिनकी मिठास का अद्भुत आगाज़ होता है, परंतु हमारे संविधान निर्माता और बाद में संशोधन द्वारा भारत में संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को दर्ज किया गया है जिसमें केंद्र व राज्य सरकारें भी बहुत सहायता करते हैं विशेष रूप से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में तो मातृभाषाओं को बहुत अधिक महत्व दिया गया है फिर भी हिंदी एक ऐसी भाषा है जो अंतरराष्ट्रीय स्तरपर जानी वह समझी जाती है यह राजकीय भाषा है जिसे राष्ट्रीय भाषा बनाने के प्रयास दशकों से प्रयास शुरू है। इस विषय पर आज हम बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकिदिनांक 4 नवंबर 2024 को देर रात्रि केंद्रीय हिंदी समिति की 32वीं बैठक नई दिल्ली में समाप्त हुई जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री ने की जिसमें 9 केंद्रीय मंत्री 6 राज्यों के मुख्यमंत्री संसदीय राजभाषा समिति के अध्यक्ष एवं 3 संयोजकों सहित कुल 21 सदस्य हैं,सभी उपस्थित थे। बता दें विश्व में 11 शास्त्रीय भाषाओं वाला भारत एक इकलौता देश है, तथा भारत में इंजीनियरिंग मेडिकल प्राथमिक व सेकेंडरी शिक्षा भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होने से सभी भाषाओं के विकास को अनुकूल माहौल सराहनीय है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, केंद्रीय हिंदी समिति की 32 वीं बैठक का आगाज़,युवा पीढ़ी की 100 पेर्सेंट क्षमता का उपयोग करने के लिए अपनी मातृभाषा पढ़ना सोचना व विश्लेषण करना ज़रूरी है। साथियों बात अगर हम 4 नवंबर 2024 को देर रात्रि समाप्त हुई 32वीं केंद्रीय हिंदी समिति की बैठक के आगाज़ की करें तो,दिल्ली में केंद्रीय हिंदी समिति की 32 वीं बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि भाषाओं के संरक्षण को लेकर मोदी सरकार के कार्यकाल में खूब काम किया गया।समय-समय पर इसके लिए प्रचार भी किए जाते रहे हैं।उन्होंने कहा कि पीएम के नेतृत्व वाली सरकार में कुछ समय पहले ही पांच और भारतीय भाषाओं को शास्त्रीय भाषा में शामिल किया गया,केंद्रीय गृह मंत्रीने कहा कि केंद्रीय हिंदी समिति इस उद्देश्य से काम करती है कि हिंदी साहित्य का संरक्षण किया जाना चाहिए, उन्होंन कहा कि हिंदी को इस्तेमाल करके देश की संपर्क भाषा के रूप में स्थापित की जाए। भाषा सशक्त बनाने के लिए सरकार ने पिछले 5 सालों में किए गए कामों को लेकर बताया कि हिंदी शब्दसिंधु शब्दकोष को तैयार किया गया,उन्होंने कहा कि आने वाले 5 सालों में इसे इतना ज्यादा इस्तेमाल किया जाएगा कि ये दुनियाँ में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला शब्दकोष बन जाएगा।उन्होंने हिंदी की शक्ति को बताते हुए कहा कि जब तक हम सभी भारतीय भाषाओं को मजबूत करने कि दिशा में काम रहे होते हैं तो इससे हम अपने विकास को मजबूत करते हैं,उन्होंने भारतीय भाषाओं को लेकर आंकड़ों के जरिए बताया कि 11 भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओं में शामिल करने वाला अकेला एकमात्र देश है। पीएम ने सभी सार्वजनिक मंचों से हिंदी भाषा के इस्तेमाल और बोले जाने के लिए देशवासियों को प्रेरित किया है, पीएम ने हिंदी भाषा के व्यापक तौर पर प्रचार-प्रसार के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी इसके बारे में चर्चा की है,उन्होंने कहा कि सभी अंतरराष्ट्रीय मंच पर हिंदी में अपनी बात को कहकरपीएम ने इसके प्रचार में बेजोड़ काम किया है, जब बच्चे अपने शुरुआती शिक्षा को ग्रहण की शुरुआत मातृभाषा में करते हैं तो वो अपनी क्षमताओं का पूरा विकास कर सकते हैं। साथियों बात अगर हम दुनियाँ के इकलौते देश भारत में 11 शास्त्रीय भाषाओं की करें तो (1) तमिल-2004 (2) संस्कृत -2005(3)तेलुगु-2008(4)कन्नड़-2008(5)मलयालम-2013 (6) उड़िया-2014 (7) मराठी -2024 (8) पाली-2024 (9) प्राकृत-2024 (10) असमियाँ -2024 (11) बंगाली-2024 शास्त्रीय भाषा के मानदंडो के अनुसार,भाषा का 1500 से 2000 पुराना रिकॉर्ड होना चाहिए. साथ ही भाषा का प्राचीन साहित्य / ग्रंथो का संग्रह होना चाहिए।शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त होने के बाद प्राचीन साहित्यिक धरोहर जैसे ग्रंथों, कविताओं, नाटकों आदि का डिजिटलीकरण और संरक्षण किया जाता है।इससे आने वाली पीढ़ियाँ उस धरोहर को समझ और सराह सकती हैं।शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से उस भाषा और उसकी सांस्कृतिक विरासत के प्रति समाज में जागरूकता और सम्मान दोनों बढ़ता है, साथ ही उस भाषा के दीर्घकालिक संरक्षण और विकास को भी गति मिलती है।सरकार ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है, जिससे भारत में शास्त्रीय भाषाओं की संख्या बढ़कर 11 हो गई है, इन भाषाओं का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है, और शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से इनके संरक्षण, अध्ययन और शोध को बढ़ावा मिलेगा बता दें साल 2013 में तत्कालीन महाराष्ट्र सरकार ने मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा था, जिसे अब मंजूरी मिल गई है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## होम वोटिंग द्वारा लोकतंत्र के त्यौहार में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत मंगलवार को होम वोटिंग की प्रक्रिया के दूसरे दिन बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर लोकतंत्र के त्यौहार में भागीदार बनते हुए अपने-अपने घरों से मतदान किया और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रारंभ की गई इस सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया।

### दाखी देवी एवं श्योकरण ने उत्साह के साथ की होम वोटिंग

उपखंड देवली के गांव नासिरदा निवासी 87 वर्षीय दाखी देवी तथा 86 वर्षीय श्योकरण द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से अपने घर पर मतदान किया गया। उन्होंने मतदान करने के बाद कहा कि होम वोटिंग की सुविधा से मतदान करना बहुत आसान हो गया है। हम जैसे बुजुर्गों का मतदान केन्द्र पर जाना संभव नहीं था, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग ने होम वोटिंग की सुविधा से इसे संभव बनाया और मतदान केन्द्र हमारे घर तक पहुंचा दिया।

## फसलों के उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( नि.स. )।** किसानों की फसलों के उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने निवाई तहसील में एक ज्ञापन सौंपा है। महापंचायत अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान के नेतृत्व में तहसीलदार नरेश गुर्जर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम यह ज्ञापन दिया गया। अध्यक्ष चौहान ने बताया कि इस वर्ष भारी वर्षा के कारण किसानों की लगभग 80त्न फसलें नष्ट हो गई हैं, लेकिन सरकारी अधिकारियों ने नुकसान को न्यूनतम बताकर रिपोर्ट तैयार कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह रिपोर्ट बिना उचित निरीक्षण के बनाई गई है, जो किसानों के साथ अन्याय है। किसानों ने निवाई तहसील के सभी गांवों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया, तो किसान महापंचायत धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन करेगी। इस अवसर पर भंवरलाल कुमावत, कालूराम गुर्जर, सुरेश चौधरी, कृष्णा चौधरी, तुलसीराम चौधरी, कमलेश कुमावत, दीपक चौधरी, राजेश गुर्जर, मोहनलाल, और मदन कुमार सहित कई किसान उपस्थित रहे।


## व्यवसाय एवं शिक्षा ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( नि.स. )।** राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड, जयपुर द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को स्वयं के व्यवसाय एवं शिक्षा हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाता है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीना ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, जैन, ईसाई, सिक्ख, बौद्व एवं पारसी) से सत्र 2024-25 में व्यवसाय एवं शिक्षा ऋण हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि व्यवसायिक ऋण हेतु कौशल प्रशिक्षण, शिल्पकार, आई.टी.आई एवं हथकरघा वाले अनुभवी आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। ऋण आवेदन हेतु अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, आधार कार्ड,मूल निवास, कार्य स्थल, संबंधी प्रमाण पत्र, बैंक विवरण, प्रोजेक्ट रिपोर्ट जैसे दस्तावेज आवश्यक है। शिक्षा ऋण हेतु समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अंक तालिका,वर्तमान अध्ययनरत प्रमाण पत्र,फीस की रसीदे जैसे दस्तावेज आवश्यक है। शिक्षा ऋण हेतु विधार्थियों की आयु 16-32 वर्ष एवं व्यवसायिक ऋण हेतु आवेदक की आयु 18 से 54 वर्ष का होना आवश्यक है।

## दो वारन्टी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षेत्र की डिग्गी थाना पुलिस ने अदालत से जारी गिरफ्तारी वारन्टो के आधार पर दो वारन्टीयो को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि उच्चाधिकारियो के आदेशो की पालना में डिग्गी पुलिस थाना क्षैत्र के लिए अदालत से जारी गिरफ्तारी वारन्टो के आधार पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मालपुरा से गौवंश के मामले को लेकर वारन्टी भंवरलाल पुत्र हरजीराम बैरवा निवासी प्रतापपुरा थाना डिग्गी व धन्नालाल पुत्र लखमा बागरिया निवासी बागरिया ढाणी तन सोड़ा को गिरफ्तार किया गया है।

## आम सभा व दिपावली स्नेह मिलन कल

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** जाट सेवा समिति मालपुरा के तत्वावधान में 7 नवम्बर को दिपावली स्नेह मिलन व आम सभा का आयोजन समिति अध्यक्ष मोतीलाल कारवाल की अध्यक्षता में ग्रामीण बालिका छात्रावास परिसर में आयोजित होगा।

मंत्री शिवजीराम चौधरी ने बताया कि 7 नवम्बर गुरूवार ग्रामीण बालिका छात्रावास परिसर में समिति की ओर से दिपावली स्नेह मिलन व समिति की आम सभा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। समिति की आम सभा में समाज सुधार, सामाजिक एकता, छात्रावास की व्यवस्था, अन्य भवन निर्माण कार्य करवाने सहित अन्य आवश्यक मुद्दो पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। वहीं इसी दिन शाम को दिपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन होगा।

अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी रहा जारी

# अभियान का मुख्य उद्धेश्य शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना : उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी

### आम जन को करना चाहिए सहयोग, अतिक्रमण करने वालो व स्वच्छता एवं सुन्दरता के विपरीत करने वालो पर होगी सख्त कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए शुरू हुआ अतिक्रमण अभियान लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन शहर की मुख्य सड़को को सुन्दर एवं स्वच्छ बनाने के लिए अभियान चलाया गया।

मालपुरा शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के उद्धेश्य उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट , नगरपालिका के कर्मचारियो व अतिक्रमण हटाओ दस्ते के साथ डेयरी तिराहे से लेकर डाक बंगला से व्यास सर्किल होते हुए सदरपुरा रोड पर जलदाय विभाग और कृषि मण्डी, कृषि विभाग के सामने से अतिक्रमण हटाए गए। अभियान के मध्य आने वाली मुख्य सड़को के दोनो ओर अस्थाई व स्थाई अतिक्रमणो को हटवाया जाकर सफाई भी करवाई गई। गणगौरी मैला मैदान व मण्डी के बाहर से विस्थापित हुए सभी लोगो को सदरपुरा







रोड पर विकसित महाराणा प्रताप कालोनी में पूर्व व अभी जारी भूखण्डो पर पट्टेधारियो को पुर्नवासित किया गया। अभियान के दौरान ही अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट जैसे ही महाराणा प्रताप कालोनी पहुंचे तो पुर्नवास के बाद स्थाई भूखण्डो के मालिको ने जाट का मालाऐं पहना कर अभिनन्दन कर उनकी ओर से उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी का अभिनन्दन स्वीकार करने का अनुरोध किया गया। इधर मालपुरा शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के उद्धेश्य से शुरू किए अतिक्रमण अभियान से विस्थापित हुए लोगो को पुर्नवास के बाद भूखण्डो के पट्टे मिलने एवं सड़को के स्थान पर रहने के लिए स्थाई भूखण्ड मिल जाने से पुर्नवासित सभी परिवारो के सदस्यो के चेहरे खिल गए। साथ ही पुर्नवास के बाद भूखण्डो के पट्टे मिलने के बाद परिवार के सभी सदस्यो ने उपखण्ड अधिकारी चौधरी सहित सम्पूर्ण उपखण्ड प्रशासन का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**क्या कहा उपखण्ड अधिकारी ने :** इस बारे में जानकारी चाहने पर उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी जो वर्तमान में नगरपालिका के अघिशाषी अधिकारी के पद का कार्य भी देख रहे हैं।

चौधरी ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान का मुख्य उद्धेश्य मालपुरा शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना है। इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। साथ्रा ही इन प्रयासो को अंजाम तक पहुंचाने के लिए सभी मालपुरा शहरवासियो का सहयोग अपेक्षित है।

चौधरी ने बताया कि अभियान के दौरान आम जन को किसी भी तरह से पर्रेशान नहीं किया जाएगा। लेकिन शहर की स्वच्छता एवं सुन्दरता के विपरीत कार्य करने वालो सहित अतिक्रमण करने वालो के साथ प्रशासन सख्ती बरतेगा। उपखण्ड प्रशासन मालपुरा शहर में अतिक्रमणो को किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं करेगा।

## अनीमिया से बचाने के लिए गर्भवतियों बच्चों को पिलाई आयरन की खुराक



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया गया। इस क्रम में जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया। साथ ही सभी को मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी प्रदान की गई।

सभी महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों को शक्ति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय व लाभार्थियों में अनीमिया नियंत्रण के लिए स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबीन की जांच, उपचार तथा एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयरन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार आवश्यक है और इसकी कमी होने से किस प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई।

अधिकारियों द्वारा सत्रों का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता की जांच, सभी आयुवर्गों की उपस्थिति की जांच की।

चिकित्सा संस्थानों पर एएनएम द्वारा समस्त लक्षित लाभार्थियों की एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई, महिलाओं एवम् बच्चों को थकान, भूख ना लगना, नाखूनों का सफेद होना, जीभ पर सफेद परत का होना जैसे कुछ सामान्य लक्षणों के आधार पर तथा एनीमिक पाए गए लोगों को दवा वितरित की गई। साथ ही एनीमिक पाई गई महिलाओं, बच्चों का उपचार कराने के लिए लगातार फॉलोअप किया जाएगा। साथ ही सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाघ पदार्थों का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई।

## सीईओ धारा सिंह ने किया एडीएम का अतिरिक्त पदभार ग्रहण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक जिला परिषद एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा) धारा सिंह मीणा ने मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर का भी अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि निवर्तमान अतिरिक्त जिला कलेक्टर जगदीश आर्य हाल ही 31 अक्टूबर को सेवानिवृत हो गए थे! उनके स्थान पर राज्य सरकार ने अभी तक किसी भी अधिकारी को नियुक्त नहीं किया है! ऐसे में जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धारा सिंह मीणा को अग्रिम आदेश तक अतिरिक्त जिला कलेक्टर का कार्यभार संभालने के आदेश दिए थे! गौरतलब है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा वर्ष 2011 बैच के राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने उपायुक्त नगर निगम जयुपर, उप निदेशक एच.सी.एम. रीपा जयपुर, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) जयपुर (दक्षिणी), अतिरिक्त जिला कलक्टर सीकर, शासन उप सचिव कार्मिक (क-2/नियम) विभाग राजस्थान जयपुर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दौसा एवं शासन उप सचिव कार्मिक विभाग जयपुर के पद पर अपनी सेवाएं दी है।

## ग्राम रमजानगंज के ग्रामीणों की पेयजल समस्या का हुआ समाधान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** उपखंड उनियारा के ग्राम रमजानगंज के उच्च जलाशय से वाया श्रीपुरा में जा रही पेयजल पाइप लाइन में से कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा अवैध कनेक्शन के कारण पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा था। इसकी शिकायत ग्राम वासियों ने जिला कलेक्टर को की थी। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा के निर्देश पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाश चंद मीणा ने पुलिस जाप्ते के साथ ग्राम रमजानगंज वाया श्रीपुरा में अवैध जल कनेक्शन हटाये।

## उपचुनाव प्रशिक्षण शिविर का आकस्मिक निरीक्षण सामान्य पर्यवेक्षक आशीष ठाकरे ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( नि.स. )।** निवाई-देवली उनियारा उपचुनाव के सामान्य पर्यवेक्षक आशीष ठाकरे ने मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे चुनाव प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशों की पालना करते हुए प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित किया ताकि मतदान दिवस पर आने वाली समस्याओं से बचा जा सके।

ठाकरे ने मतदान प्रशिक्षण दे रहे दक्ष प्रशिक्षकों को निर्देश दिए कि वे मतदान अधिकारियों को चुनाव के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं और तकनीकी जानकारी दें। निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार हरसोलिया ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में प्रथम मतदान अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि शिविर में दक्ष प्रशिक्षक देवकीनंदन गौतम, यामीन खान, त्रिलोकचंद जैन, सीताराम शर्मा, बनवारीलाल मिश्रा, सुनील शर्मा, और सत्यनारायण स्वर्णकार ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि प्रथम मतदान अधिकारी मतदाता सूची की चिन्हित प्रति का भार वहन करेंगे और मतदाता की पहचान के लिए उत्तरदायी होंगे। वे फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र अथवा चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित अन्य दस्तावेजों के आधार पर मतदाता की पहचान करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मतदान के बाद मतदाता की प्रविष्टि को लाल स्याही से तिरछी रेखा खींचकर काटा जाएगा। महिला मतदाताओं की क्रम संख्या पर गोला और ट्रांसजेंडर मतदाताओं की क्रम संख्या के पास स्टार अंकित किया जाएगा।

यदि मतदाता ने ईपिक से मतदान किया है, तो 'ई' अंकित किया जाएगा, जबकि अन्य दस्तावेजों से पहचान होने पर 'डी' अंकित किया जाएगा। प्रथम मतदान अधिकारी आयु और लिंग के आधार पर सांख्यिकीय आंकड़े भी संधारित करेंगे।

वे पीठासीन अधिकारी की अनुपस्थिति में पीठासीन अधिकारी के सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। चुनाव प्रभारी अमित जोशी और नायब तहसीलदार बी.एल. जांगिड़ ने चुनाव पर्यवेक्षक को चुनाव प्रशिक्षण की व्यवस्था और प्रथम मतदान अधिकारी की उपस्थिति संख्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## 160 की जांच के बाद 63 रोगी आपरेशन के लिए चयनित

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा ( नि.स. )।** रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के तत्वावधान में जिला अंघता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित लि:शुल्क नेत्र एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर में कुन 160 रोगियो की जांच के बाद 63 रोगी आपरेशन के लिए चयन किया गया। मंगलवार को आदिनाथ धर्मशाला में शिविर का आयोजन हुआ। क्लब सचिव सुनील जैन ने बताया कि रोटरी क्लब के सहायक प्रान्तपाल डॉ. अंकित जैन एवं क्लब अध्यक्षा डॉ. राकेश जैन के नेतृत्व में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारम्भ अभिभाषक संघ मालपुरा के अध्यक्ष एडवोकेट रविकुमार जैन सहित अन्य क्लब पदाधिकारियो ने दीप प्रज्जलवित कर शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में आई नैत्र विशेषज्ञ चिकित्सको के दल ने कुल 160 रोगीयो की जांच कर 63 रोगीयो को आपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयन किए गए सभी रोगीयो को आपरेशन के लिए जयपुर रवाना किया गया।

## बाल विवाह रोकथाम व जागरूकता की दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वाधान में मंगलवार को शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में बालविवाह रोकथाम के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य वक्ता अक्षय सिंह राजावत एवं आयुष ताजी असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सवाई माधोपुर ने बताया कि माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान के तहत देवउठनी एकादशी के अवसर पर आमजन को बालविवाह रोकथाम के संबंध में जागरूक करने के लिए 5 नवम्बर से 12 नवम्बर, 2024 तक सप्ताह भर तक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। असि. लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल अक्षय सिंह राजावत एवं आयुष ताजी द्वारा बालविवाह के मानव जीवन में पड़ने वाले दुष्परिणामों के संबंध में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बाल विवाह रुकवाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया, शिकायत के लिए संबंधित विभाग, बालविवाह के संबंध में सजा का प्रावधान आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर के प्रधानाचार्य गोपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को बालविवाह रोकथाम के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं बालविवाह का समर्थन नहीं करने के संबंध में शपथ दिलाई। इस अवसर पर पैरालीगल वॉलेंटियर्स धनराज मीना एवं मगन लाल मीना भी उपस्थित रहे।

## टोबेको फ्री यूथ कैंपेन, धूम्रपान करने वालों के काटे चालान


बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2 .0 का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत तंबाकू दुष्प्रभावों के प्रति आमजन में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है!

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना ने बताया कि तंबाकू और तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हमें सामूहिक प्रयास कर तंबाकू सेवन कर्ताओं में जागरूकता लानी होगी। इसके तहत जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकु का सेवन करने वाले व्यक्तियों के चालान काटे जा रहे हैं।

साथ ही स्कूलों में तंबाकू का सेवन नही करने की शपथ दिलाई जा रही है व जागरूकता रैलियां निकाल कर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। केम्पेन के दौरान शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त करने के लिए शपथ, रैलियों का आयोजन कर साइनेज का भी प्रदर्शन किया जा रहा है।

## काश मैं तेरा मोबाईल बन जाऊं.......



मोहब्बत भी क्या खूबसूरत चीज है मित्रों, अनेक शायरों ने इसे शानदार तरीके से शायरी के माध्यम से महसूस करवाया है। एक नए-नए बने शायर ने भी क्या नायब तरीका अपनी प्रेमिका के लिए निकाला है उसने अपनी प्रेमिका के लिए लिखा है-काश मैं तेरा मोबाईल बन जाऊं..

**मैं दूर भी जाना चाहूं तो तुझे बैचेन कर जाऊं..**

दोस्तों आज के दौर में शायद इंसान को सबसे प्रिय कोई चीज है तो वह है उसका मोबाईल । क्षण भर भी अपने से दूर ना तो हो सकते देख सकता है ना ही करना चाहता है। इंसान अकेला भी हो तो कोई गम नहीं बस मोबाईल और उसका चार्जर साथ होना चाहिए। जिसे देखों अपने समय में से अधिकत्तर समय मोबाईल के लिए ही निकालते हैं। इसे अपने से दूर कर ही नहीं सकते। हम सुबह उठते ही सबसे पहले मोबाईल ढूंढते हैं। मन्दिर में भी पूजा के समय एकाध बार मोबाईल पर तो नजर चली ही जाती है। आजकल तो लोग बाथरूम में भी मोबाईल लेकर जाने लग गए हैं। इतनी मोहब्बत हो सकती है मोबाईल से ये तो इंसान के जरीए मोबाईल बना देने वाली उस महाशक्ति ने भी नहीं सोचा होगा। सुबह जागने से लेकर रात को सोने तक,सबसे प्रीयतम मोबाईल ही बना हुआ हैं। ऐसे में शायर ने क्या खूब कहा है कि काश मैं तेरा मोबाईल बन जाऊं तेरे अक्स में अपना अक्स पाऊं-काश मैं तेरा मोबाईल बन जाऊं.........।

# एग्रीकल्चर प्लॉटिंग पर बुलडोजर चला

## श्मशान के पास 10 बीघा जमीन की कच्ची रोड़ को जेसीबी से हटाया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** दीपावली के बाद फिर से एग्रीकल्चर प्लॉटिंग पर अलवर ड्रुञ का बुलडोजर चला है। मंगलवार को भूगोर में श्मशान के पास और मंगलम रेजिडेंसी के पीछे करीब 10 से 15 बीघा जमीन पर अवैध प्लॉटिंग के लिए बनाई गई मिट्टी की रोड को हटाया गया।

यूआईटी के तहसीलदार अनिल शर्मा ने बताया कि अवैध प्लॉटिंग पर यूआईटी की बराबर कार्यवाही होती है। उसी के अनुसार जेईएन की रिपोर्ट के आधार पर भूगोर में श्मशान घाट से लगती करीब 8 से 10 बीघा जमीन पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। इसके पास ही मंगलम रेजिडेंसी के पीछे भी अवैध प्लॉटिंग पर एक्शन हुआ है। जिसको लेकर पहले खातेदार को नोटिस दिया गया। नोटिस का जवाब नहीं आने के बाद नियम के अनुसार अवैध प्लॉटिंग के लिए डाली जा रही कच्ची रोड को जेसीबी से हटाया गया है। इसके अलावा खातेदार को पाबंद भी कर दिया है। ताकि आगे अवैध प्लॉटिंग नहीं हो। यहां मंगलम रेजिडेंसी के पीछे भी अवैध प्लॉटिंग मिली। वहां भी यूआईटी के दस्ते ने अवैध रोड को तोड़ने का काम किया। ताकि आगे प्लॉटिंग नहीं हो सके।

**आसपास में चौतरफा हो गई एग्रीकल्चर प्लॉटिंग :** जहां यूआईटी ने अवैध प्लॉटिंग होने से रोका है। उसके चारों तरफ अवैध प्लॉटिंग पहले हो चुकी है। जिस पर मकान भी बन गए। कई जगहों पर मकान तेजी से बन रहे हैं। जिसके कारण यूआईटी प्रशासन पर सवाल उठते हैं। एक बार अवैध प्लॉटिंग को रोका जाता है। कुछ महीनों के बाद उसी जगह कॉलोनी बस जाती है। ऐसा



पूरे शहर में होता आ रहा है। हर साल यूआईटी 10 से 15 जगहोंपर एग्रीकल्चर प्लॉटिंग को रोकती है। फिर उस जगह दुबारा प्लॉटिंग होती है और मकान बन जाते हैं। एग्रीकल्चर प्लॉटिंग पर बुलडोजर चलाने की केवल दिखावा मात्र की कार्यवाही है।

# ग्रामीण परिवेश के बच्चों के साथ बाँटी दिपावली की खुशियां

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** हर बार की तरह इस बार भी पशु पक्षी पर्यावरण सुरक्षा समिति की ओर से नटणी के बारां से मालाखेड़ा रोड पर चांद पहाड़ी गांव के जोहरा बढ़ बास में लगभग 75 छोटे गरीब बच्चों को मिठाई खिलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पशु पक्षी पर्यावरण सुरक्षा समिति के संस्थापक महात्मा प्रेमनाथ जी महाराज ने बताया कि ईश्वर की कृपा से ये आयोजन हम लोग पिछले 16वर्षों से कर रहे



हैं। इस कार्यक्रम हमारे साथ संस्था से जुड़े स्थानीय लोग सुनील शर्मा,गुरदेव सिंह अमर सिंह भी उपस्थित रहे।

# चलती बाइक से लोगों पर जलते बम फेंकने वाले तीन समाज कंटक गिरफ्तार, पकड़े जाने पर हाथ जोड़कर मिमियाते हुए माफी मांगी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )** । गोवर्धन पूजा की रात घर के बाहर खड़े युवक-युवतियों पर और बस के नीचे जानबूझकर जलता बम फेंकने के मामले में पुलिस ने बाइक सवार तीन युवकों को शांति भंग में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार होने के बाद तीनों आरोपी पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते हुए माफी मांगते नजर आए। पुलिस की ओर से तीनों युवकों के माफी मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। टाउन चौकी इंचार्ज एएसआई निर्भय सिंह गुर्जर ने बताया कि शांति भंग में गिरफ्तार किए गए तीनों युवक बामड़ा कॉलोनी निवासी रिंकू उर्फ ऋतिक सैनी, आदर्श निवासी सोहेल खान और भीमनगर चामड मंदिर निवासी प्रेम शंकर हैं। गौरतलब है कि बाइक सवार इन तीनों युवकों ने गोवर्धन पूजा की रात कस्बे के सुभाष चौक, मीराना तिराहा सहित कई स्थानों पर बाइक पर चलते हुए लोगों के ऊपर जलते हुए बम फेंके थे। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। जिन्हें देखकर डिप्टी एसपी कृष्णराज ने संज्ञान लेते हुए पुलिस को बाइक सवार युवकों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिए थे। इसी तरह स्टेशन रोड लोगों पर जलते बम फेंकने वाले तीन बाइक सवार गिरफ्तार, हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते (मिमियाते) हुए माफी मांगी



## पठानपाड़ा में 12वीं के छात्र को चाकुओं से गोदा, दो आरोपीयों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के पठानपाड़ा इलाके में दिवाली की रात आपसी कहासुनी के बाद 12वीं कक्षा के छात्र को घर से बाहर बुलाकर चाकू से गोदने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि दिवाली कीरात पठानपाड़ा में निवासी सन्तोषपुत्र शिवलहरी प्रजापत अपने घर पर परिजनों के साथ लक्ष्मी पूजन कररहा था। इसी बीच उसके मोबाइल पर एक फोन कॉल आया। फोनकॉल करने वाले से उसकी कहासुनी हुई। कुछ देर बाद ही उसके दोस्तों ने घर आकर आवाज दी। आवाज सुनकर बाहर निकले सन्तोष पर साहिल एवं विष्णु ने चाकुओं सेहमला कर उसे गम्भीर घायल करदिया। इस दौरान आरोपियों के दोभाई रवि कोली और विष्णु गुर्जर भीहमलावरों के साथ थे। चाकुओं केताबड़तोड़ वार से युवक के शरीर मेंकई स्थानों पर गहरे घाव हो गए। वारदात के दौरान मौजूद अन्य दोनों आरोपियों की भूमिका की भी पुलिस जांच कर रही है।

# साइकिल पंचर की दुकान में घुसा कोबरा सांप

## कोबरा सांप को घुसता देख लोगों में मचा अफरा-तफरी का माहौल, स्नेककेचर ने किया रेस्क्यू

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के सुभाष चौक- बजरिया रोड के व्यस्त बाजार स्थित एक साइकिल की दुकान में 5 फीट लंबा कोबरा सांप घुसने से हड़कंप मच गया। सांप को देखकर वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के दुकानदारों और राहगीरों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।। जिससे दुकानदार और स्थानीय लोग भयभीत हो गए।

सांप के दुकान में घुसते ही दुकानदार रवि सोनी और दीनू प्रजापति ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी और मदद मांगी। लेकिन, सूचना देने के बावजूद वन विभाग की टीम लगभग एक घंटे तक नहीं पहुंची। इस बीच सांप दुकान के नीचे रखे पत्थरों के बीच जाकर छिप गया, जिससे हालात और भी कठिन हो गए। स्थिति को संभालने के लिए दुकानदार और स्थानीय लोगों ने स्नेक रेस्क्यू एक्सपर्ट केशव देव से संपर्क किया। केशव देव तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना



देर किए सांप को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अपना काम शुरू कर दिया। सांप को पकड़ने में लगभग डेढ़ घंटे का समय लगा, क्योंकि कोबरा पत्थरों के बीच छिपा हुआ था और उसे पकड़ना आसान नहीं था। केशव देव ने सांप को पत्थरों के बीच से बाहर निकाला और सावधानी पूर्वक उसे एक जार में बंद कर लिया। इसके बाद उन्होंने सांप को शहर से बाहर दूर जंगल में ले जाकर सुरक्षित रूप से छोड़ दिया।

## शहर में दहशत फैलाने वाली मॉडिफाई साइलेंसर से पटाखा चलाने वाली 12 बाइक्स यातायात पुलिस ने की जप्त

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** दीपावली वाले दिन,,पठाका बजाकर आमजन में दहशत फैलाने वाले बाइक चालकों के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ तेजपाल सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी हरिओम मीणा व उनकी टीम ने मोडिफाइड साइलेंसर वाली 12 इनफील्ड बाइक्स को जप्त किया है। उल्लेखनीय की दीपावली वाले दिन शहर में ऐसी पटाखा बजाने वाली मॉडिफाई साइलेंसर की बाइक चालकों ने हड़कंप मचाकर आम जन में दहशत का माहौल पैदा किया था, इस मामले को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन लगातार निर्देश दे रहे



थे की मॉडिफाई साइलेंसर वाली बाइक के खिलाफ यातायात पुलिस कार्यवाही करें। ऐसे में यातायात थाने के प्रभारी हरिओम मीना ने अपनी टीम के साथ टाबड़ तोड़ कार्यवाही करते हुए 12 मॉडिफाई साइलेंसर वाली बाइक को जप्त किया है। यातायात प्रभारी मीणा ने बताया कि आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

## कैफे शेफ बाइक, नगदी और मोबाइल लेकर रफ्‌ु चक्कर

**संचालक ने दर्ज कराई थाने में रिपोर्ट, बोला -फोन करने पर 10 दिन तक का दिया लौटने का झांसा**

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना में एक कैफे का शेफ कैफे संचालक की बाइक, काउंटर से 50 हजार कैश और एंड्रॉयड मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। कैफे संचालक के फोन करने पर शेफ ने दो दिन में गांव से वापस आकर बाइक, मोबाइल और कैश लौटाने का वादा किया। लेकिन 10 दिन गुजर जाने के बाद भी शेफ कैफे पर वापस नहीं पहुंचा। घटना को लेकर मंगलवार दोपहर कैफे संचालक ने शेफ के खिलाफ बयाना कोतवाली थाने में केस दर्ज कराया है। रुदावल थाना इलाके के गांव मड़ौली निवासी कुंवरपाल प्रजापत ने बताया कि उसका बयाना कस्बे के मीराना कचहरी रोड पर डोसेट के नाम से कैफे है। कैफे में पिछले 5 माह से अछनेरा (यूपी) निवासी रज्जाक खान केक बनाने का काम कर रहा था। गत 24 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे शेफ रज्जाक खान उसकी डेढ़ लाख रुपए की स्पोर्ट्स बाइक, एंड्राइड मोबाइल और कैश काउंटर में रखे 50 हजार रुपए चोरी करके फरार हो गया। पता लगने पर उसे फोन किया तो उसने अपने गांव जाना बताया और 2 दिन बाद वापस लौट कर सारा सामान वापस देने का वादा किया। लेकिन उसके बाद शेफ रज्जाक ने फोन उठाना बंद कर दिया। एसएचओ बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि पीड़ित कैफे संचालक की रिपोर्ट पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच हैड कांस्टेबल मुकुट बिहारी को सौंपी गई है।

## बिजली, पानी, सड़क और चिकित्सा को लेकर विधायक अधिकारीयों की लेंगे बैठक : रहित

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति सभागार में आगामी 6 नवम्बर बुधवार को प्रात: 9.30 से दोपहर 12 बजे तक ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयों की बैठक होगी। उपखण्ड अधिकारी अनुराग रहित ने बताया कि बिजली,पानी, सड़क और चिकित्सा से सम्बंधित विभागों के विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जिसमें राज्य सरकार की बजट घोषणाओं से सम्बंधित कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। रहित ने बताया कि बैठक में स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत भी मौजूद रहेंगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया।

# श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज के छात्रों ने लहराया परचम

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** श्री हरिदत्त महाविद्यालय के छात्रों ने अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में 100 मीटर में प्रथम वर्ष के छात्र सत्येंद्र चौधरी गोल्ड मेडल एवं लॉन्ग जंप में तृतीय वर्ष के छात्र रोहित धनगर ने ब्रोंज मेडल प्राप्त कर बृज यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल में भी प्राप्त किये मेडल. उल्लेखनीय है कि महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणाम में बी एड, इंटीग्रेटेड एवं डिग्री कॉलेज में क्रमश: गोल्ड बा सिल्वर मेडल शैक्षणिक उपलब्धि के रूप में प्राप्त किए हैं, वही लगातार खेल गतिविधियों में भी महाविद्यालय के छात्र उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं ! इस अवसर पर श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज के निदेशक डॉ आलोक शर्मा ने छात्रों को साफा माला स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, डॉ.संजू शर्मा, डॉ.पुष्पा चौधरी, डॉ.नीता माथुर, डॉ. राजकमल दिवाकर, डॉ.गौरव करोला,डॉ सचिन सैनी, डॉ पूनम




चौधरी ,अशोक गुर्जर ,विनोद अवस्थी ,राममोहन , डी सी सैनी सहित समस्त स्टाफ ने भी आशीर्वचन कहे।

## र्राफा व्यवसायी के घर सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी चोरी, व्यवसायी परिवार के साथ दीपावली मनाने गया था जयपुर

बढ़ता राजस्थान

**नारायणपुर ( नि.स. )।** कस्बे के पुराने बाजार में एक सर्राफा व्यापारी के घर से लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी हो गए। ज्वेलर्स दीपावली मनाने के लिए अपने परिवार के साथ जयपुर गया हुआ था और पीछे से चोर सूने घर से लाखों रुपए के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। ज्वेलर्स राकेश कुमार सोनी ने बताया कि धनतेरस के दिन वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जयपुर अपने माता-पिता के पास दीपावली मनाने गया था। राकेश सोनी नारायणपुर के सीएचसी में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं, पार्ट-टाइम में वह अपने घर पर स्वर्णकार का काम करता हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम करीब 7 बजे जब वह नारायणपुर स्थित अपने घर पहुंचा, तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला खोला, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया और दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद वह दूसरे मकान की छत से घर के अंदर गया, जहां सीढ़ियों का दरवाजा खुला हुआ था। घर के अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि सभी कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी टूटी हुई थी। जांच करने पर पता चला कि सोने-चांदी के सभी आभूषण गायब थे।

# बयाना के भाजपा पदाधिकारी कर रहे देवली उपचुनाव में प्रचार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** लोकसभा चुनाव में वांछित परिणाम नहीं मिलने से अब भाजपा उपचुनाव में पूरा दमखम लगाती नजर आ रही है। ऐसे में भरतपुर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं को भी उपचुनावों में प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश नेतृत्व ने बयाना के कई कार्यकर्ताओं को भेजा है।

मंगलवार को देवली पहुंचे भरतपुर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रमन धाकड़ एवं कैलादेवी झील मंडल अध्यक्ष पदम सिंह धाकड़ ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ मतदाताओं को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को बताकर भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर के पक्ष में मतदान करने की अपील की। चुनावों में जातिगत



समीकरणों को देखते हुए धाकड़ समाज के बाहुल्य वाले गांवों मे भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने जातिगत मतदाताओं को साधने के लिये समाज के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को भेजकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं को लामबन्द करने के लिये भेजा है। उपचुनाव के लिए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर एवं पार्टी के प्रदेश महामंत्री भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल लगातार कैम्प कर रहे हैं। इस दौरान एडवोकेट सुरेन्द्र धाकड़, माडुकला निवासी आसाराम धाकड़, अमरजीत नागर आदि साथ रहे।

# महिला का किराए के घर में शव मिला

## परिजनों ने दो जनों पर हत्या का शक जताया, पुलिस कर रही मामले की जांच

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर शहर के शिवाजी पार्क थाना क्षेत्र के बुधविहार में 29 साल की महिला की संदिग्ध मौत हो गई। महिला के परिजनों ने दो लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया।

डीएसपी सुरेश कुड़ी ने बताया कि सोमवार सुबह सूचना मिली कि बुधविहार में एक मकान में महिला का शव मिला है। मृतका की बहन सुमन मीणा ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी बहन सीमा मीणा पिछले 3 वर्षों से बुधविहार में किराए के मकान पर रहती थी। जिसकी किसी संदीप चौधरी व मोना नाम की लड़की के साथ पहले से कोई मारपीट का मामला था। जो मेरी बहन के कमरे पर आते जाते थे। उन पर हत्या का शक है। वही महिला के भाई ने बताया कि मेरी बहन सीमा मीणा मूल रूप से ट्रांसपोर्ट नगर अलवर की ही रहने वाली थी। कल शाम को मेरी मम्मी ने बहन से फोन पर बात करना चाहा तो उसका फोन बंद आ रहा था।

काफी बार प्रयास किए लेकिन बात नही हो हुई। बाद में पता लगा कि बहन कमरे में पड़ी है। पहले अचेत लगी। लेकिन अस्पताल में डॉक्टर ने मृत बता दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कला एवं कौशल संवर्धन का मंच बने 'बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेला' : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** बूंदी महोत्सव-2024 के तहत बूंदी के कुंभा स्टेडियम में 19 से 28 नवंबर तक बूंदी उद्योग एवं हस्तशिप मेले का आयोजन होगा। मेला आयोजन को लेकर की गई तैयारियों की मंगलवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बूंदी महोत्सव के तहत आयोजित बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेला कला एवं कौशल संवर्धन का मंच बने। इस मंच पर प्रदेश एवं अन्य प्रांतों के दस्तकार व शिल्पकार अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर सके। उन्होंने कहा कि मेला आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। मेले में आने वाले दस्तकारों एवं शिल्पकारों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने निर्देश दिए कि मेला स्थल की अच्छे से सफाई करवाई जावे। चिकित्सा विभाग द्वारा लगाई जाने वाली मेडीकल स्टॉल पर प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी के समाधि स्थल पर 6 से 7 हजार रु. की लागत का विकास कार्य कराने में कपासन के कांग्रेस नेता का कार्यकाल प्रारंभ से अंतिम दौर तक आ गया

## इस कार्य को भी जनता में बढ़ती किरकिरी पर आनन फानन में पूर्ण कराया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षैत्र के राजनीतिक गलियारों में अपनी उदासीनता को लगातार चर्चा में बने रहने वाले नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष के प्रतिनिधि पूर्व नगर पालिका पार्षद एक बार फिर जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ की चर्चाओं में शीर्ष पर है। यतूहां नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष के प्रतिनिधि पूर्व नगर पालिका पार्षद को क्षेत्रीय जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ में इनके निर्वाचित वार्ड क्षेत्र की समस्याएं सोशल मीडिया के पटल पर आए दिन छाई रहती है।

गौरतलब है कि विगत दिनों से चर्चा में आये स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भावनीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल पर रख- रखाव के अभाव में हुई दुर्दशा का मामला अब नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष एवं इनके प्रतिनिधि हेतु जी का जंजाल बनता प्रतीत हो रहा है।जिसमे उक्त समाधि स्थल पर आनन फानन में रंग रोगन कराने एवं रंग रोगन पर खर्च होने वाली राशि को लेकर अब उक्त जनप्रतिनिधि जनता जनार्दन की चर्चाओं में परवान पर है।जिसमे जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ में कौतूहल के साथ चर्चा का विषय बना है कि नगर पालिका के पिछले दरवाजे पर विकास कार्यों की निविदाएं पाने हेतु कुकुरमुत्ते की तरह मंडराने में व्यस्त।जिससे 6 से 7 हजार रूपये की लागत के रंग रोगन विकास कार्य हेतु लंबा समय लग गया।यहां कपासन के विकास पुरुष स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल को स्वच्छ एवं दुर्दशा से छुटकारा दिला पाने में नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष का उक्त पूर्ण कार्यकाल इनके प्रतिनिधि पूर्व नगर पालिका पार्षद राजीव सोनी की अगुवाई में समाप्ति तक पहुंच गया।उक्त कार्य को नगर पालिका कपासन में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर पूर्ण कराया गया।जिससे क्षेत्र की जनता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ में चर्चाएं बनी रही। गौरतलब है कि उक्त समाधि स्थल के सुधार एवं विकास हेतु कपासन क्षैत्र की जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा रोष प्रकट करने तथा जनता में बढ़ती किरकिरी से हतप्रभ कांग्रेस नेता द्वारा आनन फानन मे निंद्रा का त्यागकर स्वतंत्रता सेनानी के समाधि स्थल पर रंग रोगन कार्य करवाया गया। इधर नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी एवं नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने दैनिक बढ़ता राजस्थान संवाददाता को संपर्क में बताया कि नगर क्षैत्र के वार्ड नं. 6 में स्थित क्षेत्र के विकास पुरुष स्वतंत्रता सेनानी स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल पर हुवे नवीन रंग रोगन का कार्य नगर पालिका कपासन के बैनर तले किया गया है।उक्त कार्य हेतु संबंधित वार्ड के जनप्रतिनिधि द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से उक्त रंगरोगन कार्य कराने का आग्रह किया गया।



जनता जनार्दन एवं दैनिक बढ़ता राजस्थान की मुहिम के आगे कपासन में नेता प्रतिपक्ष ने टेके घुटने



# प्रहलाद गुंजल ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

## सफाई कर्मचारी की भर्ती में अनुभव प्रमाण पत्र की शर्त अव्यवहारिक अनुभव प्रमाण पत्र की शर्त में बदलाव करे या शर्त को हटाये

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नगरीय निकायों में निकायवार रिक्त सफाई कर्मचारियों के पदों की सीधी में अनुभव प्रमाण पत्र की शर्त को अव्यावहारिक बताया। गुंजल ने कहा कि भर्ती हेतु जारी परिपत्र में सफाई कर्मचारी हेतु नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका में ही काम करने का जो अनुभव प्रमाण पत्र मांगा गया है वह अव्यावहारिक है। उन्होने कहा कि वाल्मीकि समाज के हजारों लोगों में कितने लोगों को नगरीय निकायों में संविदा, निविदा पर काम पर लिया जाता है। साथ ही झाड़ू लगाने जैसे काम के लिए यह कहां तक व्यवहारिक है की नगरीय निकायों का ही अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा।

गुंजल ने कहा कि वाल्मीकि समाज के गरीब लोग अन्य राजकीय विभागों में संविदा पर, निजी अस्पतालों, होटलो, दुकानों, मेसो यहां तक की गरीब अपनी आजीविका चलाने के लिए 20-20 घरों में 300 रुपए महीने में शौचालय साफ करने तक का काम करते हैं। गुंजल ने मांग की कि इस भर्ती में सफाई कर्मचारियों का नगरीय निकायों के अलावा अन्य राजकीय विभागों, अस्पतालों, होटलो, दुकानों, मेसो सहित निजी घरों का भी अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होना चाहिए अथवा इस अनुभव प्रमाण पत्र की शर्त को अविलंभ हटाया जाना चाहिए साथ यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसमें वाल्मीकि समाज के लोगों की ही अधिक से अधिक भर्ती हो। गुंजल ने कहा कि मुख्यमंत्री वाल्मीकि समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अनुभव प्रमाण पत्र की शर्त पर पुनः विचार करे व उचित निर्णय होने तक आवदेन की अंतिम तिथि को निर्णय होने के एक सप्ताह बाद तक आगे बढ़ाये।

## अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक

# पत्र-लिखकर सिर्फ औपचारिकता न करें अधिकारी : कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में शहरी क्षेत्र के विभिन्न विभागों के कार्यों और उनकी प्रगति पर गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी से शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि वह शीघ्र ही संबंधित विभागों को साइट प्लान एवं जी शेड्यूल उपलब्ध कराए, ताकि निर्माण कार्यों की प्रभावी निगरानी की जा सके। बैठक में कलक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव सेवाओं की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

डॉ. गोस्वामी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी और आईपीडी सेवाओं का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर न किया जाए और उन्हें आईपीडी सेवाओं का लाभ भी प्राप्त हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नर्सिंग स्टाफ को प्रसव सेवाओं के लिए प्रशिक्षित करने पर जोर दिया ताकि यहां भी प्रसव की सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर ने रामपुरा, दादाबाड़ी, भीमगंजमंडी, कुन्हाड़ी और विज्ञान नगर जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी विस्तार से ली। एमबीएस अस्पताल में विभिन्न छोटे-मोटे निर्माण कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि नियमानुसार वार्षिक टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाए। उन्होंने एमबीएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ धर्मराज मीणा को कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) और लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय कर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाने के निर्देश दिए। राज्य स्तर पर आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर ने सभी विभागों से संबंधित पत्रावलियों की प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। स्वच्छता व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, उन्होंने जिला खेल अधिकारी को हॉस्टल में नियमित रूप से सफाई कार्य करवाने के निर्देश दिए।

साथ ही सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि केवल पत्राचार के माध्यम से औपचारिकता निभाने की बजाय कार्यों का स्वयं के स्तर पर फॉलोअप किया जाए और उन्हें धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने कहा कि पत्र लिखकर जिम्मेदारी को समाप्त कर देने का रवैया अस्वीकार्य है और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके अलावा, नगर निगम के अधिकारियों से स्वच्छता और पूर्व में चल रहे कार्यों की प्रगति पर जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। कोटा विकास प्राधिकरण के सचिव कुशल कोठारी को एमबीएस अस्पताल में नियोजित योजनाओं के तहत कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए।

इस बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी के.के. शर्मा, नगर निगम आयुक्त उत्तर अशोक त्यागी, नगर निगम आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## कोटा की सभी अग्रवाल संस्थाएं मिलकर करेगी आयोजन

# अग्रवाल समाज का अन्नकूट महोत्सव 9 को



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन कोटा जिला के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल व महामंत्री रमेशचन्द्र गोयल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला कोटा व समस्त अग्रवाल समाज की इकाइयों का अन्नकूट महोत्सव 9 अक्टूबर को दशहरे मैदान स्थित विजयश्री रंगमंच पर आयोजित होगा।

मुख्य संयोजक सन्तोष राजेन्द्र अग्रवाल व स्वागत अध्यक्ष हरिप्रसाद अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में 25 समितियों का गठन किया गया है। जिसमें भोजन समिति, मंच संचालन, अतिथि सत्कार समिति बनाई गई है।

कार्यक्रम में भामाशाहों व कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। जिला समन्वयक नवल गर्ग व युवा संयोजक आशीष जैन ने बताया कि भोजन की व्यवस्था महिलाएं संभालेंगी। अतिथियों को अपने हाथों से भोजन परोसने के लिए काउंटर पर 151 महिलाओं की टीम तैयार की गई है। सभी महिलाएं एक जैसी साड़ी में उपस्थित रहेगी। जिला सह समन्वयक मयंक अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज के सभी घरों में कूपन पहुंचाए जा रहे हैं। समाज के एक-एक सदस्य को जोड़ा जा रहा है। जिसे पारिवारिक माहौल दिया जा सके।

### 20 हजार लोग शामिल होंगे

प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में 20 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे।

### 56 छप्पन भोग की झांकी सजेगी

युवा अध्यक्ष सुमित जैन व महामंत्री लोकेश गुप्ता ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में गिर्राजधरण की झांकी सजाई जाएगी। महाआरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र होगा।

## आबकारी एमनेस्टी योजना-2024

# बकायादारों के लिए बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी का लाभ

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा आबकारी विभाग की पुरानी बाकीयात को निपटाने के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना - 2024 प्रारंभ की है जिसके तहत बकायादारों को बकाया राशि जमा करवाने पर बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी भंवरलाल जनागल ने बताया कि आबकारी विभाग के बकायादारों के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना-2024 पुरानी बकाया को निपटाने का सुगम अवसर है। उक्त योजना के तहत बकायादारों द्वारा बकाया राशि जमा करवाने पर बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी के साथ ही मूल बकाया राशि में भी छूट का प्रावधान किया गया है। यह योजना 31 दिसम्बर 2024 तक प्रभावी है। इस योजना का लाभ लेकर पुरानी बकाया राशि का भुगतान कर अनावश्यक सम्पत्तियों की नीलामी, कुर्की, वादकरण से बचा जा सकता है। इस संबंध में जानकारी एवं बकाया प्रकरणों के निपटारे के लिए अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी निरीक्षक से सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत राशि नही जमा करवाने पर बकायादारों एवं उनके जमानतियों की चल-अचल सम्पत्तियों की कुर्की की जाकर भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत प्रचार-प्रसार कर नीलामी एवं आवश्यक होने पर बकायादारों के विरूद्ध सिविल, फौजदारी मुकदमें दर्ज करवाने की कार्यवाही भी की जा सकती है।

**बकायादारों पर की कार्रवाई :** जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी विभाग ने एमनेस्टी योजना के तहत छूट देने के बाद भी बकाया जमा नहीं करवाने वाले बकायादारों पर कार्रवाई की गई। मंगलवार को ग्राम डोलिया में कार्रवाई के दौरान एक खेत को कुर्क किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम डोलिया के राजेन्द्र सिंह के तीन खसरों की 1.52 हैक्टेयर भूमि में से बकायादार की हिस्सा भूमि को राजस्व पटवारी की उपस्थिति में कुर्क किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी ग्राम कुराड तहसील कनवास के एक बकायादार की 2.43 हैक्टेयर जमीन को कुर्क किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एमनेस्टी योजना 2024 के तहत बकायादारों को राज्य सरकार की ओर से काफी छूट दी गई है। इसमें वर्ष 2018 से पूर्व की मूल बकाया पर 75 प्रतिषत राशि तथा ब्याज माफ किया गया है। वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक के बकायादारों को मूल राशि का 50 प्रतिशत तथा ब्याज माफ किया गया है। वर्ष 2022 से मार्च 2024 तक बकायादारों को मूल राशि जमा कराये जाने पर ब्याज माफ किया गया है।

# अध्यापक की चाकू घोपकर हत्या करने के मामले में मीणा समाज के लोगो का आक्रोश

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** सोमवार की रात अध्यापक की अम्बेडकर सर्किल पर चाकू घोपकर हत्या करने के मामले में मंगलवार को सुबह 11 बजे मीणा समाज के लोगो का आक्रोश देखने को मिला । करीबन 1 घंटे से भी अधिक मीणा समाज के लोगों व परिजनों ने कलेक्ट्रेट के बाहर कोटा बूंदी मार्ग को जाम लगाकर अवरोध किया व मृतक अध्यापक मनीष मीणा के हत्यारो को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर दंड की मांग रखी , वहीं मृतक मनीष मीणा के परिवार में माता-पिता के भरण पोषण वास्ते एक करोड़ रुपए की सरकार से मांग की है। मनीष उनके माता-पिता की इकलौती संतान था । तीसरी मांग मामले को ऑफिसर स्कीम के तहत इस पूरे मामले को लिया जाए साथ ही पुलिस द्वारा की जा रही सारी घटना परिजनों व समाज के सामने पारदर्शिता के साथ की जाए । पुलिस प्रशासन ने घटनास्थल का सुबह एफएसएल टीम द्वारा सबूत इकट्ठा करवाए गए वही पुलिस टीमों को नाकाबंदी कर मुलजिमो की तलाश शुरू कर दी हैं , इस पूरे मामले में प्रशासन अतिरिक्त जिला कलेक्टर महेंद्र तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा के सामने चर्चा हुई और कोटा बूंदी मार्ग से जाम हटाया। मुलजिमों को गिरफ्तार जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की आश्वासन के बाद ही परिजन व समाज बंधु मृतक का शव को उठाकर दाह संस्कार के लिए ले गए। यह निर्णय समाज बंधुओ द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा चरखवाड़ा , सरपंच संघ अध्यक्ष अनदीलाल मिला, पूर्व जिला प्रमुख महावीर मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा , ग्रामीण छात्र संघ अध्यक्ष लोकेश मीणा, जय प्रकाश मीणा, हेमराज मीणा, रामदत मीणा, राकेश अमली, दीपक मीणा, सहित कहीं समाज बंधु उपस्थित रहे।

# सेवा निवृत वरिष्ठ पेंशनर की विशेष बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (नि.स.)।** अखिल भारतीय परमाणु ऊर्जा विभाग पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन रावतभाटा द्वारा परमाणु ऊर्जा विभाग व नाभिकीय विद्युत निगम से सेवा निवृत वरिष्ठ पेंशनर की एक विशेष बैठक का आयोजन गेट नंबर चार के सामने प्रताप नगर, स्थित बी एम एस कार्यालय में की गई।जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सेवानिवृत कर्मचारी व एसोशिएशन के अध्यक्ष पी बी शर्मा ने की।जानकारी देते हुए वरिष्ठ सेवा निवृत कर्मचारी व कार्यक्रम के संयोजक डी पी सिंह ने बताया कि बैठक में पेंशनर समाज से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें प्रस्तावित मांग पत्र पर धरने व प्रदर्शन की कार्ययोजना पर संरक्षक निर्मल जैन ने विस्तार से निम्न मांगो को जिसमें पेंशनर को अस्पताल में क्रोनिक मरीजों को ब्रांडेड दवाइयां देने, जन औषधियों की जेनरिक दवाओं की घटिया सप्लाई की गुणवत्ता की जाँच अधिकृत प्रयोग शाला में कराये जाने, मेडिकल बिलों का क्लेम करने के बाद समय पर एक माह में भुगतान करने, क्लेम करने की सीमा एक माह से बढ़ाकर कर तीन माह करने।कोटा उदयपुर के पेनल हॉस्पिटल को भी जयपुर दिल्ली एन सी आर के एटपार इमपेनल हॉस्पिटल की तरह ही सुविधा जनक शर्तों पर इनपेनल किए जावे। स्थानीय हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा दवाई वितरण में किए जा रहे भेद भाव को समाप्त किया जावे।डीएई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड बनवाने के आदेशानुसार तुरन्त स्मार्ट कार्ड जारी किये जावे। देश में परमाणु ऊर्जा विभाग व एन पी सी आई एल द्वारा इन पेनल हॉस्पिटल की लिस्ट सूची सार्वजनिक की जावे।स्थानीय चिकित्सालय में मरीज को दी जा रही मेडिसिन बार-बार बदल के दी जा रही है, इसे तुरंत प्रभाव से बंद किया जावे।सही व उच्च गुणवत्ता की दवाइयां ही दी जावे।कोटा में निवास कर रहे हैं सेवानिवृत कर्मचारियों की सुविधा के लिए कोटा में डेंटल अस्पताल को इमपैनल किया जावे।चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा कैशलेस मेडिसिन सुविधा उपलब्ध कराई जाने, जिसप्रकार अन्य स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है, आदि अनेक समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा व सुझाव लेकर प्रस्तावित 6 नवंबर को प्रातः 10.00 बजे से सांयकाल 5.00 बजे तक दिए जाने वाले धरने के आयोजन को सफल बनाने की रणनीति ओर आगे की कार्यवाही पर निर्णय लिया। उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया की जो आज बैठक उपस्थित है वो कल धरने पर जरूर बैठे।इस पर सभी ने सहमति दी बैठक में पेंशनरस एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी व सक्रीय व साधारण सेवा निवृत सदस्य धरना स्थल पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर अपने उचित अधिकार पानी के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।

बैठक में नरोतम जोशी,पी बी शर्मा, निर्मल जैन, डी पी सिंह, एम बी शर्मा, सवाई सिंह राठौड, जे पी ओझा, संतोष कुमार, एस सी नंदवाना , जे के सेवदा, जे पी ओझा, सोहन लोट, आर एल मलिक, आर एस वर्मा, , एम एस त्यागी, ओ पी शर्मा, एन के सुमन, टी आर उपाध्याय, वचन सिंह, रमेश चन्द्र, आर ए सिंह, टी आर उपाध्याय, वचन सिंह, व सक्रीय सदस्य उपस्थित रहे।

# उपखंड क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसे,तीन लोग घायल, दो को किया रेफर

## कोयला गांव के पास बाइक सहित नाले में गिरा युवक,बसेड़ी रोड पर अपना घर के पास सड़क दुर्घटना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** विगत 24 घंटे के दौरान बाड़ी उपखंड क्षेत्र में दो सड़क हादसे देखने को मिले हैं। जिसमें तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को सूचना पर पहुची एम्बुलेंस द्वारा बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायल धौलपुर रेफर किया हैं। वही एक घायल का उपचार बाड़ी सामान्य अस्पताल में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पहले सड़क हादसा सोमवार की रात उपखंड के हाईवे पर गड़रपुरा के पास हुआ है। जहां बाबा विशिंगिर मंदिर पर किसी रिश्तेदार से मिलकर लौट रहा बाइक सवार कोयला गांव के पास अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरा। दुर्घटना की सूचना पर हाईवे एंबुलेंस 1033 में घायल को ग्रामीणों के सहयोग से नाले से निकाला और सामान्य अस्पताल भर्ती कराया साथ आये परिजनों ने बताया कि घायल युवक संतोष पुत्र लक्ष्मण प्रजापति है। जो दरुआ पुरा गांव का निवासी है। वह अपने रिश्तेदार को खाना देने बाबा विशिंगिर





के आश्रम पर गया था। जहां से वापस बाइक से लौट रहा था। इस दौरान अंधेरा होने के चलते कोयला गांव के पास नाले में बाइक सहित गिर गया। दुर्घटना में घायल संतोष पुत्र लक्ष्मण प्रजापति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

**अपना घर के पास दो बाइको में भिड़न्त :** दूसरी ओर मंगलवार को सुबह 10 बजे बसेड़ी रोड पर अपना घर आश्रम के पास दो बाइको में भिड़न्त का मामला सामने आया है। जिसमें गांव सिंगोरई निवासी केशव पुत्र रामवीर जाटव और रामवीर पप्पू जाटव घायल हुए है। दोनों पिता-पुत्र बाड़ी बाजार में सामान खरीदने गांव से आ रहे थे। इस दौरान जैसे ही वह अपना घर आश्रम के पास पहुंचे, अपना घर की तरफ से निकली बाइक से उनकी भिड़न्त हो गई। इस दौरान दूसरी बाइक पर एक युवक सवार था जो पहले तो गिर गया लेकिन बाद में उठकर मौके से गायब हो गया। घटना में केशव पुत्र रामवीर और रामवीर पुत्र पप्पू जाटव घायल है। केशव की हालत गम्भीर है। जिसे धौलपुर रेफर किया है। रामवीर का बाड़ी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# बाड़ी सफाई कर्मचारियों के अनुभव प्रमाण पत्र नहीं हो रहे सत्यापित

## कलेक्टर से की मुलाकात, बाड़ी में अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के बैनर तले मंगलवार को सफाई कर्मियों ने जिला कलेक्टर से मुलाकात की। जिला कलेक्टर से मुलाकात कर सफाई कर्मियों ने अनुभव प्रमाण पत्र सत्यापित नहीं किए जाने की शिकायत की। सफाई कर्मियों ने बताया कि बाड़ी नगर पालिका में रिक्त चल रहे अधिशासी अधिकारी के पद के चलते उनके अनुभव प्रमाण पत्र सत्यापित नहीं किए गए हैं। जिससे उन्हें सीधी भर्ती में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मोहन थनवार और बाड़ी के अध्यक्ष राघवेंद्र बागड़ी के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। जिसमें बताया गया है कि राजस्थान नगर पालिका (सफाई कर्मचारी सेवा) नियम 2012 के अन्तगर्त राज्य की 185 नगरीय निकायों के निकायवार कुल सफाई कर्मचारी के 23820 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है। जिसमें अनुभव प्रमाण पत्र नगर निकाय के संवेदक द्वारा जारी किए जा रहे हैं। जिन अनुभव प्रमाण पत्र का नगर पालिका स्तर से सत्यापित किया जाना अनिवार्य है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका बाड़ी के अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त होने के कारण सफाई कर्मचारियों के अनुभव प्रमाण पत्र सत्यापित नहीं हो पा रहे हैं। जिस कारण से सफाई कर्मचारी सीधी भर्ती के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर 2024 है। जिसके चलते उन्हें आवेदन करने में परेशानी आ रही है। सफाई कर्मियों ने जिला कलेक्टर से ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाने के साथ अनुभव प्रमाण पत्र संवेदक के साथ नगर पालिका स्तर से बनाए जाने की मांग की है। जिस मांग पर जिला कलेक्टर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# धौलपुर के हॉकी खिलाड़ी का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

## राजस्थान की टीम से खेलेंगे योगेश कुमार, चेन्नई में होगी राष्ट्रीय प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर( राजू शर्मा )।** धौलपुर के हॉकी खिलाड़ी योगेश कुमार का राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। हॉकी खिलाड़ी योगेश कुमार का राजस्थान की टीम में चयन हुआ हैं। जो चेन्नई में खेली जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम की ओर से भाग लेंगे।

हॉकी टीम के सीनियर खिलाड़ी हीरा बहादुर थापा ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में धौलपुर की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए योगेश कुमार ने बेहतर प्रदर्शन किया था। जिसके लिए उनका राजस्थान टीम में चयन किया गया हैं। राजस्थान की टीम में चयन होने के बाद योगेश कुमार राष्ट्रीय स्तर पर धौलपुर का नाम करेंगे। उन्होंने बताया कि हॉकी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता चेन्नई में आयोजित की जाएगी। जिसके लिए राजस्थान के खिलाड़ियों में पसीना बहाना शुरू कर दिया हैं। राष्ट्रीय टीम में हॉकी खिलाड़ी योगेश कुमार का चयन होने के बाद जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह के साथ सचिव रणवीर सिंह, अजय बघेल और विजय दिवाकर ने हर्ष व्यक्त किया है।

# जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक, सड़क, बिजली, पानी और स्वच्छता पर फोकस, सम्पर्क पोर्टल पेंडेंसी का समयबद्ध निस्तारण करें और संतुष्टि सुनिश्चित करें

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** राज्य बजट में जिले के लिए की गई घोषणाओं से संबंधित कार्य त्वरित गति से करें। अधिकारी बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए निरंतर फॉलो अप करें। सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का तय समय में निस्तारण किया जाए। यह निर्देश जिला कलक्टर नमित मेहता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। जिला कलक्टर ने बैठक में पीएचईडी, डिस्कॉम, यूआईटी, नगर निगम, चिकित्सा विभाग सहित सभी विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, सतर्कता समिति के बकाया सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करवाने के लिए जवाब भिजवाये जाने के निर्देश दिए।

### संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निस्तारण समय तथा संतुष्टि प्रतिशत को सुधारें

उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए त्वरित कार्रवाई एवं फॉलो अप करें। विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की प्रगति से अपडेट रहने के साथ ही उच्च स्तर को भी सूचित करते रहें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सम्पर्क पोर्टल, माननीय मुख्यमंत्री एवं अन्य उच्च स्तरीय कार्यालयों से प्राप्त परिवादों का समयबद्ध निस्तारण करें। पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निस्तारण समय तथा संतुष्टि प्रतिशत को सुधारें। उन्होंने कहा कि एल-1, एल-2 सहित समस्त स्तरों पर पेंडेंसी की जांच करें। कार्यालय स्तर पर औसत निस्तारण समय को कम करने के लिए प्रकरणवार समीक्षा की जाए। निस्तारित प्रकरणों का संतुष्टि स्तर जांचने के लिए जिला स्तर से परिवादियों से मोबाईल पर बात भी की जाए।

उन्होंने कहा कि विभाग अपने से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी लाएं। जिला कलक्टर ने जिन सड़कों के मरम्मत कार्य बाकी है को जल्द पूर्ण करवाने, कृषि विभाग को किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज की उपलब्धता रखने और इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग करने के बारे में निर्देशित किया। साथ ही बकाया विद्युत कनेक्शन और पेयजल कनेक्शन की डिस्कॉम और पीएचईडी के अधिकारियों से जानकारी ली। जिला कलक्टर ने कमिश्नर, नगर निगम को शहर साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने और शहर की सड़को को अतिक्रमण मुक्त करने के संबध में निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, सीईओ जिला परिषद चंद्रभान भाटी, एसडीएम दिव्यराज चुंडावत, नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

# सोहा गांव में पशुबाड़े में रखी दस बीघा खेत की बाजरे की करब जलकर खाक

## अज्ञात कारणों से लगी आग पर नगर पालिका की दमकल ने पाया काबू

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के सोहा गांव में पशुओं के बाड़े में रखी करीब 10 बीघा भूमि की बाजरे की करब अज्ञात कारणों से जलकर खाक हुई है। मंगलवार को दिन में दो बजे के करीब हुई उक्त घटना की जानकारी जैसे ही लोगों को मिली। वे मौके पर पहुचे और जैसे-तैसे आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इस पर ग्रामीणों ने कंचनपुर थाने को आग लगने की घटना की जानकारी दी। जहां से बाड़ी नगर पालिका के फायर स्टेशन पर सूचना मिली। ऐसे में सूचना पर नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची जिसने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया है।

बाड़ी नगर पालिका के दमकल चालक शरीफ खान ने बताया कि जैसे ही कंचनपुर थाने से आग लगने की घटना की जानकारी मिली। वे दमकल के साथ फायरमैन रविंद्र, मनोज और सुभाष को लेकर मौके पर पहुंचे। जहां पशुओं के बाड़े में रखी करीब 10 बीघा भूमि की करब में आग लगी हुई थी साथ में



एक छप्पर भी आग की भेंट चढ़ चुका था। ग्रामीणों के सहयोग से करीब एक घण्टे में आग पर काबू पाया है। घटना में गांव के गयाप्रसाद के तीन लड़के देवीसिंह,मायाराम और छिंगाराम को आर्थिक नुकसान हुआ है। जो संयुक्त रूप से रहते है। तीनों के पशु भी इसी बाड़े में बंधते है। जो घटना के दौरान बाहर चरने गए थे।10 बीघा की करब अभी खरीदी थी जिसे पशुवाड़े में लाकर रख दिया था। जिससे सर्दी के दिनों में पशुओं के चारे की समस्या नहीं रहे लेकिन अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई।घटना की जानकारी मिलने पर कंचनपुर पुलिस भी मौके पर पहुची। आग लगने की सूचना उप तहसील कार्यालय कंचनपुर को दी है। जहां से हल्का पटवारी मौके पर रवाना हुए हैं। घटना में तीनों किसानों को करीब एक लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

## आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार युवक-युवती घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** धौलपुर के कोतवाली और बड़ी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई। वहीं, दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद महिला के शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहला हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र में मचकुंड रोड पर हुआ। जहां बाइक पर मचकुंड से लौट रहे युवक और युवती को सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए युवक और युवती को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। जहां युवती की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, युवक को अस्पताल में भर्ती कर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दूसरा हादसा बाड़ी थाना क्षेत्र में हुआ। जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक पर सवार एक बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कर की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला कृष्णा (70) पत्नी कप्तान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे बाड़ी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां बुजुर्ग महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से हुई बुजुर्ग महिला की मौत के बाद उसके शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया हैं। जिसकी सूचना बाड़ी थाना पुलिस को दी गई हैं। जिस मामले में परिजनों द्वारा रिपोर्ट दिए जाने पर महिला का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

# मरीज ने डॉक्टर के गले में मारी कैंची : गंभीर हालत में किया रेफर

## दवाई के पैसे ज्यादा मांगने से नाराज हो गया था आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** प्राइवेट डॉक्टर के गले में मरीज ने कैंची मार दी। वार से गंभीर घायल हुए डॉक्टर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर को रेफर किया गया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को राउंडअप किया हैं। घटना निहालगंज थाना क्षेत्र में संतर रोड पर स्थित एक प्राइवेट क्लिनिक में हुई। घटना को लेकर मौके पर मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि संतर रोड पर चांदसी दवाखाना के नाम से प्राइवेट डॉक्टर काली शंकर (60) पुत्र राजेंद्र निवासी शास्त्री नगर अपना निजी क्लिनिक चलाता हैं। जिस क्लिनिक पर रविवार को पुरैनी गांव का रहने वाला युवक गौरव चर्म रोग की दवाई लेने आया था। दवाई लेने के बाद आरोपी युवक गौरव ने डॉक्टर को ज्यादा पैसे लेने की बात कहते हुए उसके गले में



कैंची मार दी। कैंची के वार से डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से डॉक्टर को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस कर्मियों की मदद से अस्पताल ले गए डॉक्टर की हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए रेफर किया गया हैं। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से पकड़े गए युवक को पुलिस ने राउंड अप किया हैं। जिससे पुलिस घटना को लेकर पूछताछ कर रही हैं।

# महिलाओं ने 30 मिनट में कुर्ता तैयार किया : सिलाई का प्रशिक्षण ले रही महिलाओं के लिए प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** महिलाओं की दक्षता बढ़ाने और बाजार की मांग के अनुरूप तेजी से कार्य करने के लिए सहेली सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर सिलाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को सरमथुरा के बड़ागांव में मंजरी फाउंडेशन के द्वारा एसबीआई कार्ड के सहयोग से कराई गई प्रतियोगिता में महिलाओं ने 30 मिनट में कुर्ता सिलकर तैयार कर दिया। प्रतियोगिता को लेकर प्रशिक्षिका नीलोफर खान ने बताया कि प्रशिक्षण ले रही सभी महिलाओं के लिए आयोजित की गई प्रतियोगिता में 25 महिलाओं मे भाग लिया। प्रतियोगिता में 5 महिलाओं ने 30 मिनट में और 8 महिलाओं ने 45 मिनट में कुर्ता सिलकर तैयार कर दिया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के तहत सभी प्रतिभागियों को कपड़े के साथ साथ सिलाई के लिए जरूरी सभी सामान उपलब्ध करवाया गया। जिनको अपनी पसंद से किसी भी डिजाइन का कुर्ता सिलना था। खरोली ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि रवि मीणा ने कहा कि मंजरी फाउंडेशन के सिलाई सेंटर से महिलाएं आत्मनिर्भर होकर अपने फैसले खुद ले पाएंगी और परिवार में आर्थिक सहयोग कर पाएंगी। ग्राम विकास समिति के राम प्रकाश मीणा ने बताया कि मंजरी ने एसबीआई कार्ड के सहयोग से प्रतिदिन दो बैच चलते हैं, जिनमें 60 महिलाएं और लड़कियां प्लाजो, कुर्ता, शर्ट आदि सीखने आती हैं। सेंटर में आधुनिक सिलाई मशीन, कटिंग मशीन, फॉल पिको मशीन आदि उपलब्ध करवाई गई हैं।

प्रतियोगिता के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने बताया कि जिला कलेक्टर की पहल पर गांव में ही बहू बेटियों को सिलाई सिखाने की जरूरत को देखते हुए



इस खस्ताहाल पड़े उप स्वास्थ्य केंद्र को मंजरी फाउंडेशन को दे दिया गया है। जिन्होंने इसकी काया ही पलट दी है। गांव की बेटी-बहू सिलाई सीखकर रोजगार से जुड़ रही हैं। उन्होंने बताया कि न केवल खरोली ग्राम पंचायत बल्कि आसपास के गांवों की महिलाएं यहां सिलाई सीखने आ रही हैं।

# पुलिस से बजरी माफियाओं की मुठभेड़ : एक आरोपी को छुड़ाकर ले गए, दो गिरफ्तार, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** धौलपुर में अवैध खनन को लेकर पुलिस की बजरी कारोबारियों से मुठभेड़ हो गई। बजरी कारोबारी पुलिस पर फायरिंग करते हुए एक आरोपी को छुड़ाकर भाग गए। इस दौरान पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला आंगई थाना इलाके का है। आंगई थाना प्रभारी राम अवतार मीणा ने बताया कि अवैध बजरी खनन की सूचना पर हेड कॉन्स्टेबल अशोक सिकरवार के साथ पुलिस की टीम ने धोंध के जंगलों में चंबल बजरी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर तीन लोगों को पकड़ लिया। इस दौरान एक बोलेरो में सवार होकर आए 12 लोगों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के जवाब में पुलिस ने भी दो राउंड फायरिंग की। थाना प्रभारी राम



अवतार मीणा ने बताया कि पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर पीछे बैठे युवक को छुड़ाकर जंगलों की ओर भाग गए। इस दौरान पुलिस ने चंबल बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# अवैध चंबल बजरी परिवहन करते एक आरोपी को सदर पुलिस ने पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध चंबल बजरी परिवहन के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चंबल बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली जप्त की है।वही गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम एवं फोरेस्ट एक्ट की विभिन्न धाराओं में कार्यवाही की जा रही है। सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि सपा धौलपुर सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर विशेष अरावली अभियान के तहत चंबल बजरी को लेकर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत जरिये मुखबिर सूचना मिली कि अवैध चंबल बजरी को लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली डांग क्षेत्र से गजपुरा होकर आ रही है। ऐसे में पुलिस ने मौके पर जाकर कार्रवाई की। जहां से एक अवैध चंबल बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को जप्त किया है और आरोपी देवेंद्र सिंह पुत्र कप्तान सिंह गुर्जर निवासी महाराजपुर ग्राम पंचायत निधारा को गिरफ्तार किया है।

# शिव महापुराण कथा आजा से

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** निकटवर्ती डगला का खेड़ा में बुधवार से प्रतिदिन दोपहर 1 बजें से 4 बजें तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जायेगा। 6 नवम्बर से 12 नवम्बर तक प्रतिदिन कथा वाचक घनश्याम वैश्णव शिव महापुराण का वाचन करेंगे। ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित इस कथा के लिए बुधवार को प्रातः 10 बजें राधाकृश्ण मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा का आयोजन भी किया जायेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश महेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली इस वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु आज न्यायालय परिसर चित्तौड़गढ स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में यातायात पुलिस के साथ बैठक का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार गोयल की अध्यक्षता में किया गया। सचिव सुनील कुमार गोयल ने उपस्थित सदस्यों को मोटर व्हीकल के चालान से संबंधित मामलों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाने हेतु निर्देशित किया तथा अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर लोक अदालत में राजीनामे से निस्तारित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने प्री लिटिगेशन मामलों को लोक अदालत में रखवाकर निस्तारित करने हेतु निर्देश प्रदान किए ताकि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कर न्याय को शीघ्र एवं सुलभ बनाया जा सके। बैठक में पुलिस अधिकारी सुनीता गुर्जर उपस्थित रहीं। सचिव सुनील कुमार गोयल ने बताया कि इस वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को किया जायेगा जिसमें न्यायालयों में लम्बित एवं प्री लिटीगेशन प्रकरणों का इस लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण किया जायेगा। अतः समस्त पक्षकार इस लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को रखवाकर लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठावें।

# अंता के नागदा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 7 नवम्बर को

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. )।** बारां जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर प्रत्येक माह के प्रथम गुरुवार को आयोजित होने वाली ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में 7 नवम्बर 2024 को ग्राम पंचायत नागदा में जनसुनवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि आमजन ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में उपस्थित होकर विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करवा सकते है साथ ही राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित व्यक्ति पात्रता के अनुसार लाभ प्राप्त कर सकेंगे। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में स्थानीय जनप्रतिनिधि, उपखंड अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण, ग्रामवासी मौजूद रहेंगे।

# सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती हेतु शिविरों का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** जिले में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप आयोजित किया जा रहा है। 06 नवंबर को आईटीआई गंगरार, 07 नवंबर आईटीआई राशमी, 08 नवंबर को आईटीआई डूंगला, 11 नवंबर को आईटीआई चितोडगढ़, 12 नवंबर को आईटीआई भदेसर, 13 नवंबर को आईटीआई कपासन में प्रात 10:30 बजे से शाम 3 बजे तक कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक बेरोजगार युवक जिनकी योग्यता 10वी पास, उम्र 18 से 45 वर्ष, ऊँचाई 168 सेमी, वजन 52 से 90 किलो, एवं सुपरवाइजर हेतु स्नातक . कम्प्यूटर, उम्र 21 से 45 वर्ष, ऊँचाई 172 सेमी. वजन 60 से 90 किलो हो वे अपनी 10 वी पास की अंकसूची, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, एक फोटो के साथ उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। चयनित युवाओं को 15 दिन के आवासीय प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्रों में 15,000 से 20,000 तक के मासिक वेतन के साथ 58 वर्ष तक स्थाई नौकरी के साथ ही पीएफ, पेंशन, जीवन बीमा, मेडिकल, सालाना वेतन में वृद्धि, प्रमोशन, आवास एवं मेस आदि सुविधाएं दी जाएगी।

# एम डी तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

## एस पी के निर्देश पर तस्करों के विरुद्ध चल रहे अभियान में मिली सफलता

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** एम डी जेसे घातक नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त कर उसके कब्जे से करीब सात ग्राम एम डी बरामद कर बाइक सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया नशे के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत डग पुलिस ने नाके बन्दी के दौरान चाचुरानी निवासी अफ़रोज़ पुत्र शहजाद के कब्जे से 07.90 ग्राम मादक द्रव्य मिथाइलीन डाईआक्सी मेथैगफेटामाइन जप्त करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर उपयोग में ली गई बाइक को बरामद कर अनुसंधान किया जा रहा है।

# गोपाष्टमी नौ को: गोविंद देवजी मंदिर में श्रद्धालु कर सकेंगे गौ पूजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी में गोपाष्टमी उत्सव 9 नवम्बर को भक्तिभाव से मनाया जाएगा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि सुबह मंगल झांकी के बाद ठाकुर श्रीजी का वैदिक मंत्रोचारण के साथ पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। केसरिया रंग की नटवर वेश पोशाक एवं विशेष अलंकार श्रृंगार धारण कराया जाएगा। माखन-मिश्री का विशेष भोग अर्पण किया जाएगा। ठाकुर श्रीजी के सम्मुख गौमाता एवं बछड़ों के खिलौने सेवा में रखे जाएंगे। ठाकुर श्रीजी के गौचारण भाव से अद्भुत दर्शन होंगे। श्रृंगार झांकी के बाद महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में मंदिर परिसर में गौ पूजन किया जाएगा।

# अब फिरेंगे सड़को के दिन जल्द सुधरेगी सड़कों की दशा, निविदाएं निकाली: 42 किमी में सड़क के 26 कार्यों की वित्तीय स्वीकृति मिली

बढ़ता राजस्थान



**अंता बारां ( शफीक मंसूरी )।** अब जल्द ही सड़कों की दशा सुधरने की संभावना है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में स्वीकृत किए गए कार्यों की स्वीकृति आ गई है। इसको लेकर जिले में 42.55 किमी में सड़क नवनिर्माण के लिए 26 कार्यों की वित्तीय स्वीकृति मिली है। इसमें छबड़ा, बारां, किशनगंज, शाहाबाद समेत कई जगहों पर घोषित की गई सड़कों की स्वीकृति मिली है। अब पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इन कार्यों को लेकर निविदाएं आमंत्रित की गई है। नवंबर की शुरुआत में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। इसके बाद इन घोषणा का काम शुरू हो सकेगा। पीडब्ल्यूडी विभाग के अनुसार विभाग को कुल 22.13 करोड़ रुपए के 42 कार्यों की वित्तीय स्वीकृति मिली है। इसके तहत नेशनल हाईवे 27 से बमूलिया गांव में पुलिया मरम्मत के लिए 5 लाख। अंता, धाकड़, खेड़ी वाया दुगारी गांव में पुलिया की एप्रोच कार्य के लिए 5 लाख, एनएच 27 से खान की झोपडियां गांव की पुलिया के एप्रोच कार्य के लिए 25 लाख, तिसाया से रामपुरिया बड़ौद तक सड़क नवीनीकरण कार्य के लिए 70 लाख, जलोदा तेजाजी से चैनपुरिया तक सड़क नवीनीकरण कार्य के लिए 78.25 लाख, स्टेट हाईवे 19 से भोज्याहेड़ी गांव तक सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 15 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। साथ ही स्टेट हाईवे 37 से कनाड़ा गांव तक सड़क नवीनीकरण कार्य के लिए 43.75 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

### छबड़ा से पटना के बीच सड़क का होगा नवीनीकरण

पीडब्ल्यूडी विभाग के अनुसार अडांद से पिपलोद के बीच व अंताना से मुसेनमाता के बीच सड़क के सुदृढ़ीकरण व उन्नयन कार्य के लिए 1.50-1.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। साथ ही मोठपुर से नयागांव के बीच सड़क के नवीनीकरण के लिए 81 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

वहीं छबड़ा से पटना वाया कईयानोहर मूंडक्या के बीच सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए 3.75 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। साथ ही रेलावन से जैतपुरा के बीच सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए 4.26 करोड़, समरानियां से नाटई अनरोड़ा के बीच सड़क के लिए 1.23 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। राजस्थान के मिनी खजराहो भंडदेवरा में संपर्क सडक के लिए 18 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। जिले में कुल 26कार्यों की वित्तीय स्वीकृति मिली है।

### 15 लाख से बनेगी डीपीआर

पीडब्ल्यूडी विभाग के अनुसार बारां शहर के कोटा रोड़ से नलका फाटक मेडिकल कॉलेज रोड़ पर नलका फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। इसको लेकर बजट में घोषणा की थी। अब ओवरब्रिज निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रुपए की लागत से डीपीआर बनाने की स्वीकृति मिल गई है। आगामी दिनों में इसकी डीपीआर जल्द बनवाकर उच्चस्तर पर भेजी जाएगी। जिसके बाद इसकी वित्तीय स्वीकृति मिलने पर इसका कार्य भी शुरू करवाया जाएगा। पीडब्ल्यूडी एसई डीआर क्षत्रिय ने बताया कि जिले में बजट घोषणा के तहत घोषित कार्यों की वित्तीय स्वीकृति मिली है। इसके तहत 42 .50 किमी में सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न जगहों पर संपर्क सड़क व पुलिया का एप्रोच कार्य किया जाएगा। इसके लिए कुल 43 . करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इसके लिए एनआईटी लगा दी गई है। वहीं, बारां में नलका फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य के लिए डीपीआर बनाने की स्वीकृति मिली है। यह सभी कार्य जल्द शुरू करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

# गम्भीरी तट पर भव्य चुनरी मनोरथ, छप्पन भेग, महाआरती, दीपदान सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** मेवाड़ महोत्सव समिति द्वारा चित्तौड़ शहर में प्रथम बार गंभीरी नदी के तट पर चुनरी महोत्सव छप्पन भोग, महाआरती, दीपदान आतिशबाजी ढेलनगाडो के साथ 501 फीट चुनरी, 5100 इक्यावन सौ दीपक से महाआरती जैसे कार्यक्रम सम्पन्न हुए। मेवाड़ महोत्सव समिति के अध्यक्ष अनन्त समदानी एवं कार्यक्रम संयोजक गोपाल भूतडा के अनुसार गम्भीरी माता के चुनरी मनोरथ के लिए विशेष रूप से 501 फीट की चुनरी को जयपुर के कारीगरो द्वारा तैयार कर मंगवायी गयी। चित्तौडगढ के गम्भीरी नदी पर पहली बार लगभग सोलह नावों के साथ चुनरी मनोरथ का आयोजन किया गया जिसमें महिलाएं चुनरी पहन कर व पुरूष धोती कुर्ता पहन कर बडी संख्या मे शामिल हुए। उपस्थित सैकड़ो शहरवासियों द्वारा चुनरी को हाथ लगाकर गम्भीरी मैया को समर्पित किया। आरती के दौरान नदी के सभी तटों पर आतिशबाजी द्वारा भव्य दृश्य का निर्माण किया गया जो काफी रोमान्चित करने वाला रहा। उपस्थित जन नागरिकों, महिलाओं, बच्चों ने नोका विहार कर गम्भीरी नदी की सुन्दरता एवं कार्यक्रम की सराहना की। मेवाड़ महोत्सव समिति के अध्यक्ष अनन्त समदानी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए चित्तौडगढ़ सांसद सी.पी.जोशी के सामने गम्भीरी नदी पर गम्भीरी माता की प्रतिमा एवं साबरमती की तर्ज पर चित्तौड की गम्भीरी नदी पर रिवरफ्रन्ट बनाने की मांग की। इस अवसर पर गम्भीरी माता की मूर्ति अतिशीघ्र लगवाने का संकल्प लिया एवं रिवरफ्रन्ट के लिए कुछ निजी खातेदारी जमीन आने से उनसे खातेदारों से बात कर निश्चित रूप से इस कार्य को भी शीघ्र ही अमल मे लाने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार के राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा, जिला प्रमुख भूपेन्द्रसिंह बडोली, भाजपा जिलाध्यक्ष मिटठूलाल जाट, प्रधान देवेन्द्र कंवर, भूमि विकास बैंक चेयरमेन बद्रीलाल जाट, भाजपा प्रदेश सहकोषाध्यक्ष अनिल सिसोदिया, समिति संरक्षक श्रवणसिंह राव, अध्यक्ष अनन्त समदानी, सचिव आशा पोखरना, उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीमाल, कार्यक्रम संयोजक गोपाल भूतडा, आयोजन सचिव अनुराग द्विवेदी एवं कोटा से पधारे प्रमुख संतो की टीम के सानिध्य मे मॉ गंगा की तर्ज पर चित्तौड की गम्भीरी तट पर भव्य महाआरती की गई। महाआरती के सम्पन्न होते ही नदी के चारों तरफ एवं आसमान में भव्य सतरंगी आतिशबाजी की गई जिससे देखते ही वहॉ मौजूद शहरवासी रोमांचित हो उठे। श्रीनाथ जी की झांकी के सामने छप्पन भोग मे लगभग 180 तरह के व्यंजनो का भोग धराया गया वहां मौजूद सभी भक्तों के लिए दो क्विंटल नुगती एवं गर्म पकोडी का प्रसाद एवं छप्पन भोग का प्रसाद वितरीत किया गया। 5100 दीपक के साथ दीपदान गम्भीरी नदी मे किया गया जो देखते ही देखते एक आकर्षण बन गया।

### कार्यक्रम की व्यवस्था इन्होने संभाली

ज्योति तिवारी, एडवोकेट रेखा समदानी, एडवोकेट अंजली गोस्वामी, वन्दना कुमावत, रूची श्रीमाल, सीमा पोरवाल, वन्दना भूतडा, राधा काबरा, प्रिया वासवानी, अरूणा द्विवेदी, जया तोषनीवाल, नरेश बाहेती, गोपाल पोरवाल , हिमांशु जाजु, हनुमान शर्मा, बन्टी शर्मा, महेन्द्र राजावत, बलजीत सिंह सोनी, माधव माहेश्वरी, विकास गंगवाल, अभिषेक मुन्दडा, अभिमन्यु माहेश्वरी, अभिषेक व्यास, आशीष काबरा, दिनेश कुमावत, आयुष माहेश्वरी, अर्पित छीपा, हर्षवर्धन सिंह चौहान, बादल शर्मा, आशुतोष छीपा, दीपक शर्मा, अनुराग बांगड, आदि कार्यकर्ता अन्तिम समय तक व्यवस्था मे जुटे रहे। यंक्रम का संचालन अजय गगरानी एवं गोपाल भूतडा ने किया।

# अंता विधायक कंवरलाल मीणा ने अपने समर्थकों के साथ कस्बे में दीपावली की रामा-श्यामी



बढ़ता राजस्थान

**अंता /बारां ( शफीक मंसूरी )।** दीपावली के अवसर पर अंता विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंवरलाल मीणा ने मंगलवार को अंता कस्बे में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के हुजूम साथ दीपावली की रामा-श्यामी की । अंता क्षेत्रीय विधायक मीणा ने नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल के साथ बमोरी बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर हजारों समर्थकों के साथ कोटा बारां रोड़ पीडब्ल्यूडी तिराहा अस्पताल रोड़ मेन बाजार सीएडी तिराहे पर लोगों से गले मिल दीपावली की रामा श्यामी कर दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान अनेक स्थानों पर व्यापारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने विधायक मीणा, का कई जगह माल्यार्पण, साफाबंदी, शॉल, श्रीफल, आतिशबाजी से भव्य स्वागत किया गया । इस दौरान विधायक कंवरलाल मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल सुमन, कस्बे के भाजपा के वरिष्ठ वयोवृद्ध नेता ओम प्रकाश नंदवाला के निजी आवास पहुंचकर आशीर्वाद लिया कुशलक्षेम पूछी इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल सुमन,भाजपा वरिष्ठ नेता बंसीलाल सोनी, पार्षद धनराज चौरसिया, कीर्ति मालव, रोहित नंदवाना, मोहित कालरा, सतीश नागर, राजकुमार नन्दवाना (राजू) महेश पंवार, पूर्व सहकारी उपाध्यक्ष ओम चौरसिया, रवि शर्मा, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र नागर, प्रवीण गालव, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष चेतन नागर, पूर्व पार्षद घनश्याम मारन, पार्षद हरि गुर्जर,नरेंद्र गोचर, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे ।

# निजी स्कूलों की ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आरंभ





बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के स्कूल शिक्षा परिवार ब्लॉक डग द्वारा आयोजित 3 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन मंगलवार को उद्घाटन समारोह के पश्चात क्रिकेट में माँ गायत्री विद्या पीठ रोझाना व आरवीएस शिशु मंदिर चौमहला वेदांत पब्लिक स्कूल डग व न्यू एकलव्य पब्लिक स्कूल डग प्रेस्टीज पब्लिल स्कूल डग व आदर्श कॉन्वेन्ट हिंदी मीडियम के मध्य मैच हुए जिंसमे माँ गायत्री विद्या पीठ ,वेदांत पब्लिक स्कूल,प्रेस्टिज पब्लिक स्कूल विजेता रहे।खोखो में एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल चौमहला व आदर्श कॉन्वेन्ट सेकण्डरी स्कूल इंग्लिश मीडियम न्यू एकलव्य स्कूल डग व आदर्श कॉन्वेन्ट हिंदी मीडियम आरवीएस शिशु मंदिर व माँ गायत्री विद्या जिंसमे आदर्श कॉन्वेन्ट इंग्लिश मीडियम ,आदर्श कॉन्वेन्ट हिंदी मीडियम ,माँ गायत्री विद्या पीठ विजेता रहे । लम्बी कूद में आरवीएस शिशु मंदिर चौमहला व नागेश्वर पब्लिक स्कूल उन्हेल संयुक्तरूप से प्रथम रहे माँ गायत्री विद्या पीठ रोझाना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रायवेट श्चह्यस्त्र2ह्य के जिला अध्यक्ष केबी शर्मा ,स्कूल शिक्षा परिवार के जिला प्रभारी अरुण राठौर, जिला अध्यक्ष देवेंद्र गुर्जर , ब्लॉक प्रभारी ओम प्रकाश नागर, ब्लॉक अध्यक्ष गोवर्धन पुष्पद ,मीडिया प्रभारी सुरेश सिंह ,कार्यक्रम संयोजक इमरान खान ने बताया कि प्रतियोगिता में 12 टीमो के 452 टीमो के खिलाड़ी भाग ले रहे है।

**एलपीजी केवाईसी व बकाया कमीशन को लेकर सरकार व राशन डीलरों में ठनी**

# डीलरों का सचिवालय पर जंगी हल्ला बोल प्रदर्शन ,बोले-कमीशन नहीं तो काम नहीं

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** जिले के राशन डीलरो ने नि:शुल्क एलपीजी केवाईसी के आदेश व बकाया कमीशन नहीं देने के विरोध में लामबंद होकर जिला सचिवालय पर जोरदार हल्ला बोल घेराव प्रर्दशन कर विरोध जताया और जारी आदेश पर पुनर्विचार करने की मांग की। राज्य सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर द्वारा खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों की नि:शुल्क एलपीजी केवाईसी राशन डीलर द्वारा करवाने के विरोध स्वरूप मंगलवार को जिला सचिवालय पर जुटे करीब 300 राशन डीलरों ने जिला कलेक्टर व रसद विभाग का हल्ला बोल घेराव प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। राजस्थान प्रदेश राशन डीलर संघर्ष समिति सदस्य भंवरसिंह चौहान ने बताया कि दीपावली त्यौहार पर बीते कई महीनों का कमीशन जारी नहीं करने से गुस्साए राशन डीलरो ने सरकार के खिलाफ हल्ला बोल घेराव प्रदर्शन किया व बाद में अतिरिक्त खाद्य आयुक्त के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। मंगलवार सुबह से ही जिले की सभी तहसीलो से राशन डीलर जिला सचिवालय के बाहर जुटना शुरू हो गए थे दोपहर 12 तक उनकी संख्या 300 से अधिक हो गई बाद में राशन डीलर जुलूस के रूप में जोरदार नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने उनके कार्यालय में पहुंचे। भंवर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के माध्यम से खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को सस्ता एलपीजी सिलेंडर देने के लिए उनके सभी सदस्यों की केवाईसी करने का जो आदेश जारी किया है उसमें राशन डीलर के लिए कोई पारिश्रमिक का जिक्र नहीं किया गया है इधर राशन डीलरो ने बिना पारिश्रमिक के एलपीजी केवाईसी करने को कतई तैयार नहीं है साथ ही इस दीपावली त्यौहार पर बकाया कमीशन जारी नहीं करने पर वे इसके खिलाफ लामबंद हो गए हैं। गौरतलब है कि केंद्र एवं राज्य की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को हूबहू धरातल पर अमली जामा पहनाने वाले राशन डीलर दीपावली जैसे त्यौहार पर पाई पाई के लिए मोहताज है जब से प्रधानमंत्री ने फ्री गेहूं देना शुरू किया है तब से राशन डीलरों को कभी भी समय पर कमीशन नहीं मिला और सरकार को सोचना चाहिए कि राशन डीलर भी इन्सान है और उन्हें भी परिवार चलाने व त्यौहार मनाने का अधिकार है उन्हें भी उनके हक का पैसा देकर सम्मान से जीने का अधिकार देना चाहिए। चौहान ने ज्ञापन का हवाला देते हुए बताया कि राशन डीलर बिना मेहनताने के केवाईसी करने को कतई तैयार नहीं है एलपीजी गैस उपभोक्ताओं से 50 रु प्रति केवाईसी शुल्क लेने का आदेश जारी करना चाहिए व तुरंत बकाया कमीशन जारी करना चाहिए। वर्तमान जारी आदेश पर पुनर्विचार नहीं करने पर प्रदेश स्तर पर उग्र हल्ला बोल घेराव प्रदर्शन किया जाएग ।

# आईपीएल मेगा ऑक्शन 24-25 नवंबर को

## सऊदी अरब में नीलामीपंत,केएल राहुल और श्रेयस पर बड़ी बोली लगने की उम्मीद

नई दिल्ली (एजेंसी)

आईपीएल का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दाह में होगा। ऑक्शन के लिए 1574 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पिछले साल मिनी ऑक्शन दुबई में हुआ था, अब मेगा ऑक्शन सऊदी अरब में होने वाला है। दिल्ली कैपिटल्स से रिलीज किए गए ऋषभ पंत, लखनऊ सुपर जायंट्स के पूर्व कप्तान केएल राहुल और चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर बड़ी बोली लगने की उम्मीद है। पंत आखिरी बार 2016, राहुल 2018 और श्रेयस 2022 आईपीएल से पहले ऑक्शन में उतरे थे।




### 10 टीमों में 204 प्लेयर्स की जगह खाली

आईपीएल कमेटी ने मेगा ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने की तारीख 31 अक्टूबर 2024 रखी थी। 10 टीमों ने 46 प्लेयर्स को रिटेन किया। जिसके बाद 204 प्लेयर्स की जगह खाली हो गई। इन जगहों के लिए 1000 से ज्यादा खिलाड़ी नीलामी में उतरेंगे।

### 1574 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया

क्चष्टढ्ढ ने बताया, ऑक्शन के लिए 1574 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जिनमें 1165 भारतीय और 409 विदेशी हैं। इनमें एसोसिएट देशों के 30 खिलाड़ी भी शामिल हैं। विदेशी टीमों में साउथ अफ्रीका के सबसे ज्यादा 91 और ऑस्ट्रेलिया के 76 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

### पंजाब के पास सबसे ज्यादा पर्स बाकी

आईपीएल कमेटी ने इस बार टीमों को प्लेयर्स खरीदने के लिए 120 करोड़ रुपए का पर्स दिया है। 2 ही प्लेयर रिटेन करने के कारण पंजाब किंग्स के पास सबसे ज्यादा 110.50 करोड़ रुपए का पर्स बचा है। बाकी सभी टीमों का पर्स 85 करोड़ रुपए से कम है। राजस्थान रॉयल्स ने 6 खिलाड़ी रिटेन करने के लिए 79 करोड़ रुपए खर्च किए, इसलिए उसके पास सबसे कम 41 करोड़ रुपए बाकी हैं। हैदराबाद और मुंबई ने 5-5 इंटरनेशनल प्लेयर रिटेन किए, इसलिए उनके पास 45 करोड़ रुपए बाकी हैं।

### 4 साल में एक बार होता है मेगा ऑक्शन

आईपीएल का मेगा ऑक्शन 4 साल में एक बार होता है। इस बीच हर साल मिनी ऑक्शन होते हैं। पिछले साल दुबई में मिनी ऑक्शन ही हुआ था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क 24.75 करोड़ और पैट कमिंस 20.50 करोड़ रुपए में खरीदे गए थे। पिछला मेगा ऑक्शन 2022 के आईपीएल से पहले हुआ था, तब लखनऊ और गुजरात टीमों को लीग से जोड़ा गया था।

### क्लासन 23 करोड़ रुपए में रिटेन हुए

रिटेंशन डेडलाइन से पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने 23 करोड़ रुपए में विकेटकीपर बैटर हेनरिक क्लासन को रिटेन किया। वह रिटेंशन में सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। उनके बाद स्त्र ने निकोलस पूरन और आरसीबी ने विराट कोहली को 21-21 करोड़ रुपए में रिटेन किया।

### 4 टीमों में विकेटकीपर नहीं

मेगा ऑक्शन से पहले 6 ही टीमों ने विकेटकीपर बैटर को रिटेन किया। पंत, राहुल, जोस बटलर, ईशान किशन, फिल सॉल्ट, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, ग्लेन फिलिप्स, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे विकेटकीपर को लेने के लिए ऑक्शन में बड़ी बोली लगेगी। इनमें बेंगलुरु, कोलकाता, गुजरात और मुंबई की टीमें विकेटकीपर के लिए बड़ी बोली लगाएंगी क्योंकि चारों ने विकेटकीपर रिटेन नहीं किए। वहीं, चेन्नई धोनी के बैकअप को खरीदना चाहेगी। बाकी 5 टीमों को भी बैकअप विकेटकीपर की जरूरत रहेगी।

### 5 टीमों को कप्तान की जरूरत

रिटेंशन में सबसे चौंकाने वाला फैसला चैंपियन कोलकाता और दिल्ली ने किया। दोनों ने अपने युवा कप्तानों को रिलीज कर दिया। कोलकाता के पास तो आरटीएम कार्ड भी बाकी नहीं है, इसलिए टीम श्रेयस अय्यर को अगर वापस शामिल करना चाहती है तो उन्हें अय्यर पर होने वाली बिडिंग वॉर जीतनी ही होगी। दिल्ली के पास जरूर 2 आरटीएम कार्ड बाकी हैं, इससे टीम ऋषभ पंत को ऑक्शन में उतरने के बाद भी अपने साथ रख सकती है। इनके अलावा बेंगलुरु ने फाफ डु प्लेसिस, लखनऊ ने केएल राहुल और पंजाब ने सैम करन को रिलीज कर दिया। बेंगलुरु में विराट कोहली कप्तानी कर सकते हैं, वहीं बाकी 4 टीमों को कप्तान खरीदना ही होगा।




### पंजाब के पास 4 आरटीएम कार्ड भी मौजूद

पंजाब किंग्स ने 2 ही प्लेयर रिटेन किए, इस कारण टीम अब ऑक्शन में स्क्वॉड के 4 खिलाड़ियों को आरटीएम यानी राइट टु मैच कार्ड के जरिए खरीद सकती है। ऑक्शन में बेंगलुरु के पास 3 और दिल्ली के पास 2 आरटीएम कार्ड रहेंगे। हैदराबाद और राजस्थान के पास एक भी आरटीएम कार्ड नहीं है, वहीं बाकी 5 टीमों के पास 1-1 आरटीएम कार्ड बाकी है।

### राइट टु मैच कार्ड क्या होता है?

जिन भी टीमों ने 6 से कम प्लेयर्स रिटेन किए हैं, उन्हें ऑक्शन में राइट टु मैच यानी आरटीएम कार्ड मिलेगा। आरटीएम कार्ड से टीमें स्क्वॉड में शामिल पिछले खिलाड़ी को वापस अपने साथ रख पाएंगी। आरटीएम को उदाहरण से समझते हैं, मान लीजिए पिछले सीजन आरसीबी का हिस्सा रहे ग्लेन मैक्सवेल को ऑक्शन में स्ढ्ढ ने 7 करोड़ रुपए की बोली लगाकर खरीद लिया। अब आरसीबी चाहे तो आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर मैक्सवेल को अपने साथ रख सकती है। हालांकि इस बार स्ढ्ढ के पास मैक्सवेल के लिए बोली बढ़ाने का ऑप्शन भी रहेगा। आरटीएम का इस्तेमाल करने के बाद स्ढ्ढ चाहे तो मैक्सवेल पर 10 करोड़ रुपए की बोली भी लगा सकती है। अब अगर आरसीबी मैक्सवेल को अपने साथ रखना चाहेगी तो उसे 10 करोड़ रुपए देने होंगे।

# टेस्ट में रोहित और धोनी से बेहतर कप्तान थे कोहली

## घर में कभी सीरीज नहीं हारे, ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में दी मात



नई दिल्ली (एजेंसी)

रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी भारत को आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले कप्तान हैं। दूसरी ओर विराट कोहली हैं। वे कभी कप्तान के तौर पर आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत सके। हालांकि, जब चर्चा टेस्ट क्रिकेट की होती है तो बतौर लीडर वे धोनी और रोहित दोनों से मीलों आगे नजर आते हैं।

आज विराट 36 साल के हो गए हैं। इस मौके पर जानते हैं कि रेड बॉल क्रिकेट में उन्होंने किन ऊंचाईयों को छुआ और क्यों आज भी उनकी कप्तानी के कारनामें मिसाल बने हुए हैं।

घर में सभी 11 सीरीज जीतीं धोनी और रोहित दोनों की कप्तानी में भारत को घर में टेस्ट सीरीज में हार झेलनी पड़ी। रोहित की कप्तानी में तो टीम इंडिया को अभी-अभी न्यूजीलैंड से क्लीन स्वीप भी झेलना पड़ा है। कोहली की कप्तानी में ऐसा कभी नहीं हुआ। उन्होंने भारत की जमीन पर 11 टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी की। भारत ने सभी 11 सीरीज अपने नाम कीं।

कोहली ने 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली बार घरेलू मैदान पर कप्तानी की थी। अश्विन और जडेजा के सपोर्ट और कोहली की अटैकिंग फील्ड स्ट्रैटजी से भारत ने 4 टेस्ट की सीरीज 3-0 से जीती। यहां से कोहली की कप्तानी में टीम ने घर सभी टेस्ट सीरीज जीतीं।

7 साल में महज 2 घरेलू टेस्ट गंवाए कोहली की कप्तानी में विदेशी टीमें भारत में टेस्ट ड्रॉ कराने को भी अचीवमेंट मानती थीं। उनकी कप्तानी में भारत ने 7 साल में महज 2 टेस्ट गंवाए, एक 2017 में ऑस्ट्रेलिया से और दूसरा 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ। कोहली की कप्तानी में भारत में 5 टेस्ट ड्रॉ रहे, जिनमें ज्यादातर बार मौसम ने विदेशी टीमों का साथ दिया।

घरेलू मैदान पर कोहली ने क्लीन स्वीप तो दूर, कभी सीरीज हार भी नहीं झेली। इसके उलट, कोहली ने न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के खिलाफ घर में क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड को तो उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने 2 टेस्ट सीरीज हराई थीं।

विदेश में 16 टेस्ट जीते फुल टाइम कप्तान बनने के बाद कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में चौथा टेस्ट ड्रॉ करा लिया। भारत ने 2-0 से सीरीज गंवाई। यहां के बाद सीधे 2018 में कोहली की कप्तानी में भारत ने सेना देशों यानी साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट खेला, जहां भारत ने 7 टेस्ट जीते।

इस बीच भारत ने एशिया और वेस्टइंडीज में बाकी टेस्ट खेले। कोहली ने अपनी कप्तानी में बांग्लादेश, श्रीलंका और वेस्टइंडीज में 13 टेस्ट खेले और 9 में जीत हासिल की। यहां टीम ने महज 1 मैच गंवाया, जबकि 3 टेस्ट ड्रॉ रहे, तीनों में बारिश ने भारत का काम बिगाड़ा। इनमें 2 क्लीन स्वीप भी शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया को सीरीज हराई, इंग्लैंड में डंका बजाया कोहली ने सेना देशों में भी टीम इंडिया को 2 टेस्ट सीरीज जिताईं। इतना ही नहीं, इंग्लैंड में एक सीरीज 2-2 से ड्रॉ भी खेली। यहां तक कि मजबूत साउथ अफ्रीका में 2 टेस्ट भी जीते। कोहली सेना देशों में सबसे ज्यादा 7 टेस्ट जीतने वाले एशियन कैप्टन हैं। कोहली ने 2018 में भारत को पहली बार ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जिताई थी। ऑस्ट्रेलिया में ही 5 साल पहले कोहली ने अपना टेस्ट कप्तानी करियर शुरू किया था। 2021 में कोहली की ही तैयार की गई टीम इंडिया ने रहाणे की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया में लगातार दूसरी टेस्ट सीरीज जीती। कोहली निजी कारणों से सीरीज का 1 ही टेस्ट खेल सके थे। 2021 में कोहली इंग्लैंड को भी टेस्ट सीरीज हराने के करीब पहुंच गए थे। 5 टेस्ट की सीरीज के शुरुआती 4 मैचों में भारत 2-1 से आगे था। पांचवां टेस्ट कोरोना महामारी के कारण 2022 में कराया गया, लेकिन तब कोहली कप्तानी छोड़ चुके थे।

# कोहली को बर्थडे विश की भरमार : बैकहम

## डिविलियर्स समेत एक्टर्स और नेताओं ने दीं शुभकामनाएं पराग ने लिखा इमोशनल मैसेज

नई दिल्ली (एजेंसी)

इंडियन क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली के 36वें बर्थडे ने सोशल मीडिया को एकरूप कर दिया। घरेलू और इंटरनेशनल से लेकर पूर्व क्रिकेटर्स ने भी उन्हें बर्थडे विश किया। फैंस तो फैंस बॉलिवुड एक्टर्स और नेताओं ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

**स्टोरी में कोहली को बर्थडे पर मिलीं शुभकामनाएं...**

### मेरे बिस्किट को हैप्पी बर्थडे : डिविलियर्स

साउथ अफ्रीका के दिग्गज एबी डिविलियर्स ने कोहली के साथ वनडे वर्ल्ड कप 2023 की फोटो पोस्ट की। एबी ने लिखा, मेरे बिस्किट को हैप्पी बर्थडे। साउथ अफ्रीका में अपने पसंदीदा इंसान को बिस्किट कहते हैं।

### आपसे फिर भारत में मिलूंगा : बैकहम

इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर डेविड बैकहम ने विराट के साथ वनडे वर्ल्ड कप 2023 की 2 फोटोज शेयर की। बैकहम ने लिखा, उम्मीद है, मैं फिर आपसे भारत में मिलूंगा।

### आइकॉनिक क्रिकेटर और इंस्पायरिंग इंसान : रैना

टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कोहली के साथ द्बक्क प्रैक्टिस की फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, आइकॉनिक क्रिकेटर और इंस्पायरिंग इंसान को शुभकामनाएं।

### आपने युवाओं को बड़े सपने देखना सिखाया : भज्जी

पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कोहली के साथ 2012 में टीम इंडिया के साथ प्रैक्टिस की फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, युवा टैलेंटेड प्लेयर से बेहतरीन खिलाड़ी बनने का सफर शानदार रहा। आपने युवा प्लेयर्स को बड़े सपने देखने, मेहनत करने और खुद में विश्वास करने के लिए इंस्पायर किया।

### दुनिया को आपके कमबैक का इंतजार : युवराज

2011 वनडे वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट युवराज सिंह ने विराट कोहली की बड़ी पारियों की वीडियो शेयर की। उन्होंने लिखा, सबसे बड़े कमबैक परेशानियों के बाद ही आते हैं। दुनिया को आपके कमबैक का इंतजार है। आप कमबैक करना जानते हो, मुझे यकीन आप फिर इसे कर दिखाएंगे।

### आपने खेल से इंस्पायर किया : सुनील शेट्टी

बॉलिवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने लिखा, हैप्पी बर्थडे चैम्प! आपने अपने खेल से हमेशा सभी को इंस्पायर किया। अपना बेस्ट देते रहें और हमेशा खुश रहें।

### ऑस्ट्रेलिया में अपना जादू बिखेरना : इरफान

2007 टी-20 वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द फाइनल इरफान पठान ने विराट कोहली के साथ 2017 की एक फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, आप एक चैंपियन प्लेयर हैं, मुझे यकीन है कि आप बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बैट से अपना जादू बिखेरेंगे।

### इंडियन क्रिकेट की रीढ़ को शुभकामनाएं : शमी


टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कोहली के साथ तीनों फॉर्मेट में खेलने की फोटोज शेयर कीं। उन्होंने लिखा, इंडिया क्रिकेट की रीढ़ और रन-मशीन को शुभकामनाएं। आपका गेम करोड़ों को इंस्पायर करता है।

### गडकरी ने दी शुभकामनाएं

भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लिखा, भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप स्वस्थ और दीर्घायु रहें, ईश्वर से यही कामना करता हूं। राज्यसभा सासंद राजीव शुक्ला और राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भी कोहली को शुभकामनाएं दीं।

### आईपीएल फ्रेंचाइजी ने शेयर की पोस्ट

मयंक अग्रवाल, युजवेंद्र चहल, रजत पाटीदार, झूलन गोस्वामी और नवजोत सिंह सिद्धू समेत कई घरेलू, इंटरनेशनल और पूर्व क्रिकेटर्स ने विराट को शुभकामनाएं दीं। स्पोर्ट्स चैनल और आईपीएल फ्रेंचाइजी ने भी कोहली के लिए स्पेशल वीडियो पोस्ट किए।



### सुदर्शन पटनायक ने बनाया सैंड आर्ट

ओडिशा में रहने वाले आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने पुरी बीच पर विराट कोहली के लिए सैंड आर्ट बनाया। उन्होंने लिखा, आपका डेडिकेशन दुनिया में करोड़ों को इंस्पायर कर रहा है।

### रियान पराग ने लिखा इमोशनल मैसेज

टीम इंडिया के युवा ऑलराउंडर रियान पराग ने विराट के साथ श्रीलंका सीरीज की एक फोटो शेयर की। फोटो में दोनों विकेट का सेलिब्रेशन मनाते नजर आए। रियान ने लिखा, आपके पैशन, एग्रेशन और मेहनत ने क्रिकेट में नए स्टैंडर्ड सेट करने के साथ मुझे एक बेहतर खिलाड़ी बनाया। पराग ने आगे लिखा, आपको खेलते हुए देखना इंस्पिरेशनल है, लेकिन आपके साथ खेलना एक ऐसी याद है, जिसे मैं जीवन भर अपने साथ रखूंगा। फील्ड के अंदर और बाहर बेहतरीन खिलाड़ी बनने के लिए धन्यवाद।

# विमेंस क्रिकेट में रुकेगी सोशल मीडिया ट्रोलिंग : ऑटोमैटिक डिलीट होंगे गलत कॉमेंट्स; आईसीसी ने एआई टूल का सफल ट्रायल किया

नई दिल्ली (एजेंसी)

विमेंस क्रिकेटर्स की सोशल मीडिया ट्रोलिंग और उनपर होने वाले गलत कॉमेंट्स रोकने की आईसीसी ने तैयारी कर ली है। गोबबल ऐप की मदद से अब प्लेयर्स पर होने वाले गलत कॉमेंट्स ऑटोमैटिक डिलीट हो जाएंगे। जिन कॉमेंट्स में आपत्तिजनक शब्द होंगे, वह प्लेयर्स और टीम के सोशल मीडिया अकाउंट पर हाइड कर दिए जाएंगे।

आईसीसी ने विमेंस क्रिकेटर्स से लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद पिछले महीने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में एआई टूल का ट्रायल किया था। एआई की मदद से गलत कॉमेंट्स के साथ बॉट्स के विज्ञापन और गैरजरूरी कॉन्टेंट भी प्लेयर्स की सोशल मीडिया प्रोफाइल से हटा दिया गया।

हर पांचवां कॉमेंट आपत्तिजनक वर्ल्ड कप में ट्रायल के दौरान आईसीसी को पता चला कि विमेंस क्रिकेटर्स और टीमों की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर हर पांचवां कॉमेंट आपत्तिजनक था। ऑनलाइन ट्रोलिंग और अपशब्द रोकने के लिए आईसीसी ने गोबबल टेक कंपनी की मदद से ट्रायल किया।

ऐप ने 8 टीमों और 60 प्लेयर्स के सोशल मीडिया हैंडल को मॉनिटर किया। इन पर करीब 15 लाख कॉमेंट्स आए, जिनमें से 2.71 लाख कॉमेंट्स आपत्तिजनक थे। इनमें नस्लवाद, लिंगवाद, समलैंगिकता और अन्य कई प्रकार के अपशब्द भरे कॉमेंट्स सामने आए। एआई टूल ने इन कॉमेंट्स को प्लेयर की प्रोफाइल से हाइड करने के साथ उन्हें डिलीट भी कर दिया।

विमेंस गेम को सुरक्षित बनाने के लिए किया था ट्रायल आईसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सभी 10 टीमों और उनकी प्लेयर्स को यह सर्विस ऑफर की थी। 8 टीमों और 60 प्लेयर्स ने ट्रायल का हिस्सा बनने के लिए सहमति दी। आईसीसी को कई बार शिकायतें मिली थीं कि खेल के दौरान प्लेयर्स को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कॉमेंट्स और ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता था। जिसका बुरा असर उनके खेल पर भी हो रहा था।

युवा खिलाड़ियों को होती थी ज्यादा परेशानी आईसीसी के डिजिटल हेड फिन ब्रैडशॉ ने क्रिकइन्फो को बताया, %आईसीसी ज्यादा से ज्यादा लड़कियों को क्रिकेट खेलने के लिए इंस्पायर करना चाहता है। कई प्लेयर्स ने ऑनलाइन ट्रोलिंग और गलत कॉमेंट्स की शिकायत की थी। खेल में आप नहीं चाहते कि किसी युवा प्लेयर को इस तरह के कॉमेंट्स का सामना करना पड़े। युवा फैंस भी अपने पसंदीदा प्लेयर की प्रोफाइल पर गलत कॉमेंट्स देखकर बुरा महसूस करते हैं। इससे प्लेयर्स की मेंटल हेल्थ पर भी बुरा असर पड़ता है। मेंस क्रिकेटर्स को बाद में मिलेगी सुविधा आईसीसी ने बताया कि फिलहाल विमेंस क्रिकेटर्स ही 2025 तक के लिए इस सुविधा का फायदा उठा सकती हैं। इसके लिए प्लेयर्स को आईसीसी की ऐप पर साइन इन करना होगा।



# जरूर खाएं भुना चना शरीर को मिलेंगे ये फायदे

सर्दियों में भुना चना खाना शरीर के लिए फायदेमंद हो सकता है। भूने चने में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फोलेट, आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम और फाइबर पाए जाते हैं। भूने चने को सर्दियों में खाने से हड्डियां मजबूत होने के साथ पाचन तंत्र भी हेल्दी रहता हैं। भूना चना खाने में काफी स्वादिष्ट होने के साथ शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। सर्दियों में इसे खाने से शरीर लंबे समय तक गर्म रहता है और मौसमी बीमारियों का खतरा कम होता हैं। भूने चने को कभी भी आसानी से खाया जा सकता है। भूने चने को खाने से डायबिटीज के साथ ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल रहता हैं।



## इम्यूनिटी को करें मजबूत

सर्दियों में भूना चना खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती हैं। इसको खाने से हड्डियों को भरपूर कैल्शियम मिलता हैं। इससे हड्डियों में हो रहा दर्द भी ठीक होता हैं। भूना चना खाने से मौसमी बीमारियों का खतरा कम होता हैं। ये शरीर को गर्म करके सर्दी, जुकाम और खांसी से शरीर का बचाव करता हैं।

## भरपूर एनर्जी

सर्दियों में कई बार आलस आता है। ऐसे में भूने चने के सेवन से शरीर को एनर्जी मिलती हैं। भूने चने में भरपूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर पाए जाते हैं, जिस कारण इसे खाने से शरीर को इंस्टेंट एनर्जी मिलती है। ये शरीर की थकावट को दूर करने में मदद करते हैं।

## पाचन तंत्र को करें मजबूत

सर्दियों में भूने चने को खाने से पाचन तंत्र हेल्दी रहता हैं। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। इसको खाने से कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं से निजात मिलती हैं। ये पेट को हेल्दी रखने में मदद करता हैं।

## वजन को करें कम

सर्दियों में भूने चने को खाने से वजन कंट्रोल करने में मदद मिलती है। इसको खाने से पेट भर जाता है और देर तक भूख का एहसास नहीं होता और आपका वजन भी कम होता है। भूने चने में बहुत कम मात्रा में कैलौरी मौजूद होती है, जो शरीर के वजन को नहीं बढ़ने देता।

# कैंसर का खतरा कम करती हैं अमरूद की पत्तियां

सीजनल फल और सब्जियां हेल्थ के लिए बहुत अच्छे होते हैं। सर्दियों का मौसम आ रहा है। इस मौसम में अमरूद खूब खाए जाते हैं। अमरूद हेल्थ के लिए काफी अच्छा होता है। इसमे विटामिन सी, ऐंटीऑक्सीडेंट्स, पोटैशियम, फाइबर्स होते हैं। यह खाने में भी काफी टेस्टी होता है। हालांकि कम लोग जानते हैं कि अमरूद की पत्ती भी इसकी तरह गुणकारी होती है। लोग इसकी पत्ती की चाय बनाकर पीते हैं। कुछ लोग पत्तियों को सुखाकर इसका पाउडर भी पानी के साथ लेते हैं।



## ब्लड शुगर करता है लो

अमरूद की पत्ती की चाय पीने से खाने के बाद ब्लड शुगर लेवल कम होता है। यह असर दो घंटे तक रहता है। वहीं एक और स्टडी में सामने आया कि टाइप 2 डायबीटीज के मरीजों को जब अमरूद की पत्ती की चाय पिलाई गई तो खाने के बाद उनका ब्लड शुगर 10 फीसदी से ज्यादा काम हुआ।

## पीरियड पेन में फायदेमंद

अगर पीरियड पेन की समस्या है तो अमरूद की पत्तियां काम आ सकती हैं। अमरूद की पत्ती का एक्सट्रैक्ट मेंस्ट्रुअल पेन में आराम देता है। एक स्टडी के मुताबिक, इसका असर पेन किलर से ज्यादा होता है।

## डायरिया में करती है फायदा

अमरूद की पत्ती दस्त में भी फायदेमंद होती है। अगर आपको डायरिया है तो पत्ती का अर्क ले सकते हैं। इससे दस्त जल्दी ठीक होंगे। कई स्टडीज में पता चला है कि अमरूद की पत्ती ऐंटी माइक्रोबियल होती है। यह आपकी आंत में मौजूद नुकसान पहुंचाने वाले माइक्रोब्स को खत्म करती है।

# काले तिल के तेल से मालिश करने से जोड़ों का दर्द ही नहीं तनाव भी होता है दूर

सर्दियां शुरू होते ही ज्यादातर लोग शरीर की मालिश करवाना शुरू कर देते हैं। रोजाना शरीर की मालिश करवाने से सेहत को कई तरह के लाभ मिलते हैं। यही वजह है कि अपनी समस्याओं को देखते हुए लोग अलग-अलग तरह के तेल से अपनी मालिश करवाना पसंद करते हैं। आपने आजतक सरसों, बादाम, जैतून के तेल से तो कई बार मालिश करवाई होगी, लेकिन क्या आपने कभी काले तिल के तेल से मालिश करवाई है? पूजा के लिए इस्तेमाल होने वाले काले तिल से निकला हुआ तेल न सिर्फ आपने धार्मिक कारणों से बल्कि अपने गुणों की वजह से भी काफी पसंद किया जाता है। काले तिल का तेल फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो आपकी त्वचा, बालों और नाखूनों के लिए काफी हेल्दी माना जाता है। इसके अलावा यह तेल त्वचा को मॉइस्चराइज करने का काम भी करता है। इसमें मौजूद विटामिन ई एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है, जो बढ़ती उम्र के लक्षणों को भी कम कर सकते हैं।



**मांसपेशियों को मिलता है आराम :** काले तिल के तेल से मालिश करने से मांसपेशियों को आराम मिलता है। यह आपकी मांसपेशियों को स्ट्रेस फ्री रखने के साथ दर्द और ऐंठन कोदूर करके आराम दिला सकता है।

**वेट लॉस :** तिल के तेल से मालिश करने से आपके शरीर को गर्माहट मिलती है, जो आपके शरीर की चर्बी को कम करने में असरदार साबित हो सकता है। तिल के तेल में मौजूद पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड, तेजी से वजन घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**जोड़ों के दर्द में आराम :** काले तिल का तेल एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है, जो हड्डियों और जोड़ों की सूजन और दर्द को कम कर सकता है। काले तिल के तेल में मौजूद फैटी एसिड हड्डियों के लचीलेपन को बढ़ावा देता है।

**शरीर की सूजन करे कम :** काले तिल के तेल में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सूजन को कम करने में बेहद असरदार हैं। यह तेल नसों को स्ट्रेस फ्री करके बॉडी को रिलैक्स फील करवाने में मदद करता है, जिससे दर्द और सूजन में राहत मिलती है।

**ब्लड सर्कुलेशन करता है बेहतर :** काले तिल के तेल से बॉडी मसाज करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। यह नसों में गर्मी उत्पन्न करके ब्लड फ्लो बेहतर करने का काम करता है।

# फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए रोज पिएं ये जूस, दूर रहेंगी सांस संबंधी समस्याएं

संपूर्ण स्वास्थ्य की भलाई के लिए संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेने की सलाह दी जाती है। क्योंकि इससे आपके शरीर के सभी अंगों को पर्याप्त पोषण मिलता है और वे स्वस्थ रहते हैं। जब फेफड़ों को स्वस्थ रखने की बात आती है, तो इसमें भी स्वस्थ आहार की एक अहम भूमिका होती है। मौसमी, रंग-बिरंगे फल और सब्जियों का सेवन फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। लेकिन हम में से ज्यादातर लोगों के लिए सभी का सेवन कर पाना संभव नहीं हो पाता है। इसलिए हम में से ज्यादातर लोग फल और सब्जियों का जूस पीना काफी पसंद करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें काफी उनका लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलता है।



**सेब का जूस :** सेब के जूस में फेफड़ों के लिए जरूर कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह विटामिन ए, एंटीऑक्सीडेंट्स क्वेरसेटिन का अच्छा स्रोत है। अध्ययन में पाया गया है कि सेब फेफड़ों के कार्य को बेहतर बनाते हैं, साथ ही यह धूम्रपान से फेफड़ों को होने वाले नुकसान को भी कम करते हैं। यह फेफड़ों को डिटॉक्स करते हैं।

**कद्दू का जूस :** कद्दू एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। इनमें कैरोटेनॉयड्स, के साथ ही एंटीइन्फ्लेमेटरी गुण भी प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं, जिससे फेफड़ों को फ्री-रेडिकल्स से बचाने, इन्फेक्शन से लड़ने और उन्हें मजबूत बनाने में लाभकारी है। यह आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है।

**चुकंदर और गाजर का जूस :** चुकंदर और गाजर का जूस सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है, यह कई विटामिन और मिनरल्स के साथ ही आयरन से भी भरपूर होते हैं, जिससे यह रक्त में ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाने में लाभकारी हैं। यह फेफड़ों को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं, साथ ही मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण यह लंग्स फंक्शन को भी बेहतर बनाते हैं।

## हरी-पत्तेदार सब्जियों का जूस

इसके लिए आप केल, पालक और मेथी जैसी सब्जियों का प्रयोग कर सकते हैं। यह एक बेहतरीन और बहुत ही हेल्दी ड्रिंक है। क्योंकि इनमें आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम, कैरोटीनॉइड के साथ ही एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो सूजन कम करने और फेफड़ों के स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक हैं।

## टमाटर का जूस

टमाटर कैरोटीनॉयड, लाइकोपीन जैसी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह वायु मार्ग की सूजन दूर करने और सांस लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। साथ ही यह फेफड़ों के नुकसान को कम करते हैं और उनके कार्य में सुधार करते हैं।

# रोजाना एलोवेरा जूस पीने से मिलते हैं ये फायदे

एलोवेरा जेल और इसका जूस दोनों ही काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। हेल्थ से लेकर ब्यूटी प्रॉब्लम को सुलझाने में ये काफी फायदेमंद हैं। खाली पेट एलोवेरा जूस पीना वजन कम करने, आपके शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार और मल त्याग को आसान बनाने का अच्छा तरीका है।

**पोषक तत्व का भंडार है एलोवेरा :** एलोवेरा विटामिन, मिनरल्स, एंजाइम, सैपोनिन और अमीनो एसिड से भरपूर होता है। यह विटामिन ए, सी, ई, फोलिक एसिड, कोलीन का भंडार है। ये पाचन, त्वचा, दांत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद है। इसमें कैल्शियम, क्रोमियम, सेलेनियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज, पोटेशियम, सोडियम और जस्ता भी है।

**विटामिन और मिनरल्स से भरपूर :** एलोवेरा जूस विटामिन, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। शुरुआत में सिर्फ एलोवेरा जूस पीने से स्टार्ट करें और फिर बाद में इसे दूसरी चीजें जैसे गिलोए, आंवला या करेला के साथ मिक्स करें।

**पाचन में मिलेगी मदद :** एलोवेरा जूस रोजाना पीने से खराब पाचन, कब्ज, एसिडिटी और गैस जैसी कई पाचन से जुड़ी परेशानियों से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। यह भूख बढ़ाने और वजन बढ़ने पर नियंत्रण रखने में भी फायदेमंद है।

**टॉक्सिन होते हैं बाहर :** एलोवेरा जूस पीने से शरीर में मौजूद टॉक्सिन से छुटकारा मिलता है। इसे सुबह-सुबह पीने से आपको पाचन संबंधी समस्याओं को ठीक करने से लेकर सिस्टम की सफाई तक कई तरह से मदद मिलेगी। एलोवेरा जूस का इस्तेमाल लंबे समय से आयुर्वेदिक दवाई बनाने के लिए किया जाता रहा है। पाचन और लिवर संबंधी परेशानी, एनीमिया, पीलिया और पित्त नली, पित्ताशय से संबंधित बीमारियों को ठीक करने में इस्तेमाल किया जाता है।



**हार्मोनल समस्याएं होती हैं संतुलित :** इस जूस का इस्तेमाल अक्सर कई दूसरे हर्बल टॉनिक में किया जाता है जो हार्मोनल मुद्दों के साथ-साथ पैंक्रियाज और प्लीहा संबंधी परेशानियों को ठीक करने में जरूरी हैं।

**इम्यूनिटी होगी बूस्ट :** एलोवेरा जूस के हेल्थ बेनिफिट्स शरीर की इम्यूनिटी को भी बूस्ट करते हैं। खासकर जब आंवला, तुलसी और गिलोय जूस के साथ मिलाकर इसे पीया जाए।

# बच्चों का दिमाग करना चाहते हैं तेज? अपनाएं ये आसान से उपाय

क्या आप अपने बच्चों का दिमाग तेज करना चाहते हैं? अगर हां, तो इसकी शुरुआत आपको शुरू से ही करनी होगी। इसका मतलब यह है कि बच्चों का दिमाग तेज करने के लिए आपको खाने से लेकर उनकी एक्टिविटी पर ध्यान देने की जरूरत है। खासतौर पर बच्चों का डाइट उनके दिमाग पर असर डाल सकता है। इसके अलावा बच्चों के दिमाग को एक्टिव बनाने के लिए उन्हें कई तरह के गेम्स, किताबें और एक्विटीज भी कराई जा सकती है, जिससे उनके दिमाग को तेज करने में मदद मिल सके।



## खिलौने चुनने पर ध्यान दें

बच्चों के लिए हमेशा ऐसे खिलौने चुने तो आपके बच्चों को एक्सप्लोर करने और कम्यूनिकेशन स्किल को बेहतर कर सके। उदाहरण के लिए, संगीत वाले खिलौने दें, बिल्डिंग ब्लॉक्स और साथ ही चमकीले रंग की चाबियां दें। इससे बच्चों के दिमाग पर बेहतर असर पड़ेगा।

## बच्चा रोए तो तुरंत प्रक्रिया दें

अध्ययनों से पता चलता है कि आपके बच्चे को शांत करने और गले लगाने से उसके मस्तिष्क पर सकारात्मक असर पड़ता है। इसलिए अगर आपका बच्चा रोए, तो उन्हें छोड़ने के बजाय उन्हें शांत कराएं। इससे उनका दिमाग तेज होगा।

## बॉडी मसाज करें

बच्चों की अच्छे से मसाज करें। मसाज करने से बच्चे स्ट्रेस फ्री फील करते हैं। इससे उनके दिमाग पर सकारात्मक असर पड़ता है। साथ ही प्यार का स्पर्श बच्चों के विकास को बढ़ावा देता है। बच्चों के दिमाग को बेहतर करने के लिए आप उनकी दिन में कम से कम 3 से 4 बार मालिश जरूर करें।

## अलसी का बीज

बच्चों के दिमाग को अगर आप तेज करना चाहते हैं तो उनके आहार में अलसी के बीजों को शामिल करें। अलसी के बीजों को आहार में शामिल करने से उन्हें भरपूर रूप से फाइबर और ओमेगा-3 फैटी एसिड मिलेगा। जो उनके मूड को बेहतर करके याददाश्त क्षमता को बढ़ावा देता है। अलसी को आप बच्चो को सलाद के रूप में या फिर डेजर्ट के रूप में दे सकते हैं।

## सूरज मुखी के बीज

बच्चों का दिमाग बेहतर करने में सूरजमुखी का बीज काफी फायदेमंद हो सकता है। यह विटामिन ई, मैग्नीशियम, फास्फोरस, जिंक इत्यादि का अच्छा स्त्रोत होता है, जो दिमाग की कोशिकाओं को स्ट्रेस फ्री रखने में आपकी मदद कर सकता है।

# नाभि पर रोज इस तरह लगाएं हींग, मिलेंगे ये जबरदस्त फायदे

हींग खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ पाचन तंत्र को भी स्वस्थ रखने में मदद करती है। हींग का तड़का खाने को स्वादिष्ट बना देता है। अधिकतर लोग हींग को खाने में डालकर खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हींग को खाने में डालने के साथ नाभि पर भी लगाया जा सकता है। हींग को नाभि पर लगाने से शरीर की कई समस्याएं दूर होने में मदद मिलती हैं।

**गैस की परेशानी से राहत :** नाभि पर हींग लगाने से गैस की परेशानी दूर होती है। अगर आप लंबे समय से एसिडिटी और गैस से परेशान हैं, तो हींग को गर्म पानी में मिलाकर पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को नाभि पर लगाएं। ऐसा करने से गैस खत्म हो जाएगी और अपच की समस्या भी दूर होती है।

**पेट को रखें ठंडा :** नाभि पर नियमित हींग लगाने से पेट ठंडा रहता है। हींग को पेट पर लगाने के लिए इसमें थोड़ा सा ऑलिव ऑयल को मिक्स करें। अब इस मिश्रण को नाभि पर लगाएं और कुछ समय तक लेटे रहें। ऐसा नियमित करने से पेट ठंडा रहता है।



**पेट दर्द से मिलेगा आराम :** नाभि पर हींग लगाने से पेट दर्द की समस्या से निजात मिलती है। हींग का इस्तेमाल करने के लिए इसे देसी घी में मिलाकर लगाएं। ऐसा करने से पेट दर्द से आरम मिलने के साथ पेट की ऐंठन से भी आराम मिलेगा।

**डाइजेशन में फायदेमंद :** नाभि पर हींग लगाने से डाइजेशन की समस्या दूर होती है। अगर आपका भी खाना ठीक से नहीं पचता है, तो नाभि पर हींग लगाने से फायदा मिलेगा। नाभि पर हींग लगाने से खाना ठीक से पचता है और पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है।

**पेट की सूजन को करें कम :** नाभि पर हींग लगाने से पेट में आ रही सूजन कम होगी। कई बार लगातार पेट दर्द रहने की वजह से पेट में सूजन हो जाती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए नाभि पर हींग लगाएं।

# सूर्योदय से पहले उठने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे

आपने अक्सर लोगों से सुना होगा, कि सुबह जल्दी उठना सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। हमें रोज सुबह सर्यू के निकलने से पहले उठ जाना चाहिए, क्योंकि इससे सेहत को अद्भुत फायदे मिलते हैं। लेकिन क्या आपने कभी यह जानने की कोशिश की है कि आखिर ऐसा क्यों है? क्या आपने कभी सोचा है सुबह जल्दी उठना सेहत के लिए कैसे फायदेमंद है, और क्यों आपके पेरेंट्स से लेकर शिक्षक तक, रोजाना सूर्योदय से पहले उठने की सलाह देते हैं? अगर नहीं, तो आप बिल्कुल सही जगह पर हैं। आयुर्वेद ने अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में सूर्योदय से पहले उठने के फायदों से जुड़ी खास जानकारी साझा की है। उन्हें सुबह उठने के महत्व को समझाते हुए, इसके फायदों पर विस्तार से चर्चा की। जो व्यक्ति अपने स्वास्थ्य की रक्षा करना चाहता है और हेल्दी रहना चाहता है उसे हमेशा सूर्योदय से पहले यानी ब्रह्म मुहूर्त के दौरान उठना चाहिए। ब्रह्म मुहूर्त सूर्योदय से 1.5 घंटे पहले का समय होता है। आयुर्वेद में सुबह जागने के लिए इससे सबसे अच्छा समय माना जाता है। यह वह समय है जिसे ऋषि मुनि सुबह उठने के लिए सबसे शुभ समय बताते थे। यह ब्रह्म का समय है, जिसे प्रार्थना के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। आयुर्वेद के अनुसार जब आप सूर्योदय से पहले उठते हैं, तो यह आपको तरोताजा और ऊर्जावान बनाता है। यह आप में नई आशा, प्रेरणा और शांति को बढ़ावा देने में मदद करता है। इससे सेहत को गजब के फायदे मिलते हैं।



**पेट को रखे स्वस्थ :** आयुर्वेद के अनुसार यह हमारे शरीर से अतिरिक्त वात को खत्म करने का एक आदर्श समय है। यह हमारे पाचन को दुरुस्त करने और पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है।

**आंतरिक शांति को मिलता है बढ़ावा :** यह ध्यान या मेडिटेशन का अभ्यास करने से के लिए बहुत अच्छा है। इस समय आपने अपने विचारों को इकट्ठा करने और उनका विस्तार करने में मदद मिलती है। यह आपको शांत और आरामदायक महसूस करता है, इससे आपको आने वाले समय के लिए योजना बनाने और सही निर्णय लेने में आसानी होती है।

## रचनात्मकता को मिलता है बढ़ावा

इस समय को आयुर्वेद में वात प्रधान समय माना जाता है, इसलिए इसे रचनात्मक कार्य करने के लिए आदर्श माना जाता है। इस दौरान शोर होता है, यह आपको बेहतर फोकस और ध्यान देने में मदद करता है।

## नींद अच्छी आती है

अध्ययनों में भी यह पाया गया है कि जो लोग नियमित सूर्योदय से पहले उठते हैं, उन्हें रात में नींद न आने की समस्या, नींद के दौरान बेचैनी और बार-बार आंख खुलने जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

## आपको रखे आगे

यह आपके जीवन में सकारात्मकता को बढ़ावा देता है। यह कोई संयोग नहीं कि दुनिया के सफल लोग सभी सूर्योदय से पहले उठते हैं। यह आपको हमेशा आगे रखता है। जीवन में सफल व्यक्ति बनाने में एक अहम भूमिका निभाता है।

आसानी से मिलने वाली हर वो चीज हमेशा तक नहीं रहती, जो हमेशा तक रहती है वो आसानी से नहीं मिलती।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## पूछताछ का सामना करेंगे सिद्धारमैया, लोकायुक्त पुलिस के सामने आज होंगे पेश

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया मुडा मामले को लेकर मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। उन्हें लोकायुक्त पुलिस का समन भी मिला है। इन सबके बीच सिद्धारमैया ने कहा कि वह एमयूडीए साइट आवंटन मामले में पूछताछ के लिए जारी किए गए समन के जवाब में बुधवार को मैसूर में लोकायुक्त पुलिस के सामने पेश होंगे। सिद्धारमैया ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा कि मैं कल सुबह 10 बजे जा रहा हूं। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में सीएम को आरोपी नंबर 1 के रूप में नामित किया गया है, उन पर मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा उनकी पत्नी पार्वती बीएम को 14 साइटों के आवंटन में अवैधताओं के आरोप का सामना करना पड़ रहा है। लोकायुक्त पुलिस ने 25 अक्टूबर को उसकी पत्नी से पूछताछ की थी, जिसे आरोपी नंबर 2 के रूप में नामित किया गया है। वहीं, कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि हम कानूनी रास्ता अपनाएंगे और अगर अदालत ने नोटिस दिया है, तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री अधिवक्ताओं से परामर्श करने के बाद फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा सत्ता में थी और केंद्र में कांग्रेस सत्ता में थी, तो वे (भाजपा) सीबीआई और ईडी पर भी भरोसा नहीं था। अचानक जब बीजेपी सत्ता में है तो सीबीआई और ईडी पवित्र हो गई। मुख्यमंत्री एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी को 14 स्थलों के आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

## वक्फ बोर्ड जेपीसी में शामिल विपक्षी सांसद बिरला से मिले : कहा- समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद एकतरफा फैसले ले रहे, हमें बोलने नहीं दिया जा रहा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वक्फ (संशोधन) बिल पर बनी संसदीय समिति में शामिल विपक्षी सांसद मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले। उन्होंने पैनल के अध्यक्ष और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल पर विपक्ष की राय लिए बिना एकतरफा निर्णय लेने का आरोप लगाया। सांसदों का आरोप है कि पाल विपक्षी सांसदों को बिल पर अपनी बात रखने का मौका नहीं दे रहे हैं। इसके लिए विपक्षी नेताओं ने बिरला को एक संयुक्त पत्र भी लिखा। जिसमें सांसदों ने समिति से अलग होने की चेतावनी दी थी। इधर, 5 नवंबर को ही वक्फ बोर्ड पर पैनल की एक मीटिंग होनी है। जिसमें सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे दाऊदी बोहरा समुदाय के विचारों को सामने रखने के लिए पैनल के समक्ष पेश होंगे। बिरला को लिखी चिट्ठी में दावा- बैठकों में एकतरफा निर्णय ले रहे पत्र में विपक्षी सांसदों ने शिकायत की है कि जगदंबिका पाल कई बार लगातार 3 दिनों तक बैठकों की तारीखें तय करते हैं और गवाहों को बुलाने का निर्णय भी एकतरफा ले रहे हैं। विपक्षी सांसदों का कहना है कि हमारे लिए तैयारी के बिना उचित बातचीत करना संभव नहीं है। वहीं, भाजपा सांसदों ने आरोप लगाया है कि विपक्षी सदस्य जानबूझकर समिति के काम में अड़चन डाल रहे हैं।

## राजीव अरोड़ा बोले- अनुशासन और लगन सफलता की कुंजी : यूनिराज एलुमिनी फेडरेशन की ओर से मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। यूनिराज एलुमिनी फेडरेशन की ओर से मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह मंगलवार को जयपुर के सी स्कीम स्थित महावीर पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। यूनिराज एलुमिनी फेडरेशन के संस्थापक चेयरमैन राजीव अरोड़ा और विद्यालय के प्रिंसिपल की अध्यक्षता में स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में खेल और बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में आए करीब 105 विद्यार्थियों को यूनिराज की तरफ से मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। होनहार विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा ने कहा कि अनुशासन और कठिन परिश्रम का विद्यार्थी जीवन में महत्व बार बार दोहराया जाता रहा है, और इनके बिना सफलता प्राप्त करने का कोई विकल्प नहीं है। राजीव अरोड़ा ने गुणवान विद्यार्थी अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि जीवन के हर पड़ाव, हर क्षेत्र में उपलब्धि के सम्मान से आत्म विश्वास में वृद्धि होती है, और यही आत्मविश्वास सुनहरे भविष्य का सोपान होता है। विद्यालय प्रिंसिपल सीमा जैन ने यूनिराज के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. नितिन शारदा भगेरिया, अनिल गोयल और संजय झंवर को पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित इस उत्साह वर्धक कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जयपुर में हेरिटेज निगम ने 6 बिल्डिंगों को किया सीज

## नियमों के विपरीत किया जा रहा था अवैध निर्माण, नोटिस के बाद भी नहीं हटाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार को अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ हेरिटेज नगर निगम ने बड़ा एक्शन लिया। नगर निगम हवामहल जोन की टीम ने 6 अवैध निर्माण को सीज किया। दरअसल, निगम मेयर कुसुम यादव के आदेश के बाद सभी जोन में उपायुक्तों ने अवैध निर्माण को सीज कर ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर निगम हेरिटेज के हवामहल जोन की डिप्टी कमिश्नर सीमा चौधरी ने बताया- अवैध निर्माण के खिलाफ छह जगह सीज की कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। इससे पहले नगर निगम की टीम द्वारा अवैध निर्माण रोकने और हटाने के लिए इन सभी भवन मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे।

निगम के नोटिस के बावजूद जब इन भवन मालिकों ने अवैध निर्माण कार्य जारी रखा। उसके बाद आज सीज की कार्रवाई की गई है। ऐसे में अगर समय रहते इन भवन मालिकों ने अपना अवैध निर्माण नहीं हटाया। नगर निगम द्वारा भविष्य में अवैध निर्माण ध्वस्त भी किया जाएगा।

अवैध निर्माण सीज करने पहुंची निगम की टीम को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा। इस दौरान सतर्कता दस्ते के जवानों ने समझाइश कर मामला शांत करवाया।



अवैध निर्माण सीज करने पहुंची निगम की टीम को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा। इस दौरान सतर्कता दस्ते के जवानों ने समझाइश कर मामला शांत करवाया।

### इन अवैध निर्माण को किया गया सीज

- मकान नंबर 716 बारियों के बाग के सामने चौकड़ी गंगापोल
- मकान बारियों का बाग चौकड़ी गंगापोल
- मकान नंबर 357 लवण गेट के सामने बांदरी का नासिक चौकड़ी गंगापोल
- शानू खान मकान रहमत कॉलोनी दिल्ली बाईपास सड़वा मोड़
- असरार खान मकान रहमत कॉलोनी दिल्ली बाईपास सड़वा मोड़
- फकीरों की डूंगरी ब्रह्मपुरी आमेर रोड पार्क के सामने अवैध निर्माण

*नगर निगम मेयर कुसुम यादव ने कहा- जयपुर शहर में किसी भी तरह के अवैध निर्माण और अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम द्वारा जून स्तर पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में जो भी व्यक्ति अवैध अतिक्रमण या निर्माण करेगा। उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई कर अवैध निर्माण को सीज कर ध्वस्त की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। ताकि ऐतिहासिक जयपुर शहर की खूबसूरती को कोई भी बदरंग नहीं कर सके।*

# सुप्रीम कोर्ट बोला-सरकारें सभी प्राइवेट प्रॉपर्टी पर कब्जा नहीं कर सकतीं

## हर निजी संपत्ति भौतिक संसाधन नहीं; 45 साल पहले दिया अपना ही फैसला पलटा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** क्या सरकार आम लोगों की भलाई के लिए निजी संपत्तियों का संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के तहत अधिग्रहण कर सकती है? इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने मंगलवार को 1978 (45 साल पहले) में दिया गया अपना ही फैसला पलट दिया। सीजेआई की अध्यक्षता वाली 9 जजों की बेंच ने 7:2 के बहुमत वाले फैसले में कहा, हर निजी संपत्ति को सामुदायिक संपत्ति नहीं कह सकते। कुछ खास संपत्तियों को ही सरकार सामुदायिक संसाधन मानकर इनका इस्तेमाल आम लोगों के हित में कर सकती है।

बेंच ने 1978 में दिए जस्टिस कृष्ण अय्यर के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था, सभी निजी संपत्तियों पर राज्य सरकारें कब्जा कर सकती हैं। सीजेआई बोले- पुराना फैसला विशेष आर्थिक, समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। हालांकि राज्य सरकारें उन संसाधनों पर दावा कर सकती हैं जो भौतिक हैं और सार्वजनिक भलाई के लिए समुदाय द्वारा रखे जाते हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस एससी शर्मा और



जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह फैसले पर एकमत थे। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने बहुमत के फैसले से आंशिक रूप से असहमति जताई, जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने 1 मई को इस मामले में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता समेत कई वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### कोर्ट में इस मसले पर 16 याचिकाएं दाखिल हुई थीं


बेंच 16 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 1992 में मुंबई स्थित प्रॉपर्टी ओनर्स एसोसिएशन (पीओए) द्वारा दायर मुख्य याचिका भी शामिल है। पीओए ने महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट एक्ट (एमएचएडीए) अधिनियम के अध्याय 8-ए का विरोध किया है। 1986 में जोड़ा गया यह अध्याय राज्य सरकार को जीर्ण-शीर्ण इमारतों और उनकी जमीन को अधिगृहीत करने का अधिकार देता है, बशर्ते उसके 70% मालिक ऐसा अनुरोध करें। इस संशोधन को प्रॉपर्टी ओनर्स एसोसिएशन की ओर से चुनौती दी गई है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि एमएचएडीए प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 31 सी द्वारा संरक्षित है, जिसे कुछ नीति निदेशक तत्वों को प्रभावी करने वाले कानूनों की रक्षा के इरादे से 1971 के 25 वें संशोधन अधिनियम द्वारा डाला गया था।

### महाराष्ट्र सरकार ने 1986 में संपत्ति अधिग्रहण कानून में बदलाव किया

राज्य सरकार इमारतों की मरम्मत के लिए महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएचएडीए) कानून 1976 के तहत इन मकानों में रहने वाले लोगों पर उपकर लगाता है। इसका भुगतान मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण बोर्ड को किया जाता है, जो इन इमारतों की मरम्मत का काम करता है।

## संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक

### वन नेशन-वन इलेक्शन, वक्फ विधेयक बिल पेश हो सकते हैं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 18वीं लोकसभा का पहला शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। यह जानकारी केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को दी। सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा।

इसमें वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक समेत कई बिल पेश होने के आसार हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव भी पास किया जा सकता है।

18वीं लोकसभा का पहला मानसून सत्र 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चला था। पूरे सत्र में कुल 15 बैठकें हुईं, जो लगभग 115 घंटे तक चलीं थी। सत्र के दौरान सदन की प्रोडक्टिविटी 136% रही।

इसी सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को सदन में केंद्रीय बजट 2024-2025 पेश किया। इस पर कुल 27 घंटे और 19 मिनट तक चर्चा चली, जिसमें 181 सदस्यों ने भाग लिया। सत्र में कुल 65 प्राइवेट मेम्बर बिल भी पेश किए गए थे।

इसके अलावा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि, इस सत्र के दौरान देश के कई हिस्सों में आए लैंडस्लाइड, बाढ़ और जान-माल के नुकसान पर भी चर्चा हुई। साथ ही ओलिंपिक में भारत की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

## शरद पवार का चुनावी राजनीति से संन्यास का संकेत

### बोले- कहीं तो रुकना पड़ेगा; अब चुनाव नहीं लड़ूंगा, नए लोगों को चुनकर आना चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से पहले एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने चुनावी राजनीति से संन्यास के संकेत दिए हैं। पवार ने कहा है कि अब वे चुनाव नहीं लड़ेंगे, हालांकि पार्टी संगठन का काम देखते रहेंगे। यानी एनसीपी चीफ के पद पर काम करते रहेंगे। 84 साल के शरद पवार ने बारामती में मंगलवार को कहा, कहीं तो रुकना ही पड़ेगा।

मुझे अब चुनाव नहीं लड़ना है। अब नए लोगों को आगे आना चाहिए। मैंने अभी तक 14 बार चुनाव लड़ा है। अब मुझे सत्ता नहीं चाहिए। मैं समाज के लिए काम करना चाहता हूं। विचार करूंगा कि राज्यसभा जाना है या नहीं। 1960 में शरद पवार ने राजनीतिक करियर की शुरुआत की 1960 में शरद पवार ने कांग्रेस से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की।

1960 में कांग्रेसी नेता केशवराव जेधे का निधन हुआ और बारामती लोकसभा सीट खाली हो गई। उपचुनाव में पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया यानी पीडब्ल्यूपी ने शरद के बड़े भाई बसंतराव पवार को टिकट दिया, जबकि कांग्रेस ने गुलाबराव जेधे को उम्मीदवार बनाया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# अगर वाजपेयी आज होते तो जम्मू-कश्मीर नहीं बन पाता केंद्र शासित प्रदेश : सीएम उमर अब्दुल्ला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नजरिया अपनाया होता तो जम्मू-कश्मीर की यह हालत नहीं होती। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में श्रद्धांजलि सभा के दौरान अब्दुल्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि वाजपेयी ने ''हमेशा जम्मू-कश्मीर में स्थिति को सुधारने की कोशिश की।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वाजपेयी 1999 में पहली दिल्ली-लाहौर बस से पाकिस्तान गए थे, तो उन्होंने मीनार-ए-पाकिस्तान का दौरा किया था जो 'आसान नहीं 'था।

सदन के नेता अब्दुल्ला ने कहा, ''फिर वह सरहद पर खड़े हो गए और कहा कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। वाजपेयी ने कहा था कि बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने असफलताओं का सामना करने के बावजूद बार-बार दोस्ती का हाथ बढ़ाया।'' अब्दुल्ला ने कहा, ''मैं उन्हें (वाजपेयी को) जानता हूं और उनकी मंत्रिपरिषद के एक मंत्री के रूप में उनके साथ काम किया है। जब हम वाजपेयी को याद करते हैं, तो हम उन्हें जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में याद करते हैं। उन्होंने हमेशा जम्मू-कश्मीर में स्थिति को सुधारने की कोशिश की, उन्होंने तनाव कम करने की कोशिश की।'' अब्दुल्ला ने कहा, ''उन्होंने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के आर - पार के रास्तों को खोलने के लिए काम किया जो बाद में फिर से बंद हो गए। वह लोगों को करीब लाना चाहते थे। उन्होंने नागरिक समाज को करीब लाने की कोशिश की। आज हमें अलग रखने की कोशिश की जा रही है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वाजपेयी का नजरिया अपनाया गया होता तो जम्मू-कश्मीर की ''यह हालत नहीं होती।''

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि उनके जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा, ''मुखर्जी के पास कोई 'गॉडफादर' नहीं था और उन्हें राजनीति में



कोई लेकर नहीं आया था। उन्होंने कड़ी मेहनत की थी।'' उन्होंने कहा कि मुखर्जी ने अपने सभी पदों के साथ न्याय किया। सदन के नेता ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी और उनके पूर्व सहयोगी और भाजपा नेता देवेंद्र सिंह राणा सहित अन्य को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। राणा का पिछले सप्ताह निधन हो गया था। राणा के बारे में उन्होंने कहा, ''अगर किसी सहकर्मी के खोने का मुझे दुख है, तो वह राणा थे। चुनावी प्रतिद्वंद्विता में हमने कड़वी बातें कही थीं। लेकिन, मुझे नहीं पता था कि वह इतने बीमार हैं। अगर मुझे पता होता तो मैंने हमारे संबंधों को सुधारने की कोशिश की होती।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धांजलि देने के लिए तैयार की गई दिवंगत लोगों की सूची में शामिल सभी 56 लोगों ने जनता की सेवा के लिए कुछ न कुछ किया है।